रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपक्षीय पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-60 | कोलकाता, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.

# ईवीएम में मोदी का तो फोटो ही नहीं, वोट नहीं दूंगी

## 19 अप्रैल को पहले फेज की वोटिंग के दौरान राजस्थान में अड़ी बुजुर्ग महिला, पीएम भावुक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर दूसरे चरण का मतदान कल 26 अप्रैल को होना है। दूसरे फेज में 88 लोकसभा सीटों के लिए 1206 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इससे पहले 19 अप्रैल को डाले गए पहले चरण के मतदान में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर लगभग 65.5 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। कहीं बड़े पैमाने पर मतदान हुआ तो कहीं वोटर्स मतदान के लिए घर से बाहर नहीं निकले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 अप्रैल को हुई वोटिंग दौरान की एक रोचक घटना शेयर की है। मामला यूं है कि एक ग्रामीण महिला जब वोट देने बूथ पहुंची तो ईवीएम मशीन में मोदी की फोटो न पाकर हैरान रह गई। उसने बूथ अधिकारियों से साफ-साफ कह दिया कि वह तो मोदी को ही वोट देगी। पीएम मोदी ने किस्सा तो बताया ही साथ ही पार्टी



कार्यकर्ता को नसीहत भी दे दी। घटना राजस्थान के सीकर के पिपरानी गांव में एक पोलिंग बूथ की बताई जा रही है। सीकर लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। घटना के मुताबिक, सुबह 11 बजे एक स्कूल में बूथ पर मतदाताओं की काफी भीड़ थी। इस बीच कुछ ग्रामीण महिलाएं गीत गाते हुए बूथ पर मतदान के लिए पहुंचते हैं। कुछ देर में मतदान केंद्र के अंदर से एक महिला का शोर सुनाई देता है। अंदर जाकर पता लगता है कि एक महिला ने वोट देने से ही इनकार कर दिया क्योंकि उसे ईवीएम मशीन में मोदी की फोटो नहीं दिखी। पीएम नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज द्वारा शेयर अखबार की कटिंग को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। खबर के अनुसार, महिला लगातार कह रही थी कि जब तक उसे मशीन में मोदी की फोटो नहीं दिखेगी वो वोट नहीं देगी।

हो गई तैयारी!

# पहले रामलला के दर्शन फिर करेंगे नामांकन

- अमेठी-रायबरेली से पहले अयोध्या जा सकते हैं राहुल और प्रियंका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेठी और रायबरेली में रैलियां करने से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन कर सकते हैं। राहुल गांधी फिलहाल केरल की वायनाड सीट से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार हैं। वायनाड लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में यानी कल 26 अप्रैल को चुनाव होगा। वायनाड से मौजूदा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का मुकाबला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की नेता एनी राजा से है। वायनाड सीट पर मुकाबला खत्म होने के साथ, अब सभी की निगाहें उत्तर प्रदेश के रायबरेली और अमेठी पर होंगी। इंडिया टुडे ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी के अमेठी और रायबरेली जाने से पहले अयोध्या जाने और राम मंदिर में प्रार्थना करने की संभावना है। बता दें कि कांग्रेस ने अभी तक अपने पुराने 'गढ़' अमेठी और रायबरेली के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। ऐसे में कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि इस बात की प्रबल संभावना है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकते हैं। अमेठी और रायबरेली निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया एक ही दिन, 26 अप्रैल से शुरू होने वाली है।

# इंदिरा की प्रॉपर्टी बचाने राजीव ने कानून बदला, अब राहुल फिर लाना चाहते हैं

## एमपी के मुरैना में प्रधानमंत्री बोले-मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा है

### कहा-कांग्रेस के शहजादे को देश के पीएम को भला-बुरा कहने में मजा आता है

**मुरैना (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी मध्यप्रदेश आए। मोदी ने मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में सभा की। पीएम ने कहा- कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है। मैं टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहा हूं कि इससे लोग दुखी हो रहे हैं। मैं कहता हूं, दुखी न हों क्योंकि नामदार तो कामदार को हमेशा गोली-गलौज करते आए हैं। पीएम ने कहा- देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा- कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी समस्या है। मुरैना के लोग जानते हैं समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो उसे दूर ही रहना चाहिए। मोदी ने कहा जवानों को हमने खुली छूट दी है। हमने कहा एक गोली चलती है तो 10 गोली चलनीं चाहिए। एक गोला चलता है तो 10 तोपें चलनीं




चाहिए। पीएम ने कहा- देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है।

कांग्रेस सरकार में आई तो इंहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। आज पहली बार देश के सामने एक दिलचस्प तथ्य रख रहा हूं। जब देश की पीएम बहन इंदिराजी नहीं रहीं तो उनकी प्रॉपर्टी जो उनकी संतानों को मिलनी थी, लेकिन पहले कानून था कि उनको मिलने से पहले एक हिस्सा सरकार ले लेती थी। तब चर्चा थी कि जब इंदिराजी नहीं रहीं और उनके बेटे राजीव को ये प्रॉपर्टी मिलनी थी तो प्रॉपर्टी को बचाने के लिए उस समय के पीएम राजीव गांधी ने पहले के इंहेरिटेंस कानून को समाप्त किया। वहां मामला निपट गया तो फिर सत्ता पाने के लिए ये लोग वही कानून ज्यादा कड़ाई से वापस लाना चाहते हैं। शहजादे पूरे देश में बढ़-चढ़कर कह रहे हैं आपकी सम्पत्ति का एक्स-रे होगा।

# अरुणाचल में भारी बारिश से भूस्खलन में बहा हाईवे

### चीनी सीमा से सटे जिले से टूटा संपर्क



**ईटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के दिबांग जिले को शेष भारत से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 33 का हिस्सा बह गया है। बीते कई दिनों से लगातार चल रही बारिश से हुए भूस्खलन के चलते हाईवे का यह हिस्स कट कर बह गया। दिबांग घाटी चीन से सटा हुआ इलाका है और रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे का हिस्सा कट जाने से बड़ा नुकसान हुआ है और इससे आवाजाही ठप हो गई है। फिलहाल नेशनल हाईवेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टीम को भेजा है ताकि राजमार्ग की तुरंत रिपेयरिंग की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि मौके पर सभी जरूरी चीजें भेजी गई हैं। मौके पर खाने के सामान समेत तमाम चीजों की आपूर्ति हो रही है और किसी चीज की कमी नहीं है। दरअसल इस हाईवे का कट जाना इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यह जिले के लोगों और सेना के लिए लाइफलाइन है। चीन से लगती सीमा तक पहुंचने के लिए सेना भी इसी हाईवे का इस्तेमाल करती है। राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है और अगले तीन दिनों तक यहां से न गुजरने की सलाह दी है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे की रिपेयरिंग में कुछ दिन लगेंगे।

आईआईटी-जेईई मेन्स के नतीजे जारी

# महाराष्ट्र के नीलकृष्ण बने ऑल इंडिया टॉपर

- रिकॉर्ड 56 स्टूडेंट्स को 100 परसेंटाइल, राजस्थान से 5, जनरल कटऑफ 93.23



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 24 अप्रैल की देर रात तकरीबन 11 बजकर 30 मिनट पर जेईई मेन्स 2024 सेशन 2 का रिजल्ट जारी कर दिया। वे उम्मीदवार जिन्होंने इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए जॉइंट एंट्रेंस टेस्ट मेन्स सेशन-2 दिया था ऑफिशियल वेबसाइट पर अपना स्कोर कार्ड देख सकते हैं। महाराष्ट्र के नीलकृष्ण ने ऑल इंडिया टॉप किया है। वे दो साल से कोटा में तैयारी कर रहे थे। वहीं, महाराष्ट्र के दक्षेस संजय मिश्रा ने दूसरी और हरियाणा के आरव भट्ट ने तीसरी रैंक हासिल की है। इसके अलावा, 100 परसेंटाइल पाने वाले छात्रों में 6 ईडब्ल्यूएस श्रेणी से हैं, जिनमें 4 तेलंगाना व 2 आंध्र प्रदेश के हैं। इस बार अब तक का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे ज्यादा 56 स्टूडेंट्स ने 100 परसेंटाइल हासिल किया। इनमें कर्नाटक की सानवी जैन और दिल्ली की शायना सिन्हा, दो लड़कियां भी शामिल हैं। पिछली बार 43 स्टूडेंट्स ने 100 परसेंटाइल हासिल किया था। तब सिर्फ एक छात्रा को 100 परसेंटाइल मिला था।

# दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के सेकेंड फेज में शुक्रवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोटिंग होगी। पहले इस फेज में 89 सीटों पर वोटिंग होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के दूसरे फेज में 1,198 कैंडीडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,097 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार हैं।



भाजपा-कांग्रेस अध्यक्ष को भेजा नोटिस, 29 अप्रैल तक मांगा जवाब

# पीएम मोदी और राहुल की 'स्पीच' पर ऐक्शन में ईसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के कथित सांप्रदायिक भाषण पर निर्वाचन आयोग ने संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग ने इस मामले में भाजपा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने इस केस में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से जवाब तलब किया है। उन्हें 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब देना होगा। पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा आयोग ने राहुल गांधी के भी एक बयान पर जवाब मांगा है। राहुल गांधी के बयान पर पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जवाब देना होगा। बता दें कि भाजपा ने राहुल गांधी के बयान के खिलाफ और कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी की



शिकायत चुनाव आयोग से की थी। निर्वाचन आयोग ने इस मामले में जनप्रतिनिधित्व कानून के सेक्शन 77 का इस्तेमाल करते हुए स्टार प्रचारकों के विवादित बयानों के लिए पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराया है। इसी के तहत पहला कदम उठाते हुए आयोग ने अध्यक्षों के नाम पर नोटिस जारी किया है और 29 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा।

# पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या, दोस्त गंभीर

**पटना (एजेंसी)।** पटना में बदमाशों ने जदयू नेता सौरभ कुमार (33) की गोली मारकर हत्या कर दी है। सौरभ अपने दोस्त मुनमुन के साथ रात 12 बजे कार से एक शादी के रिसेप्शन से लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार 4 बदमाशों ने करीब 5 राउंड फायरिंग की। सौरभ कुमार के सिर में 2 गोली लगी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जबकि उनके दोस्त मुनमुन कुमार को 3 गोलियां लगी हैं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला पुनपुन थाना क्षेत्र के बढ़िया कॉल गांव का है।

सौरभ कुमार प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम किया करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही पाटलिपुत्र सीट से आरजेडी प्रत्याशी और लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने सौरभ कुमार के परिवार से मुलाकात की। इधर, सरकार ने कहा है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# अखिलेश ने कन्नौज से चौथी बार दाखिल किया नामांकन

- जताया अपनी जीत का भरोसा, सुब्रत पाठक से होगी टक्कर



**कन्नौज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने पर्चा दाखिल किया। लोकसभा चुनाव को लेकर पहले अखिलेश यादव के चुनावी मैदान में न उतरने की घोषणा की गई थी। हालांकि, बाद में कार्यकर्ताओं के दबाव के कारण उन्हें अपने निर्णय को बदलना पड़ा। वे चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। उनकी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुब्रत पाठक से टक्कर होगी। सुब्रत पाठक ने भी गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चौथी बार चुनावी मैदान में कदम रखा है। अखिलेश यादव ने नामांकन दाखिल करने के बाद लोगों का समर्थन मिलने का दावा किया। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि मैं अभी नामांकन करके आ रहा हूं। पार्टी, नेता, कार्यकर्ता और सभी की भावनाएं यह थी कि समाजवादी पार्टी की तरफ से मुझे यहां से चुनाव लड़ाया जाए। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि मुझे यहां से आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंन चौथी बार इस सीट से नामांकन दाखिल किया। भाजपा की ओर से निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने भी नामांकन दाखिल किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि चुनाव में मुकाबला बराबरी का होना चाहिए।

संदेशखाली संकट-

# डर के साए में बीत रहे लोगों के दिन

- टीएमसी के गुंडों और बंगाल पुलिस के डर से छिपते फिर रहे हैं संदेशखाली के लोग, नरक हुई परिवारों की जिंदगी

**कोलकाता** (एजेंसी)। संदेशखाली में पिछले दो महीनों से साधन मैती की रात समान होती है। जैसे ही सूरज रात के आसमान में डूबता है, 52 वर्षीय साधन मैती नटुनपारा में अपनी झोपड़ी से बाहर निकलते हैं। पीछे से उनकी अपनी पत्नी, बहू और दो पोते-पोतियां उन्हें हाथ हिलाकर अलविदा कहते हैं। वह खड़े होकर साधन को देखते हैं और कुछ ही देर में साधन का दुबला-पतला शरीर अंधेरे में गायब हो जाता है। सुबह सूरज की पहली किरण के साथ ही वह वापस अपने घर आ जाते हैं। परिवार के सारे लोग एक साथ घर से कहीं नहीं निकलते। साधन के जाने के बाद उनकी पत्नी घर के सारे खिड़की दरवाजे अच्छे से बंद करती हैं और पति के सुबह लौटने का इंतजार करती हैं। ऐसा हर रोज इसलिए होता है कि उन्हें डर है कि कहीं रात को उनके घर पुलिस, टीएमसी या फिर शेख शाहजहां के गुर्गे आकर उनके घर के पुरुष को पकड़कर न ले जाएं। यह रणनीति डर को लेकर है। परिवार को डर रहता है कि उनके घर पर कोई कभी भी हमला कर सकता है, इसलिए हर समय घर पर लोगों का रहना जरूरी है। घर के पुरुष साधन सुरक्षित रहें इसलिए वह हर रात खेतों में




शरण लेते हैं। वह इस उम्मीद में खेतों में रात गुजारते हैं कि अंधेरे में उसका पता लगाना ज़्यादा मुश्किल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक मैती अकेले नहीं हैं। साल की शुरुआत से ही कोलकाता से 80 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित संदेशखली द्वीप और सुंदरबन डेल्टा हिंसा की चपेट में है। 5 जनवरी को, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में, स्थानीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शेख शाहजहां के घर की तलाशी लेने के लिए गांव पहुंचे थे। संदेशखाली द्वीप पर शेख शाहजहां का लगभग एक दशक से दबदबा है। 45 वर्षीय शेख शाहजहां को संदेशखली के लोग भाई कहते हैं। अधिकारियों पर गुस्साई भीड़ ने हिंसक हमला किया।

# जेल जाने से बचने के लिए केरल सीएम ने किया सरेंडर

- भाजपा से कर लिया है समझौता, राहुल के बाद विजयन पर प्रियंका भी भड़कीं

**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दूसरे चरण का प्रचार शोर जब थम चुका है और 26 अप्रैल को केरल के वायनाड समेत 88 सीटों पर वोटिंग की जानी है। इंडिया गठबंधन में दोस्ती की गांठ एक बार फिर ढीली नजर आ रही है। राहुल गांधी के बाद प्रियंका गांधी भी केरल सीएम पिनाराई विजयन पर भड़की हुई हैं। सीपीआई-एम समर्थक निर्दलीय विधायक ने राहुल गांधी के डीएनए टेस्ट कराने की मांग की थी। जवाब में प्रियंका ने दावा किया कि केरल के सीएम जेल जाने से बचने के लिए भाजपा के साथ समझौता कर चुके हैं। उन्होंने अपने भाई और वायनाड से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के उस बयान का भी समर्थन किया कि तमाम घोटालों में नाम सामने आने के बाद भी नरेंद्र मोदी सरकार विजयन के खिलाफ ऐक्शन नहीं ले रही है। प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी पर लगातार निशाना साधने को लेकर पिनाराई विजयन पर तीखा हमला बोला। केरल में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत कल 26 अप्रैल को होने वाले मतदान होना है।



## लोकसभा चुनाव 2024: पुरुलिया में कांग्रेस के लिए वोट मांगने उतरी सीपीएम, नेताजी की पार्टी के खिलाफ उतरी

**कोलकाता,एजेन्सी।** वे लगभग पांच दशकों तक सुख-दुख में एक साथ रहे, 1977 से 2011 तक पश्चिम बंगाल पर शासन किया और फिर तृणमूल कांग्रेस को सत्ता सौंपने के बाद से पिछले 13 वर्षों में संबंधित पार्टी संगठनों के अस्तित्व और पुनरुद्धार के लिए संघर्ष किया। लेकिन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और ऑल-इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक (एआईएफबी) - नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा स्थापित पार्टी - के बीच 47 साल पुराना गठबंधन अब न केवल पश्चिम बंगाल में तनाव में आ गया है, बल्कि तनाव में भी पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल के कम से कम एक संसदीय क्षेत्र - पुरुलिया में एक ब्रेकिंग पॉइंट। सीपीआई (एम) ने - 1977 के बाद पहली बार - एआईएफबी के उम्मीदवार धीरेंद्र नाथ महतो के खिलाफ प्रचार करने और कांग्रेस के नेपाल महतो के लिए वोट मांगने के लिए पुरुलिया में अपनी पार्टी मशीनरी तैनात की।

हालाँकि, धीरेंद्र इससे अप्रभावित रहे और उन्होंने जोर देकर कहा कि वाम मोर्चा और कांग्रेस के बीच जो कुछ भी हुआ वह गठबंधन नहीं था, बल्कि केवल एक समझौता था। उन्होंने तर्क दिया कि सीपीआई (एम) ने कांग्रेस के साथ बातचीत की थी, लेकिन वाम मोर्चे का कोई अन्य घटक इस समझ को विकसित करने में शामिल नहीं था। हालाँकि, सीपीआई (एम) ने तर्क दिया कि भाजपा से लड़ने और देश को भगवा पार्टी के कुशासन और विभाजनकारी नीतियों से बचाने के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन आवश्यक था।

अपना अस्तित्व दांव पर लगाते हुए, सीपीआई (एम) पश्चिम बंगाल में पुनरुत्थान के लिए कांग्रेस के साथ अपने गठबंधन पर भरोसा कर रही है। हालाँकि जनवरी 1977 में छह अन्य वामपंथी दलों के साथ मिलकर गठित वाम मोर्चे के अधिकांश सहयोगियों ने कांग्रेस के साथ इसके गठबंधन को स्वीकार कर लिया है, लेकिन एआईएफबी लगातार इसका विरोध कर रहा है। एआईएफबी ने राज्य के बारासात, कूच बिहार और पुरुलिया संसदीय क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारने पर जोर दिया। सीपीआई (एम) और कांग्रेस एआईएफबी के लिए बारासात लोकसभा क्षेत्र छोड़ने पर सहमत हुए। लेकिन सीपीआई (एम) एआईएफबी के उम्मीदवार के समर्थन में कूच बिहार से कांग्रेस को अपना उम्मीदवार वापस लेने में विफल रही। यह कांग्रेस के उम्मीदवार के लाभ के लिए एआईएफबी को पुरुलिया से अपना उम्मीदवार वापस लेने में भी विफल रहा। सीपीआई (एम) ने कूच बिहार में एआईएफबी के उम्मीदवार और पुरुलिया में कांग्रेस के उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया। एआईएफबी की जड़ें फॉरवर्ड ब्लॉक से जुड़ी हैं, जो 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के भीतर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में एक इकाई के रूप में उभरी। बाद में यह 1947 में आजादी के बाद एक स्वतंत्र राजनीतिक दल में बदल गई। हालाँकि एक समय संसद में इसके प्रतिनिधियों के रूप में न केवल पश्चिम बंगाल से बल्कि अन्य राज्यों से भी कई दिग्गज थे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एआईएफबी का राजनीतिक दबदबा कम होता जा रहा है। इसका वोट शेयर 2004 में 0.35त्न से गिरकर 2019 के लोकसभा चुनावों में 0.05त्न और 2011 में 4.80त्न से घटकर 2021 राज्य विधानसभा चुनावों में 0.53त्न हो गया। अब राज्य में इसके कुछ ही पंचायत सदस्य हैं।

अपने खिलाफ सीपीआई (एम) के अभियान के बावजूद, धीरेंद्र चित्त महार्तो और बीर सिंह महतो जैसे एआईएफबी नेताओं की राजनीतिक विरासत पर भरोसा कर रहे हैं, जिन्होंने 1977 और 2014 के बीच लोकसभा में पुरुलिया का प्रतिनिधित्व किया था।

कांग्रेस पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 14 पर चुनाव लड़ रही है, जबकि सीपीआई (एम) ने 23 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं। सीपीआई (एम) की सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) क्रमशः दो और तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं।

कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में दिक्कतों के बावजूद, कांग्रेस और सीपीआई (एम) नेता गठबंधन को सफल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डब्ल्यूबीपीसीसी) के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने हाल ही में सीपीआई (एम) के दिग्गज नेता और वाम मोर्चा के अध्यक्ष बिमान बोस के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया था - जो राजनीतिक इतिहास में दोनों पक्षों द्वारा उठाया गया पहला कदम था। पश्चिम बंगाल का. चौधरी सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम के साथ भी थे जब वह मुर्शिदाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल करने गए थे। सीपीआई (एम) ने भी बुधवार को प्रतिक्रिया व्यक्त की और अपने तेजतर्रार युवा विंग प्रमुख मिनाक्षी मुखर्जी को चौधरी के साथ भेजा जब उन्होंने बहरामपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।

## सीएम ने राजनाथ पर साधा निशाना,अपनी कुर्सी बचाने के लिए मोदी को सलाम कर रहे

**कोलकाता,एजेन्सी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इस बात पर आलोचना की कि दुनिया में कोई भी सीएए के कार्यान्वयन को नहीं रोक सकता। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि सिंह अब पीएम नरेंद्र मोदी के पक्ष पर निर्भर दिखाई दे रहे हैं। आप मोदी की दया पर जीवित हैं। आप अपनी कुर्सी बचाने के लिए रोज मोदी को सलाम कर रहे हो. आप या नितिन गडकरी आज पीएम हो सकते थे. कोई समस्या नहीं होती... कम से कम कुर्सी पर एक सज्जन व्यक्ति होता जो न्यूनतम शिष्टाचार जानता होता, उन्होंने दुर्गापुर-बर्धमान लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार कीर्ति आज़ाद के लिए एक चुनावी रैली में बोलते हुए कहा। सिंह ने रविवार को मुर्शिदाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि दुनिया की कोई भी ताकत नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन को नहीं रोक पाएगी। बीरभूम जिले के आउसग्राम में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए, टीएमसी सुप्रीमो ने यह भी कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय भाजपा के लिए तीर्थ केंद्र बन गया है।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) 2016 के माध्यम से की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द कर दी। बनर्जी ने कहा कि हाल के अदालती आदेश के कारण उनकी सरकार राज्य के युवाओं को नौकरी नहीं दे पा रही है। भाजपा के पास राज्य सरकार के खिलाफ उच्च न्यायालय जाने के अलावा कोई अन्य काम नहीं है। उन्होंने स्कूल शिक्षकों की नौकरियां छीन ली हैं. ये 26,000 युवा कहां जाएंगे? क्या पश्चिम बंगाल में स्कूल बंद रहेंगे? मेरे पास करीब 10 लाख नौकरियां खाली हैं लेकिन कोर्ट के आदेश के कारण मैं इन्हें युवाओं को नहीं दे सकता. वह वही कर रही है जो भाजपा कह रही है।

मैं किसी विभाग की भर्ती प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करता। हर बात में मेरी कोई राय नहीं है. लेकिन कोर्ट बीजेपी के लिए तीर्थ केंद्र बन गया है. अपराधियों और हत्या के आरोपियों को जमानत दी जा रही है. क्या ये भी कोई कानून है? मैं जजों के बारे में बात नहीं करूंगा लेकिन मुझे फैसलों के बारे में बात करने का पूरा अधिकार है। अगर खामियां हैं तो उनकी जांच की जाएगी लेकिन 26 हजार नौकरियां कैसे रद्द कर दी गईं? क्या यह मजाक जैसा लग रहा है?

# चुनाव आयोग ने धमकी वाले भाषण के लिए टीएमसी विधायक हमीदुल रहमान को नोटिस जारी किया

**कोलकाता,एजेन्सी।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले कथित तौर पर मतदाताओं को डराने-धमकाने के लिए तृणमूल कांग्रेस विधायक हमीदुल रहमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**वह चोपड़ा के विधायक हैं जो दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र में है।**

17 अप्रैल को दार्जिलिंग के तृणमूल उम्मीदवार गोपाल लामा के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए रहमान ने कहा था- चुनाव के बाद केंद्रीय बल वहां नहीं होंगे। लेकिन हमारी सेनाएं वहां मौजूद रहेंगी. अगर कोई तृणमूल को वोट नहीं देता है और बाद में किसी समस्या का सामना करता है और मेरे पास आता है, तो मैं हस्तक्षेप नहीं करूंगा। बेहतर होगा कि लोग अपना वोट बर्बाद न करें और हमारा समर्थन करें।




चोपड़ा में पिछले साल पंचायत चुनाव से पहले हिंसा भड़क गई थी. नामांकन जमा करने के लिए मार्च निकालने पर सीपीएम उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं पर गोलियां चलाई गईं और बम फेंके गए।

गोलीबारी में एक सीपीएम कार्यकर्ता की मौत हो गई.

रहमान के भाषण का वीडियो प्रसारित होने के बाद, भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई।

तृणमूल निश्चित रूप से सीट हार जाएगी। इसीलिए विधायक धमकी पर उतर आये हैं. आइए यह स्पष्ट करें कि पंचायत चुनावों की तरह, हम इस बार टीएमसी को वोट लूटने नहीं देंगे, उत्तर दिनाजपुर जिले के भाजपा अध्यक्ष बासुदेब सरकार ने कहा।

चुनाव आयोग ने मंगलवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और विधायक को गुरुवार शाम 5 बजे तक जवाब देने को कहा गया।

रहमान ने अपने भाषण में यह भी कहा था कि तृणमूल नेताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बूथ पर पार्टी को 90 फीसदी वोट मिले। वरना, संबंधित पंचायत सदस्यों को कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, उन्होंने कहा था। कारण बताओ कारण पर प्रतिक्रिया के लिए रहमान से इस समाचार पत्र द्वारा संपर्क नहीं किया जा सका। उन्हें किए गए फ़ोन कॉल का उत्तर नहीं दिया गया.

जिला तृणमूल प्रमुख कनैयालाल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा ने विधायक की टिप्पणियों की गलत व्याख्या की है। उनके कहने का मतलब यह था कि भले ही चुनाव के बाद केंद्रीय बल चले जाएंगे, लेकिन हमारी पार्टी के कार्यकर्ता लोगों के साथ रहेंगे। उन्होंने मतदाताओं को डराया-धमकाया नहीं है. बीजेपी उनके भाषण को तोड़-मरोड़कर पेश करने की कोशिश कर रही है और उसने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी दर्ज करायी है. विधायक शोकेस का जवाब देंगे, अग्रवाला ने कहा।

## अधिकतम तापमान 40एसेल्सियस के पार, महीने के अंत तक लू चलेगी

**कोलकाता,एजेन्सी।** दो दिन के विराम के बाद, कोलकाता में अधिकतम तापमान बुधवार को फिर से 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया, जिससे शहर गर्म हो गया। मौसम कार्यालय ने चेतावनी दी है कि अगले दो-तीन दिनों के भीतर तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की भविष्यवाणी के साथ स्थिति और खराब हो सकती है। उस स्थिति में, अप्रैल में शहर का अधिकतम तापमान पांच दशकों में सबसे अधिक होगा। लू का प्रकोप कम से कम महीने के अंत तक बने रहने का अनुमान है। बुधवार को अलीपुर का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. सामान्य से पांच डिग्री ऊपर, यह इस गर्मी में शहर में दर्ज किया गया दूसरा सबसे अधिक अधिकतम तापमान था। कोलकाता इस महीने में दूसरी बार लू की स्थिति में है। इस महीने के अंत तक अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार करने और लगभग 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। हमें फिलहाल लू की स्थिति से कोई



राहत नहीं दिख रही है। , क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) कोलकाता के वैज्ञानिक सौरीश बंद्योपाध्याय ने कहा। बंद्योपाध्याय ने कहा, पिछले 50 वर्षों में कोलकाता में अप्रैल में सबसे अधिक तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस है, जो 25 अप्रैल 1980 को दर्ज किया गया था। शहर में अब तक का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस 1 जून,1924 को दर्ज किया गया था। शहर पिछले दो सप्ताह से भीषण गर्मी की चपेट में है। 19 अप्रैल को पारा 40.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अगले दो दिनों तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने से शहर लू की चपेट में था। पिछले दो दिनों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। लेकिन बादल छंटने के साथ बुधवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।

हालांकि हम अगले कुछ दिनों में कुछ बादल देख सकते हैं, लेकिन शहर को चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए बादलों की मात्रा बहुत कम होगी। वर्तमान में ऐसी कोई प्रणाली नहीं है जो पारा वृद्धि को रोक सके। इसलिए, शहर में प्रवेश हो सकता है बंद्योपाध्याय ने कहा, यह सबसे लंबे समय तक चलने वाली गर्मी का दौर है। बुधवार को चौथी बार अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। अप्रैल 2023 में, पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था या पांच दिनों में इसे पार कर गया था, 14 अप्रैल को उच्चतम 41 डिग्री सेल्सियस था। कोलकाता के अलावा, बंगाल में जिन स्थानों पर बुधवार को भीषण गर्मी की सूचना मिली, उनमें बैरकपुर, उलुबेरिया, डायमंड हार्बर, मिदनापुर, मालदा, बालुरघाट, पानागरा, सूरी, कैनिंग और बर्दवान शामिल हैं। सबसे अधिक अधिकतम तापमान पानागढ़ में 42.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद मिदनापुर में 42.5 डिग्री सेल्सियस और सूरी में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब तक, ज्यादातर दक्षिण बंगाल के जिले हीटवेव से प्रभावित हुए हैं। मौसम कार्यालय ने दक्षिण और उत्तरी दिनाजपुर को लू की स्थिति के बारे में सचेत किया है और मालदा पहले से ही लू की चपेट में है।

## बंगाल स्कूल नौकरियों पर फैसला घोर अन्याय: ममता बनर्जी



**कोलकाता,एजेन्सी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को 25,000 से अधिक स्कूली नौकरियों को रद्द करने को घोर अन्याय करार दिया और आरोप लगाया कि यह इन नौकरी खोने वालों को चुनाव ड्यूटी में तैनात होने से रोकने के लिए भाजपा की एक चाल थी।

पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आश्चर्य जताया कि इतने सारे शिक्षकों के बेरोजगार होने के बाद भी स्कूल कैसे चल सकते हैं।

इस सप्ताह की शुरुआत में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया को अमान्य और शून्य घोषित कर दिया था, इसके माध्यम से की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया था।

अगर किसी ने गलती की है, तो उसे सुधारा जा सकता है, लेकिन 25,000 नौकरियां छीनना घोर अन्याय है। अगर इतने सारे शिक्षक नौकरी से बाहर हो जाएंगे, तो स्कूल कैसे चलेंगे? यह भाजपा की एक चाल है। मैं न्यायपालिका का सम्मान करता हूं लेकिन जो हुआ वह घोर अन्याय है।

उन्होंने कहा, इतनी सारी नौकरियां छीन ली गई हैं ताकि इन नौकरी खोने वालों को चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी में तैनात नहीं किया जा सके और केंद्र सरकार के कर्मचारियों को लगाया जा सके, जो भगवा खेमे के इशारे पर काम करेंगे।

## केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बंगाल के संदेशखाली मामले में पहली एफआईआर दर्ज की

**कोलकाता,एजेन्सी।** अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन हड़पने और वहां के पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित पहला मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि मामला भूमि विवाद से जुड़ा है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को इलाके के प्रभावशाली लोगों द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अभी तक पांचों आरोपियों और पीड़ितों की पहचान उजागर नहीं की है. कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 10 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के संदेशखली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का




आदेश दिया था और कहा था कि न्याय और निष्पक्षता के हित में निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।

सीबीआई ने ऐसे मामलों में शिकायत करने के लिए लोगों के लिए एक ईमेल आईडी प्रसारित की थी जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हुई थीं। एजेंसी ने आरोपों का पता लगाने और मामलों के पंजीकरण के लिए आगे बढ़ने के लिए संदेशखाली में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके।

क्षेत्र में एक क्षेत्रीय दौरे के दौरान प्रारंभिक सत्यापन के बाद, सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा उसे सौंपी गई जमीन पर कब्जा करने और महिलाओं पर हमले के ऐसे आरोपों में पहली एफआईआर दर्ज की है।

उच्च न्यायालय ने राजस्व अभिलेखों का गहन निरीक्षण और कथित रूप से परिवर्तित की गई भूमि का भौतिक निरीक्षण करने के बाद मछली पालन के लिए कृषि भूमि को जल निकायों में कथित अवैध रूपांतरण पर एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया था। केंद्रीय एजेंसी को संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन पर कब्जा करने के आरोपों की जांच करने और 2 मई को सुनवाई की अगली तारीख पर एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है।

## नागरिक निकाय, नेताजी नगर में भरे तालाब को फिर से बनाना शुरू किया

**कोलकाता,एजेन्सी।** कोलकाता नगर निगम ने बुधवार को नेताजी नगर क्षेत्र में जोरबागन लोटस पार्क में एक बड़े तालाब का पुनरुद्धार और जीर्णोद्धार शुरू कर दिया। यह जलाशय धीरे-धीरे भरता जा रहा था। शहर के मौजूदा जल निकायों के चल रहे सर्वेक्षण के दौरान, केएमसी पर्यावरण विभाग ने इस तालाब को देखा और इसे बहाल करने का फैसला किया। तदनुसार, नागरिक अधिकारियों ने पुलिस को सतर्क कर दिया और तालाब को पुनः प्राप्त करने में नेताजी नगर पुलिस स्टेशन से सहायता मांगी। दरअसल, मोहल्लेवासियों ने नगर निगम की टीम का अभिनंदन किया और तालाब की खुदाई में सहयोग दिया. सत्तर साल के बुजुर्ग और लोटस पार्क के निवासी समीर धर के अनुसार, तालाब को बचाने का आंदोलन एक दशक से भी अधिक समय पहले शुरू हुआ था। हम असहाय होकर तालाब को भरने की एक योजनाबद्ध पहल को



देख रहे थे और भूमि शार्क से इसे बचाने की हताशा में हमने एक दशक पहले एक आंदोलन शुरू करने का फैसला किया था। हमने कई मौकों पर नागरिक अधिकारियों, पुलिस और स्थानीय जन प्रतिनिधियों को लिखा था। लेकिन भराई का काम बदस्तूर जारी रहा. अब हमें आशा की किरणें दिखाई दे रही हैं क्योंकि केएमसी ने तालाब को पुनः प्राप्त करना शुरू कर दिया है, धर ने कहा। भरे हुए जलाशय के सामने रहने वाले वरिष्ठ नागरिक स्वरूप चौधरी को तालाब से बहुत अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। तालाब का मेरे लिए भावनात्मक महत्व है क्योंकि यह वह स्थान है जहाँ मैंने एक लड़के के रूप में तैराकी सीखी थी। मुझे तालाब को भू-शार्कों द्वारा हड़पते हुए देखकर दुख होता है। अब मुझे राहत महसूस हो रही है कि संभावना है कि तालाब के कुछ हिस्सों को उसके मूल स्वरूप में बहाल कर दिया जाएगा, चौधरी ने कहा। केएमसी पर्यावरण विभाग के एक अधिकारी ने कहा, तालाब का लगभग आधा हिस्सा पहले ही भर चुका है और एक संरचना बन गई है। हमारा पहला और सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य तालाब का जीर्णोद्धार करना है। तब हमें अवैध रूप से निर्मित संरचना को नष्ट करने की आवश्यकता हो सकती है,

## अस्पतालों में गर्मी का एहसास, नियोजित ऑपरेशन स्थगित

**कोलकाता,एजेन्सी।** चल रही गर्मी के कारण कई लोगों ने अपनी नियोजित सर्जरी टाल दी है। जबकि चरम गर्मियों में आमतौर पर प्रक्रियाओं की संख्या में गिरावट देखी जाती है, क्योंकि मरीज़ और उनके परिवार मौसम में सुधार होने तक इंतजार करना पसंद करते हैं, लगातार चिलचिलाती बारिश, जिसके कारण अधिकतम तापमान अक्सर 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ जाता है, ने बाढ़ की स्थिति पैदा कर दी है। कुछ अस्पतालों में ऑपरेशन रद्द। सर्जनों ने चेतावनी दी है कि महत्वपूर्ण सर्जरी को टालना जोखिम भरा हो सकता है। एएमआरआई अस्पतालों में, पिछले दो हफ्तों में वैकल्पिक सर्जरी, विशेष रूप से सामान्य और आर्थोपेडिक, जो आपातकालीन नहीं हैं, लगभग 25त्न कम हो गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, सबसे संभावित कारण चल रही लू है। यहां तक कि गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, डेंटल और अन्य सर्जरी जिन्हें कुछ हफ़्ते के लिए पुनर्निर्धारित किया जा सकता था, स्थगित की जा रही हैं। इनमें से



अधिकांश मरीज़ कोलकाता, पड़ोसी जिलों, बंगाल के पश्चिमी जिलों और कुछ झारखंड और बिहार से हैं, एएमआरआई के एक प्रतिनिधि ने कहा।

पीयरलेस हॉस्पिटल के सीईओ सुदीप्त मित्रा के अनुसार, गर्मी और चुनाव के संयुक्त प्रभाव के कारण पीयरलेस हॉस्पिटल में ऑक्यूपेंसी में 30त्न की गिरावट आई है। परिणामस्वरूप, अगले पखवाड़े में सर्जरी में भी तेजी से गिरावट आने की संभावना है। चूंकि ओपीडी में मरीजों की संख्या में भी गिरावट आई है, इसलिए सर्जरी में भी कमी आएगी। अब तक, हमने कोई गिरावट नहीं देखी है, लेकिन यह जल्द ही होगी। चुनाव ख़त्म होने तक संख्या बढ़ने की संभावना नहीं है. हमारे पास पूरे दक्षिण बंगाल से बड़ी संख्या में सर्जिकल मरीज़ आते हैं, जो अगले तीन से चार चरणों के दौरान मतदान करेंगे, मित्रा ने कहा। चार्नॉक अस्पताल में, भीषण गर्मी से बचने के इच्छुक मरीजों के अनुरोध पर विभिन्न विभागों में सर्जरी को स्थगित किया जा रहा है। इसमें आर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग और सामान्य सर्जरी, संयुक्त प्रतिस्थापन का हिस्सा, स्त्री रोग संबंधी प्रक्रियाएं और पित्त पथरी या प्रोस्टेट हटाने की सर्जरी शामिल हैं।

चार्नॉक के एमडी प्रशांत शर्मा ने कहा कि मरीज के बेटे के अनुरोध पर इस सप्ताह चार्नॉक में निर्धारित हृदय बाईपास सर्जरी को स्थगित कर दिया गया था, जिसने इतने उच्च तापमान में यात्रा से जुड़े संभावित स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में चिंताओं का हवाला दिया था। वह डर गया था कि मौसम उसके पिता की हालत खराब कर सकता है। वर्तमान में, उनकी दवा चल रही है, हमारे कार्डियोथोरेसिक सर्जन टेलीमेडिसिन के माध्यम से उनके उपचार की देखरेख कर रहे हैं, जब तक कि सर्जरी को पुनर्निर्धारित नहीं किया जा सकता, शर्मा ने कहा। उन्होंने कहा कि हालांकि नियोजित सर्जरी को स्थगित किया जा रहा है, लेकिन सिजेरियन सेक्शन सहित आवश्यक जीवन रक्षक प्रक्रियाएं और प्रसव जारी रहेंगे। बीपी पोद्दार अस्पताल में बड़ी संख्या में ऑपरेटिव केस के मरीज गर्मी के कारण अपनी सर्जरी की तारीखें टालने का अनुरोध कर रहे हैं।

अनुरोध प्रतिशत लगभग 35 है। अधिकांश घुटने या कूल्हे के प्रतिस्थापन हैं जहां देरी का सापेक्ष जोखिम लगभग शून्य है। हम अनावश्यक देरी से बचने के लिए मरीजों को परामर्श दे रहे हैं जिससे अप्रिय जटिलताएं हो सकती हैं। बहुत से लोग बढ़े हुए प्रोस्टेट को यह सोचकर नजरअंदाज कर देते हैं कि इसका विकास बहुत धीमा है। लेकिन सौम्य वृद्धि घातक हो सकती है, जिससे प्रोस्टेट कैंसर हो सकता है, बीपी पोद्दार अस्पताल के समूह सलाहकार सुप्रियो चक्रवर्ती ने कहा। डॉक्टरों ने बताया कि गर्भाशय फाइब्रॉएड या हिस्टेरेक्टॉमी को हटाने के लिए सर्जरी में देरी करने से फाइब्रॉएड कैंसर बन सकता है, जिससे गर्भाशय या गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर हो सकता है। चक्रवर्ती ने कहा, एक बार जब मरीज़ इन जोखिमों को समझ जाते हैं, तो वे सुविधाजनक तारीख पर अपनी सर्जरी को पुनर्निर्धारित करने के लिए सहमत हो जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो अलग-अलग जगहों से दो अपराधी गिरफ्तार छापेमारी में पिस्टल-कट्टा और कारतूस बरामद

**अररिया , एजेंसी।** अररिया पुलिस ने भरगामा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में भरगामा पुलिस ने मौजहा गांव में छापेमारी कर एक पिस्टल और 16 कारतूस, एक मोबाइल बरामद करते हुए रवि भूषण यादव को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी तरफ फरार अपराधी को भरगामा थाना पुलिस ने अकरथापा से एक लोडेड कट्टा व 2 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी अकरथापा निवासी मो. सद्दाम है।अररिया एसपी कार्यालय से बुधवार देर रात 10ः30 बजे मामले की जानकारी दी गई। फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में भरगामा पुलिस ने मौजहा गांव में छापेमारी की। यूएसए निर्मित एक पिस्टल व 16 पीस कारतूस, एक मोबाइल बरामद किया। मो. सद्दाम के साथ बैठा एक और आरोपी पुलिस को देखकर भाग गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का पुराना इतिहास रहा है।थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अपने घर के आगे मचान पर बैठा था। पुलिस को देखते ही भागने लगा जिसे खदेड़कर पकड़ा गया। अभियुक्त पुलिस के साथ हाथापाई करने लगा।

### टोल कर्मी को पिस्टल दिखाने के मामले में एफआईआर दर्ज

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में टोल टैक्स कर्मी को पिस्टल सटा कर धमकी देने की मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज के अधार पर कार सवार व्यक्ति की पहचान की जा रही है। जांच में पता चला है की फास्ट टैग के माध्यम से टॉल भुगतान हुआ है, जिसके जरिए पुलिस बदमाश की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने में जुट गई है। पुलिस ने बताया की प्रारंभिक जांच में मामला सत्य पाया गया है। उसके अनुसार हमलोग करवाई कर रहे है। जल्दी ही आरोपी की गिरफ्तार किया जाएगा। दरअसल, मुजफ्फरपुर में 23 अप्रैल को टोल प्लाजा पर कार सवार बदमाशों ने टोल टैक्स मांगने पर टोल कर्मी को पिस्टल सटाकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद टोल प्लाजा कर्मियो में दहशत का माहौल हो गया पूरे मामले को सीसीटीवी वीडियो के साथ टोल कर्मी ने पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज करवाया, जिसमे टोल प्लाजा के प्रबंधक ओम प्रताप सिंह ने टोल प्लाजा पर एक हुंडई कार सवार व्यक्ति को ड्यूटी में तैनात टोल कर्मी नीरज कुमार गुप्ता द्वारा टोल भुगतान करने को कहा गया, जवाब में गाड़ी में सवार व्यक्ति द्वारा टोल का भुगतान नहीं करने की बात कहते हुए टोल कर्मी के साथ गाली-गलौज करने लगा और कमर से पिस्टल निकालकर टोल कर्मी के सीने में सटाते हुए जान से मारने की धमकी देकर फास्टैग द्वारा टोल भुगतान किया फिर चला गया।

### चार मई से होगी मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा, एग्जाम के लिए बने 6 केंद्र

**सीतामढ़ी , एजेंसी।** सीतामढ़ी जिले में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की संचालित होने वाली मैट्रिक की कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा 2024 की तैयारी शुरू हो गई है। 4 मई से परीक्षा होगी। इसको लेकर जिला प्रशासन के अनुशंसा पर बोर्ड ने कुल 6 केन्द्र बनाए हैं। इन केन्द्रों पर जिले से करीब 1518 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों में नगर स्थित नगरपालिका मिडिल स्कूल भवदेपुर, माड़वाड़ी मिडिल स्कूल सीतामढ़ी, ओरियंटल मिडिल स्कूल, मिडिल स्कूल सिमरा, मिडिल स्कूल मुरादपुर डुमरा, मिडिल स्कूल रामपुर परोड़ी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों के लिए केन्द्राधीक्षक नियुक्त करने का प्रस्ताव बोर्ड को भेजा जा चुका है। डीईओ प्रमोद कुमार साहु ने संबंधित केन्द्रों का मुआयना कर परीक्षार्थियों की संख्या के अनुरूप परीक्षा संचालन की आवश्यक तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। डीईओ के अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9ः30 बजे से 12ः45 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा दो बजे से 5ः15 बजे तक संचालित होगी। प्रत्येक पाली में परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र को पढ़ने-समझने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए पूर्व की तरह गणित के स्थान पर गृह विज्ञान और विज्ञान के स्थान पर संगीत विषय की परीक्षा पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर पूर्ववत ली जाएगी।

# बिहार के इस गांव में हाहाकार, पानी का लेवल गया दो सौ फीट नीचे



**शेरघाटी, एजेंसी।** बढ़ती गर्मी की तपीश के साथ गांव में पेयजल संकट गहराने लगा है। चांपी पंचायत के छोटकी चांपी टोला थेवई पर 13 लाख 95 हजार 200 रुपये की लागत से लगाया गया नल जल योजना शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। आहर के निकट लगाया गया नल जल योजना पिछले 6 माह से अधिक समय से बंद रहने की बात बताई जाती है।

टोला के श्यामजीत मंडल, वरुण कुमार बताते हैं कि टोले के 50 घर के लोग एक चापाकल के सहारे नहाने, धोने, खुद और जानवर को पानी पिलाने तक काम कर रहे हैं। बुजुर्ग रामस्वरूप मांझी कहते हैं कि 5 हजार लीटर क्षमता वाला पानी टंकी लगा हुआ था। मोटर जले रहने के कारण टंकी खाली पड़ा हुआ था। लगभग 6 माह पहले अचानक तेज आंधी तूफान आया जिसमें टंकी उड़कर नीचे चला आया। जिससे टंकी फटकर बरबाद हो गया।

उसी समय से उक्त टोले का नल जल बंद है। वार्ड 3 के लोगों ने कई बार इसकी जानकारी मुखिया, वार्ड सदस्य और अधिकारियों को दिया। लेकिन योजना चालू नहीं किया गया।

गांव की मानती देवी, कुंती देवी आदि महिलाओं ने कहा कि हमलोग एक साल से पानी के कि किल्लत झेल रहे हैं। बहु बेटी को खुले में जाकर बधार में स्नान करना पड़ रहा है। दूर जाकर बधार से पानी ला रहे हैं। जब कभी किसान की गाली भी सुनना पड़ रहा है।

महिलाओं ने कहा कि नेता आश्वासन दिए कि वोट दीजिए पानी टंकी चालू करवा देंगे। अब वोट भी दे दिए। लेकिन कोई पूछने वाला नहीं आ रहा है। हम लोग इंतजार ही कर रहे हैं। संभावना है इस बार फिर नेता लोग वोट लेकर धोखा देगा। ग्रामीणों ने कहा कि इससे बढ़िया था कि कम से कम दो चापाकल लग जाता तो पानी के लिए नंबर नहीं लगाना पड़ता।

चांपी पंचायत के मुखिया पप्पु पासवान ने कहा कि चापाकल मरम्मती दल आया था। नीमा, जमुआईन में तीन चापाकल बनाया गया है। लेकिन आधा दर्जन चापाकल आज भी खराब है। पीएचईडी के कनीय अभियंता से बात हुई है। पुनः दो दिन में आकर मरम्मत किए जाने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि नीमा वार्ड नंबर 10 का पाइप फट गया है जिसे तत्काल बदलने की जरूरत है।मुखिया ने बताया कि पंचायत के रानीचक, मुर्गिया टाड़, संघम टांड, चांपी वार्ड 9 में दो सार्वजनिक चापाकल जलस्तर भागने से बंद हो गया है। नीमा गांव के बिगन यादव सूखे कुआं को दिखाते हुए कहते हैं कि जब से गांव में बोरिंग हुआ। सब कुआं सुख जाता है। केवल बरसात में ही पानी रहता है। कुआं रहने पर सिंचाई के साथ जानवर आदि को धोने नहाने से लेकर पानी पीने तक का काम होता था।

जल स्तर भागने से दो सौ फीट पर पानी मिल रहा है। अब बोरिंग कराने में लाखों रुपए खर्चा है। जो निजी तौर पर शायद ही कोई करा पा रहा है।

# आपसी विवाद हिंदू जागरण मंच के जिला संपर्क प्रमुख को मारी गोली

**आरा(भोजपुर) , एजेंसी।** भोजपुर जिले के नवादा और गजराजगंज ओपी क्षेत्र के सीमावर्तीय इलाके के बैजू नगर गांव में की रात पहले के विवाद को लेकर हथियारबंद बदमाशों ने हिंदू जागरण मंच के जिला संपर्क प्रमुख को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ में बांह पर लगी है, जो आरपार हो गई है। गोली लगने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।साथियों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार जख्मी नवादा थाना क्षेत्र के न्यू पुलिस लाइन कश्यप नगर मोहल्ला निवासी राम प्रवेश पांडेय का बेटा पवन सत्यार्थी (24) है। वह पेशे से चाय दुकानदार है और चंदवा मोड़ पर चाय का दुकान चलाता है। घटना को लेकर आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा एवं नवादा थानाध्यक्ष कमल जीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

इधर,पवन सत्यार्थी ने बताया कि रामनवमी के समय एक पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और सिंगर से मामूली विवाद हुआ। इसके अलावा उसने बताया कि चंदवा मोड़ पर उसका चाय का दुकान है, जहां पर दुकान का एक रेगुलर कस्टमर द्वारा उसके स्टाफ को भी मारने-पीटने को लेकर धमकाया था। जब उसने इसका विरोध किया था तो उसके द्वारा उसे गोली मारने की धमकी दी गई थी।उसने बताया कि उसका एक दोस्त है जो पीरो में रहता है। उसकी शादी वह आज जाने वाला था। जिसको लेकर वह बैजू नगर अपने दोस्त अभिषेक के छोटे भाई से मिलने गया था। मिलकर जब वह बाइक से अपने साथ रहे दोस्तों के साथ वापस लौट रहा था। तभी दो बाइक पर सवार चार हथियारबंद बदमाश वहां आए और गाली देकर उससे हाथापाई की। इसके बाद उक्त बदमाशों में से एक बदमाश ने उसे गोली मार दी।

## वोटिंग से एक दिन पहले आरजेडी उम्मीदवार बीमा भारती की बढ़ी टेंशन, 10 लाख रुपये के साथ दोनों पीए गिरफ्तार



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया से एक बड़ी खबर सामने आई है। 26 अप्रैल यानी कि शुक्रवार को यहां वोटिंग होनी है। इससे पहले, राजद प्रत्याशी बीमा भारती की टेंशन बढ़ गई है। दरअसल, 10 लाख कैश के साथ बीमा भारती के दोनों पीए को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बीमा भारती के पीए अरविंद जायसवाल और महावीर मंडल के पास से कैश मिले हैं। दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस रुपौली थाना लेकर आई है।

पूर्णिया में बुधवार की शाम छह बजे से चुनाव प्रचार का शोरगुल थम गया। वहीं अंतिम दिन प्रमुख प्रत्याशियों ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। कई दिग्गजों ने भी अंतिम समय तक सभाएं की तो कई प्रत्याशियों ने रोड शो निकालकर मतदाताओं को मैसेज देने का काम किया। मतदाता 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र में बने 2200 बूथों पर अपना मतदान करेंगे।

पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र में हो रहा चुनाव इस बार चर्चा में बना हुआ है। चुनाव में सात प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। एक तरफ एनडीए से जदयू प्रत्याशी संतोष कुशवाहा चुनावी मैदान में हैं तो दूसरी तरफ महागठबंधन से राजद की प्रत्याशी बीमा भारती ताल ठोक रही हैं।

वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे पप्पू यादव ने चुनाव को त्रिकोणात्मक बना दिया है। तीनों नेताओं ने चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। अंतिम दिन, सभी प्रत्याशी ने प्रचार समाप्ति के अंतिम वक्त तक जमकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके साथ ही, सभी लोगों से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।

# तेजस्वी यादव पर चढ़ा लालू के देसी अंदाज का रंग



**पटना, एजेंसी।** वैशाली जिला के लालगंज में डंकल प्रस्ताव के विरोध में सभा हो रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह बोल रहे थे। जीन कंपेन की सुमन सहाय बोल रही थीं। वे दोनों डंकल प्रस्ताव के नुकसान के बारे में तकनीकी ज्ञान दे रहे थे। भीड़ कोई प्रतिक्रियाहीन थी।

उस समय के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद उठे। उन्होंने समझाया-ये जो डंकल प्रस्ताव है न, वह पास हो गया तो तुम्हारा कोहड़ा बहुत बड़ा हो जाएगा। उसको काटोगे तो क्या निकलेगा भीड़ से जवाब नहीं मिला।

जवाब लालू ने ही दिया-कोहड़ा से गोबर निकलेगा, गोबर। भीड़ डंकल प्रस्ताव समझ गई थी।नारा लगा-डंकल प्रस्ताव मुर्दाबाद। लालू मुस्कुराए। वीपी सिंह के चेहरे पर भी चमक आ गई। जनता के बीच संवाद चला गया था।

तीन दिन पहले तेजस्वी ने भी अपने भाषण में गोबर का उपयोग किया। पूर्णिया की सभा में उन्होंने कहा-मोदी जी इतना झूठ बोलते हैं कि गोबर को भी हलुआ बना देते हैं। भीड़ की प्रतिक्रिया लालगंज जैसी ही थी। लालू अपने भाषण में रे भाई, अरे भाई का खूब प्रयोग करते थे। तेजस्वी भी कर रहे हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने एकबार कह दिया था कि पूर्णिया में एयरपोर्ट बन गया है। तेजस्वी ने भीड़ से पूछा-जहाज का टिकट कहां मिलेगा रे भाई। बीमा (बीमा भारती, राजद उम्मीदवार।)जीत गई तो पूरे पूर्णिया का बीमा हो जाएगा रे भाई। मंच पर लालू गाते थे-लागा झुलनिया के धाका, बलम कलकता पहुंच गए....।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तेजस्वी गाते हैं-तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हैं। इसके साथ ही वह बड़ी गंभीरता से प्रश्न करते हैं कि भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जो वादा किया था, वह पूरा हुआ कि नहीं। इस क्रम में कालाधन वाला 15 लाख रुपया, हर साल दो करोड़ नौकरी, किसानों की आय दूनी और 2022 तक सबको पक्का मकान देने के वादे का उल्लेख करते हैं।

2020 के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी फिल्मी गाने नहीं गाते थे। उन्होंने उस चुनाव में एक गंभीर घोषणा की थी-हमारी सरकार बनी तो कैबिनेट की पहली बैठक में 10 लाख लोगों को नौकरी देने का निर्णय होगा। यह भाषण प्रभावशाली साबित हुआ। विधानसभा चुनाव में राजद सबसे बड़े दल के रूप में उभरा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी तेजस्वी के इस दावे को नजरअंदाज नहीं कर पाए। उन्होंने अपने भाषण में तेजस्वी से प्रश्न किया था-पैसा कहां से लाओगे। क्या उसी पैसा से वेतन दोगे, जिसके कारण जेल गए थे। असल में नीतीश चारा घोटाला और उसमें लालू प्रसाद की गिरफ्तारी की ओर इशारा कर रहे थे।

हालांकि, बाद में नीतीश ने भी 10 लाख लोगों को नौकरी देने की घोषणा कर दी। चार लाख से अधिक लोगों को नौकरी देने के बाद अब यह विषय नीतीश की प्राथमिकता सूची में ऊपर है। 2020 के विधानसभा चुनाव के उलट लोकसभा चुनाव में तेजस्वी अपने भाषण में भोजपुरी और मगही का भी उपयोग करते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लालू शैली में भाषण देकर तेजस्वी भीड़ से कारगर संवाद कर लेते हैं। लेकिन, इस अंदाज में उनकी अपनी शैली पीछे छूट रही है, जो 2020 के विधानसभा चुनाव में बनी थी।

## भाजपा में शामिल हुए मनीष कश्यप, बीजेपी में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में चल रही सियासी अटकलों के बीच यूट्यूबर मनीष कश्यप ने भाजपा ज्वॉइन कर ली है। वह अपनी मां के साथ दिल्ली पहुंचे थे जहां उन्होंने भाजपा कार्यालय में मनोज तिवारी और संजय मयूख के सामने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बीजेपी ज्वॉइन करने के बाद मनीष कश्यप ने कहा कि इन लोगों की वजह से ही मैं जेल से निकल पाया और मेरे जीवन के बुरे दिन खत्म हो पाए इसलिए मैं भाजपा में शामिल हुआ। बिहार को मजबूत करना है। भाजपा के साथ मिलकर अब मैं बिहार को मजबूत करूंगा।

यूट्यूबर मनीष कश्यप के भाजपा में शामिल होने पर भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कहा कि मनीष कश्यप जैसा व्यक्ति जो जनता के सरोकार को उठाता है, वो भाजपा के साथ है। मैं मनीष को जानता हूं, वे गरीबों का भला चाहते हैं और गरीबों का भला करने के लिए वे पीएम मोदी के साथ जुड़े हैं। हम उनका बहुत ख्याल रखेंगे और सम्मान करेंगे।

बता दें कि मनीष कश्यप को लेकर बुधवार शाम से ही सियासी अटकलें तेज हो गई थीं। इन अटकलों को तब बल मिल गया जब मनीष कश्यप ने सुबह में मां के साथ एक भावुक पोस्ट डाली थी।

इस पोस्ट में मनीष कश्यप ने लिखा था कि बहुत दिनों बाद मां के चेहरे पर खुशी नजर आई। मां खुश हैं तो सब कुछ एकदम सही हो जाएगा।

# नड्डा अपने साथ 5 बैग लाए..जहां चुनाव वहां बांट रहे : तेजस्वी का आरोप



**पटना , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के दूसरे फेज में बिहार की 5 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग होनी है। चुनाव से पहले तेजस्वी यादव ने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि, वे (जेपी नड्डा) बहुत सारे बैग उठाकर लाए हैं। जहां-जहां चुनाव हो रहे हैं, वहां पर बांट रहे हैं।

तेजस्वी ने दावा किया कि चेक करवा लें, उनके ये सभी आरोप बिल्कुल सही हैं। जो हम कह रहे हैं वह सत्य है। झूठ नहीं बोल रहे हैं। जांच एजेंसियां उनकी मदद कर रही है। हालांकि, तेजस्वी ने यह नहीं बताया कि इन बैग में क्या था।

इधर तेजस्वी का आरोप पर जदयू और बीजेपी ने पलटवार किया है। बीजेपी के बीजेपी उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि सावन के अंधे को सब कुछ हरा ही नजर आता है। बीजेपी के किसी भी नेता पर एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। तेजस्वी का यह बयान कि बीजेपी अध्यक्ष बैग में नोट भर कर लाए थे, उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है।

तेजस्वी यादव ने ये भी कहा कि बीजेपी के प्रति लोगों की खराब प्रतिक्रिया की वजह से जेपी नड्डा साफ तौर पर परेशान नजर आए। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन शुक्रवार को होने वाले मतदान में सभी पांच सीटों पर जीत हासिल करेगा।नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के %ये आपका मंगलसूत्र भी नहीं बचने देंगे% वाले बयान पर भी पलटवार किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि माताओं-बहनों का सुहाग छीनने वाले अपनी उपलब्धियां (अगर है तो) गिनाने की बजाए, वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए अब मंगलसूत्र के बारे में बातें कर रहे है। हमारी माताएं-बहनें मंगलसूत्र किस लिए पहनती है अपने सुहाग के लिए ना मंगलसूत्र सुहाग की निशानी है। अब बताइए हमारे देश की माताओं-बहनों का सुहाग कौन छिन रहा है

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को बिहार आए थे। उन्होंने भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने परिवारवाद और भ्रष्टाचार को लेकर इंडी गठबंधन पर हमला बोला था। बीजेपी अध्यक्ष ने खगड़िया में कहा कि मोदी जी कहते हैं भ्रष्टाचार मिटाओ। दूसरी तरफ यह घमंडिया गठबंधन वाले कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। इन लोगों को जेल भेजना है। सभी भ्रष्टाचारियों को भेजना है। कांग्रेस पार्टी ने चावल घोटाला किया। चीनी घोटाला किया। मजदूरी घोटाला किया। कॉमन वेल्थ गेम घोटाला किया। 2त्न-3त्न स्पेक्ट्रम घोटाला किया। हेलिकॉप्टर की खरीद में घोटाला किया। धरती, आकाश, अंतरिक्ष सब जगह घोटाला किया।

लालू यादव ने चारा घोटाला किया, जमीन के बदले नौकरी का घोटाला किया, अलकतरा घोटाला किया। कांग्रेस के सभी नेताओं ने घोटाला किया। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने शिक्षक भर्ती घोटाला किया। हर स्तर पर भ्रष्टाचार किया। अरविंद केजरीवाल और आप के नेताओं ने शराब का घोटाला किया, दवाई में घोटाला किया। इंडिया एलाइंस भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी जमानत पर हैं। चिदंबरम जमानत पर हैं, लालू यादव और तेजस्वी यादव जमानत पर हैं।

वहीं जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा है कि हमें तो तेजस्वी यादव के खुफिया तंत्र पर आश्चर्य होता है। बीजेपी पर आरोप लगाते रहते हैं। लेकिन उनके और उनके करीबियों के घर रेड होती है तो कैश बरामद होते है। उस वक्त ये बस एक लाइन कहकर निकल जाते हैं कि परेशान किया जाता है।

## बीजेपी ने हैट्रिक के बाद भी जदयू को क्यों दे दी बिहार की ये सीट राजद के दांव से रोचक होगा मुकाबला



**शिवहर, एजेंसी।** शिवहर राज्य में शिवहर इकलौता जिला है, जहां विधानसभा की सिर्फ एक सीट है। शिवहर संसदीय क्षेत्र में जिले की शिवहर सहित पूर्वी चंपारण की मधुबन, ढाका व चिरैया तथा सीतामढ़ी की रीगा व बेलसंड विधानसभा सीटें शामिल हैं।

2009 से प्रभावी परिसीमन के बाद यहां से लगातार तीन टर्म भाजपा की रमा देवी चुनाव जीती हैं। इस बार उन्हें बेटिकट कर दिया गया है। राजग में यह सीट भाजपा ने जदयू को दे दिया है। जदयू ने यहां से दो बार सांसद रहे आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद को अपना प्रत्याशी बनाया है।

वहीं, महागठबंधन में यह यह सीट राजद के पास है। राजद ने रितु जायसवाल को प्रत्याशी घोषित किया है। दो महिला प्रत्याशियों के होने से इस बार का मुकाबला रोचक बताया जा रहा है।लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार पर भाजपा और दो पर राजद के विधायक हैं। ढाका, मधुबन, चिरैया व रीगा पर भाजपा तथा बेलसंड व शिवहर सीट राजद के पास है।

शिवहर से राजद विधायक चेतन आनंद जदयू की प्रत्याशी और अपनी मां लवली आनंद के पक्ष में प्रचार करते दिख रहे हैं। बेलसंड सीट पर राजद के संजय कुमार गुप्ता विधायक हैं। भाजपा के रीगा से मोतीलाल प्रसाद, ढाका से पवन जायसवाल, चिरैया से लालबाबू साह तथा मधुबन से राणा रणधीर विधायक हैं।

# जहरीली शराब हत्याकांड की मास्टर माइंड सुनीता सुर्खियों में, बेटे ने कर दी दोस्त की हत्या



**नालंदा , एजेंसी।** नालंदा में साल 2022 के जनवरी महीने में जहरीली शराब कांड हुई थी। जहरीली शराब के कारण 12 लोगों की मौत हो गई थी। इस कांड की मास्टर माइंड सुनीता फिर से सुर्खियों में है। हालांकि सुनीता अपने बड़े बेटे सूरज के साथ जेल में बंद है। सुनीता का छोटा बेटा नीरज कुमार अपने ही दोस्त की हत्या के मामले में जेल जा चुका है।

उसने अपने ही दोस्त सोहसराय थाना क्षेत्र के श्रृंगारहाट निवासी प्रमोद कुमार की ईंट से कुचकर 22 अप्रैल को हत्या कर दिया था। 1700 रुपए बकाया पैसे को लेकर प्रमोद और नीरज के बीच विवाद हुआ था। दोनों एक साथ बैठकर ब्राउन शुगर का इंजेक्शन ले रहा था। इसी बीच नीरज ने ईंट से हमला कर प्रमोद की हत्या कर दी थी। दोनों एक साथ दिल्ली में रहकर खिलौने बेचा करता था। 21 अप्रैल को हो वह दोनों दिल्ली से वापस घर आया था।

साल 2016 के अप्रैल महीने में बिहार सरकार ने बिहार में संपूर्ण शराबबंदी लागू कर दी थी। इसके बाद सुनीता इस कानून का फायदा उठाते हुए शराब के धंधे में उतर गई थी। उसने देशी शराब और विदेशी शराब का अपना साम्राज्य धीरे-धीरे फैलाना शुरू कर दिया। सोहसराय थाना क्षेत्र के पहाड़तल्ली इलाके में शराब की धंधे ने जोर पकड़ लिया। दिनभर शराबियों और असामाजिक तत्वों का सुनीता के घर में जमावड़ा लगा रहता था। बावजूद आसपास के लोग सुनीता की ऊंची पहुंच को देखते हुए इसका विरोध नहीं कर पाते थे। शराब के धंधे में उतरने से पहले सुनीता जिस्मफरोशी का धंधा करती थी। पहाड़तल्ली के पहले सुनीता बिहार शरीफ के ही दूसरे मोहल्ले में रहती थी, जहां से उसके गलत चरित्र के कारण मोहल्ले वालों ने खदेड़ दिया था। इसके बाद से वह पहड़तल्ली मोहल्ले में आकर शरण ली थी। अक्सर सुनीता के घर में सफेद पोशों का आना-जाना लगा रहता था। इसके कारण ही सुनीता के पति गौतम ने उसे छोड़ दिया।

साल 2022 के जनवरी महीने में 15 तारीख को जहरीली शराब पीने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। मकर संक्रांति के दिन पहाड़तल्ली पर रहने वाले लोगों ने जहरीली शराब का सेवन किया था। एक-एक कर 1 दर्जन लोगों ने दम तोड़ दिया था। कई लोगों के आंखों की रौशनी चली गई थी।

बेतिया में एक विवाहिता को दहेज के लिए मारने की कोशिश की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र के केसरिया गांव की है। थाना अध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार पति की पहचान केसरिया गांव निवासी संतोष यादव के रूप में की गई हैं।उन्होंने बताया कि संतोष के खिलाफ उसकी पत्नी सुमन देवी ने दहेज को लेकर प्रताड़ित करने और जान से मारने का आरोप लगाते हुए पति संतोष समेत चार लोगो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि एफआईआर में सुमन देवी ने बताया है कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व संतोष यादव से हुई है। उसे एक बच्चा भी है। उसके पति समेत ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपए और बाइक की मांग करने का दबाव बनाने लगे। 23 अप्रैल की सुबह 8 बजे सभी आरोपित आए और उसे मारने पीटने लगे। उसके गले में रस्सी डाल जान से मारने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी पति से पुलिस पूछताछ करने के बाद गुरुवार को जेल भेज दी है।

# इनर व्हील क्लब कोडरमा के द्वारा 27 एवं 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी** तिलैया, रोटरी भवन पानी टंकी रोड में इनर व्हील क्लब कोडरमा के द्वारा दिनांक 27 एवं 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का कैंप लगाया जाएगा । स्वास्थ्य शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किया जाएगा शहर की प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता प्रसाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अलंकृता मंडल डॉक्टर श्रद्धा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भारती एवं डॉ अजय सेठ जनरल फिजिशियन डॉक्टर अभिषेक कुमार दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सागरमनी सेठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर समीक्षा इस शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों का इलाज करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार इस मौके पर मौजूद रहेंगे कार्यक्रम की परियोजना निदेशक रंजीता सेठ एवं आरती आर्य ने बताया कि इनर व्हील क्लब कोडरमा जिले में स्वास्थ्य सेवा के लिए हमेशा जागरूक रहती है और समय-समय पर जनहित में स्वास्थ्य शिविर कैंप लगती है यदि किसी लोगों को भी अपना रजिस्ट्रेशन करना हो तो मोबाइल नंबर 70046 8 2019 रंजीता सेठ एवं 9939 5 9573 5 आरती आर्य एवं 9973 5 1947 1 मुक्ता बरहपुरिया एवं 93345 26591 माला दारूका पर संपर्क कर सकते हैं।

# ग्रामीणों ने अपने दम पर बनाय सड़क, छाया खुशी का महोल



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** जिला के सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां के ग्राम पंचायत राजावर के ग्राम जागोपहरी में काई वर्षो से नेताओं ने सड़क का लालसा देकार चाले जाते थें। और वहाँ के लोगों को गॉव जाने के लिए काफी परेसानी का सामना कारना पर रहा था। गॉव जाने के लिए सड़क नही रहने के करण ग्रामीणों काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज सपना सकार हुआ और वहां के ग्रामीण अपने दम पर सड़क बनाने का काम किया। जिसके चलते वहां के स्कुल जाने के लिए छात्र -छात्रों एवं अंगनबाड़ी के बच्चे को जाने की सुविधा मिले।जिसे ग्रामीण पुरुष महिला ने पूरी ताकत लगा कर पुनः सड़क बना दिया। मालूम की सड़क के बिच मे नीतीश कुमार के निजी जमीन होने के कारण विबाद हुआ था। लेकिन मौके पर प्रशासन पंहुचा दोनों पक्ष को स्थानीय थाना बुलाया कर समझा बूझकर मामला शांत कर दिया। जिससे ग्रामीणों में खुशी देखने को मिला। पर नेताओं को मुंह तोड़ जवाब देने का काम किया। मौके पर निम्नलिखित लोग उपस्थित थे नौलेश प्रजापति पिंटू प्रजापति, मुकेश कुमार, सोनू कुमार संगीता देवी, पूजा कुमारी, अंकित कुमार, मंजू देवी इत्यादि।

# विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता सतगावां।** विश्व मलेरिया दिवस पर जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा के तत्वावधान में गुरुवार प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पोखरडीहा में विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मलेरिया से बचाव ,लक्षण तथा इसके उपचार पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मौके पर- वार्डेन-प्रतीक्षा मिंज, शक्ति कुमार , सी.एच.ओ हाकिम सिंह,एम.पी.डब्लू.सह एम.टी.एस सोनू कुमार,पी.डब्लू.-विश्व दीपक सान्याल ,गणेश कुमार ,कौलेश्वर कु.रविकर ,गुड़िया कुमारी, काजल कुमारी,नेहा कुमारी प्रीति कुमारी,करीना कुमारी समेत कई शिक्षक व छात्रायें मौजूद थे।

# अपराध मुक्त व तस्करों के खात्मे के लिए जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण कड़ी : थाना प्रभारी

**चौपारण** - थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों के साथ थाना परिसर में बैठक की। जिसमें प्रखण्ड के अधिकांश मुखीया व पंसस प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मौके पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों को आने वाली कानूनी समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आपके क्षेत्र में अगर कोई भी अपराधिक घटना की जानकारी मिलती है तो फौरन आप मुझे सूचीत करें। उस पर त्वरित समाधान का प्रयास करूंगा। इसके अलावा बैठक में जनप्रतिनिधियों से विचार व सुझाव का भी आदान प्रदान किया गया। थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि इससे पुलिस व जनता के बीच की दूरी कम होगी और दोनों साथ मिलकर समाज को बेहतर सुरक्षा ब्यववस्था दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस के सामने वर्तमान में चुनौतियां बड़ी है सभी नागरिक कानून ब्यववस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग दें। साथ ही उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का भी यह फर्ज होना चाहिए कि समाज के बेहद गरीब और कमजोर तथा जरूरतमन्द ब्यक्ति को हर हाल में न्याय मिले ताकि उसका न्याय और कानून पर भरोसा बना रहे। साथ ही अपने अपने क्षेत्र में निगरानी रखने एवं पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी के आने से अपराध में आई कमी वहीं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आपके थाना में प्रभार लेने व लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद चौपारण क्षेत्र में अपराध में बहुत कमी आई है। क्षेत्र में हर तरफ आपके बेहतर कार्य की चर्चा हो रही है। लोगों को भी कानून के प्रति भरोसा जगा है। इससे पहले इन्फॉर्मेशन देने के बाद भी कोई कारवाई नहीं होती थी और अपराधियों और तस्करों का बोल बाला बढ़ता जा रहा था और पूरे क्षेत्र में भय का माहौल ब्याप्त हो गया था। जिसे आप दूर करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि भी आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हूं। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, मुखीया जानकी यादव,मन्टू सिंह,रेखा देवी, ममता देवी, सुनीता देवी,प्रतिनिधि बिनोद सिंह, अभिमन्यु भगत, रणवीर भगत, परमेश्वर साव,दशरथ गोप, पूर्व मुखीया मोहन साव, पंसस सहदेव यादव सहित कई जनप्रतिनिधियो ने अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए शुभकामनाओं के साथ मदद करने का आश्वासन दिया।

# विधानसभा कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक कोडरमा विधायक मौजूदगी में संपन्न

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**कोडरमा** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक सह कोडरमा विधानसभा संयोजक डॉ नीरा यादव उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव तथा संचालन जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। बैठक में डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को 11:00 बजे गिरिडीह में अपना नामांकन करेगी। और वहां के सर्कस मैदान में एक आमसभा भी रखी गई है । जिसमें केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी , एवं गठबंधन के नेता गण उपस्थित रहेंगे । कोडरमा विधानसभा से अधिक से अधिक कार्यकर्ता नामांकन में जाएंगे




उसके लिए भी रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि 1 मई 2024 को सतगावां के बासोडीह बाजार में प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय बाबूलाल मरांडी की सभा होने जा रही है उसकी तैयारी की रणनीति बनाई गई एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया की 2 मई को आदरणीय अन्नपूर्णा देवी के नामांकन की तैयारी के लिए आप पंचायत संयोजक ,सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की सूची बनाएं की हर पंचायत और बूथ से कार्यकर्ता नामांकन के दिन गिरिडीह चले एवं 3 तारीख को सभी मंडलों में चुनाव के लिए कार्यालय खोला जाए। कार्यक्रम में उपस्थित कोडरमा विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, विधानसभा सह संयोजक रामनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी, विजय साव,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम,वीरेंद्र सिंह , जिला महामंत्री राजकुमार यादव, शिवेन्द्र नारायण सिन्हा, विरेन्द्र मेहता, राजकुमार यादव, सुधीर यादव,जिला मिडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, रामचन्द्र राम,कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, विजय यादव, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र यादव, महेश वर्मा, जयशंकर प्रसाद, राजेश सिन्हा, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी , विजय राणा, आदि उपस्थित हुए।

# सिमडेगा के कदमटोली में मां दुर्गा की अष्टधातु की मूर्ति की हुई चोरी

**सिमडेगा** - कुरडेग बथाना क्षेत्र के कदमटोली स्थित मां दुर्गा मंदिर से अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा की चोरी की गई है। इस घटना से लोगों में आक्रोश है। चोरी बीते रात को गई है। गुरुवार सुबह पूजा के लिए गांव के लोग जब मंदिर पहुंचे तो अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा गायब मिली। इसके बाद पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। जिस कारण मंदिर से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द चोरी हुई मां दुर्गा की प्रतिमा को बरामद कर मंदिर में स्थापित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में माहौल बिगाड़ने की नीयत से बार-बार कदम टोली के दुर्गा मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन इसे गंभीरता से ले। फिलहाल पुलिस ने चोर की तलाश में जुटी है। पुलिस डॉग स्क्वायड का सहारा भी ले रही है। फोरेंसिक जांच टीम ने भी मंदिर पहुंचकर जांच की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2018 में भी कदमटोली स्थित दुर्गा मंदिर से अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा की चोरी हुई थी। पुलिस ने 15 दिनों के बाद चोरी हुई प्रतिमा को बरामद किया गया था।

# चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने मे आपकी भुमिका अहमः जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**
**कोडरमा** लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज और उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन का दौरा किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने सभी पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बात का बारीकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने की बात कही। साथ ही मशीन के एरर पर ध्यान देने और उसका निराकरण करना सीख लेने का निर्देश दिया। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। आज 450 मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर समेत मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

# श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में व्याख्यान माला का तीसरा दिन सम्पन्न

**हज़ारीबाग़** - श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में छः दिवसीय व्याख्यान माला शीर्षक भारतीय शिक्षा पद्धति का तीसरा दिन भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ । इस व्याख्यान माला का विषय था ङ्क उच्च शिक्षा एवं समाज । आज मुख्य वक्ता के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय से शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ0 मृत्युंजय प्रसाद पधारे । परम्परानुसार कार्यक्रम का प्रारंभ स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के साथ हुआ । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व शॉल से सम्मानित किया । महाविद्यालय के छात्राओं ने नृत्य से उनका अभिनन्दन किया ।




सहायक प्राध्यापक विवेकानन्द पाण्डेय ने मुख्य अतिथि को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो मृत्यु पर विजय पा ले वह मृत्युंजय है । ये अपने ज्ञान से विजय प्राप्त किए हैं । मुख्य अतिथि डॉ0 प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली कोई पूजा पद्धति नहीं है बल्कि वैज्ञानिकता और समाजिकता जब एक जगह संग्रहित होती है तो उसे भारतीय ज्ञान प्रणाली कहते हैं । उन्होंने गुरू की महत्ता बताते हुए कहा कि जो संभावना को संभव बना दे वही गुरू है औरजो अपनी मातृभाषा को नहीं जानता वो अपनी मातृभूमि का पुत्र नहीं हो सकता । कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका में अभिषेक कुमार पाठक और दीपक कुमार मेदिया ने कुशलतापूर्वक निभाई । धन्यवाद ज्ञापन में सहायक प्राध्यापिका डॉ0 सत्या सिंह ने दिया सभी विद्वान शिक्षकगण को उनके प्रोत्साहन व छात्रों को अनुशासन हेतु धन्यवाद दिया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल सहित मुख्य अतिथि डॉ0 मृत्युंजय प्रसाद, आईक्यूएसी समन्वय डॉ0 परीक्षित लायक, डॉ0 अपोलिना बाखला, तनिमा प्रिया, विवेकानन्द पाण्डेय, सुबोध कुमार दुबे, सुनील कुमार सोना, दयानन्द यादव, गोपाल राम, अरविन्द मालाकार, सत्यजीत बेरा, प्रितेश श्रीवास्तव तथा एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 शशिकान्त यादव, अमित कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, मंजरी कुमारी, सुषमा कुमारी, श्वेता कुमारी, रविकान्त मणि एवं दोनो महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे ।

# पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्र नाथ मालाकार के 7 वीं पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन




**बड़कागांव** - बड़कागांव के पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्रनाथ मालाकार के सातवीं पुण्यतिथि पर वरिष्ठ पत्रकार ऊग्रसेन गिरी की अध्यक्षता में एयरटेल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने स्वर्गीय मालाकार के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके पत्रकारिता जीवन के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। पत्रकारों ने कहा कि स्वर्गीय मालाकार एक निर्भीक एवं निडर पत्रकारिता करते हुए क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का उजागर करते रहते थे। अपने जीवन काल में पैदल एवं साइकिल से क्षेत्र की भ्रमण करते हुए समस्याओं एवं समाचार का संकलन करते थे। इस अवसर पर पत्रकार ऊग्रसेन गिरी, शिव शंकर कुमार, संजय सागर, नरेश कुमार, दीपक सिंहा,अशोक शर्मा, पिंटू कुशवाहा, विकास रंजन, संजय राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में कोडरमा लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के पक्ष में कोडरमा प्रखंड के गझंडी पंचायत के बूढ़ी टांड़ जुमकागढ गोरियातो मैं चलाया जनसंपर्क अभियान तथा लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोडरमा लोकसभा विकास में कॉस दूर है इस बार विनोद कुमार सिंह को एक-एक वोट देकर विजय बनाने की आवश्यकता है ताकि कोडरमा लोकसभा का भविष्य मायका ढिबरा पलायन बेरोजगारी इत्यादि को देखते हुए एक एक वोट विनोद सिंह को देने की अपील की गई लोगों ने जनसंपर्क अभियान में बताया कि आज तक हम लोगों को सरकार की योजनाएं से काफी दूर रखी गई है इस परिस्थिति में हम सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीतने का काम करूंगा इस अवसर पर दर्जनों लोग उपस्थित थे जनसंपर्क अभियान में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार युवा मोर्चा जिला सचिव छोटू यादव रंजीत कुमार मोहम्मद नसीम कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लखन पासवान इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# बोकारो प्राइवेट आई टी आई में प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव -2024 कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो ।** स्थानीय बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से बी एस एल के निगमित सामाजिक दायित्व ( सी एस आर ) के तत्वाधान में बोकारो इस्पात शैक्षणिक न्यास द्वारा चलाये जा रहे बोकारो प्राइवेट आई टी आई में प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव -2024 के अंतर्गत दिनांक 20 और 24 अप्रैल को कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया , जिसमें लार्सन एंड टुब्रो , कांचीपुरम , तमिलनाडु में 30 प्रशिक्षु एवं सुजुकी मोटर भरुच , गुजरात में 18 प्रशिक्षु चयनित हुए. उपरोक्त मौके पर समस्त कर्मियों के साथ बोकारो स्टील प्लांट के सम्पर्क एवं प्रशासन विभाग के महाप्रबंधक सह -संसथान के सचिव श्री सी आर के सुधांशु तथा वित्त एवं लेखा विभाग के उप महा प्रबंधक -सह -ट्रेजर रमेश चंद्र की गरिमामयी उपस्थिति में सभी चयनित प्रशिक्षुओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया. विदित हो कि कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव -2024 हेतु आगे भी हौंडा, स्पार्क मिण्डा , एक्साइड , टी वी एस जैसी कई बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां कैंपस सेलेक्शन के लिए आने वाली है। ज्ञातव्य हो कि बोकारो प्राइवेट आई टी आई में सत्र अगस्त 2024 -25 तथा 25 -26 में ट्रेड इलेक्ट्रीशियन के लिए 80, फिटर के लिए 80 तथा वेल्डर के लिए 60 सीट को मिलाकर कुल 220 सीटों के लिए नामांकन मई% 2024 से आरम्भ हो रहा है. प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक कौशल विकास हेतु सभी प्रशिक्षुओं को बोकारो इस्पात संयंत्र में ऑन द जॉब ट्रेनिंग भी दी जाती है.

# दहेज हत्या के आरोपी सास -ससुर को 7 वर्ष कारावास, 5000 र जुर्माना भी लगाया

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा-** दहेज के लिए हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी ससुर सरयू यादव , पिता - पिता ललन व सास सुनीता देवी पति सरयू यादव यादव सतगामा जिला-कोडरमा निवासी को 304 ( बी ) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। 201/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया। साथ ही 5000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेंगी।

मामला वर्ष 2022 का है । इसे लेकर



सतगावा थाना कांड संख्या 127/ 2022 एवं स्त्र- 94/2022 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। इसे लेकर मृतक के पिता कोलेश्वर यादव ने सतगावा थाना में मामला दर्ज कराया था । थाना को दिय आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री ममता देवी की शादी वर्ष 2018 में सतगामा निवासी बबलू यादव पिता सरयू यादव के साथ हुई थी । कुछ दिन ठीक रही । इस दौरान उसे दो पुत्री हुई । उसके बाद दहेज के रूप में एक बोलेरो गाड़ी मांगने लगे और देने में असमर्थता जताने पर, मेरी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे । इसे लेकर पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 24/ 10/ 22 को गांव वालों ने फोन किया कि आपकी पुत्री की तबीयत खराब है। मोटरसाइकिल से तुरंत वहां पहुंचा। लेकिन वहां पर कोई नहीं थे। पता चला कि साक्षय मिटाने के उद्देश्य से उसकी पुत्री की ससुराल वालों द्वारा हत्या कर लाश को जला दिया है। उन्होंने थाने को दिये आवेदन में उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

# रायबरेली लोकसभा: भाजपा और कांग्रेस दोनों रच रहे हैं चक्रव्यूह

## प्रियंका गांधी को लेकर बिछाई गई है ये बिसात



**लखनऊ, एजेंसी।** कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने रायबरेली को लेकर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं लेकिन दोनों ही दलों ने अंदर-अंदर चक्रव्यूह बना रखा है। पूरे देश में बढ़ी चुनावी तपिश के बाद भी गांधी परिवार के गढ़ में सियासी पारा ठंडा पड़ा है। यह पहला मौका है, जब नामांकन प्रक्रिया शुरू होने में चंद दिन शेष हैं और राजनीति की रंगत फीकी है। प्रत्याशी तक तय नहीं हैं। इसके लिए न भाजपा आगे आ रही है और न ही कांग्रेस। राजनीतिक पहलू यह है कि दोनों दल हर हाल में यहां चुनाव जीतना चाहते हैं। भाजपा जीती तो पूरे देश में संदेश जाएगा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपने दूसरे मजबूत गढ़ को भी नहीं बचा पाई। वहीं, भाजपा के लिए भी विडंबना है। हारने पर दो कार्यकाल के रिपोर्ट कार्ड पर सवाल उठेगा। राजनीतिक मंचों से ताना भी दिया जाएगा कि सोनिया के मैदान से हटने के बाद भी पार्टी रणनीतिक रूप से विफल रही।

सियासी दांवपेच से दोनों दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ही नहीं, वोटर भी असमंजस में हैं। सवाल साफ है...आखिर रायबरेली से चुनाव लड़ेगा कौन? सत्ता के रण में एक तरफ पंजे की चाल है दो दूसरी तरफ कमल का चक्रव्यूह। इसमें कौन किसे मात देगा...यह कहना मुनासिब नहीं है, लेकिन मौजूं जरूर है।

**भाजपा ~ सता रहा खींचतान का डर:** रायबरेली संसदीय सीट से प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री एवं ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय समेत कई ऐसे दावेदार हैं, जिनके चुनाव लड़ने की चर्चाएं तेज हैं। इन सबके बीच भाजपा हाईकमान को इस बात की भी चिंता है कि कहीं स्थानीय प्रत्याशी के चुनाव मैदान में उतारने से पार्टी के अंदर खींचतान न मच जाए।

भाजपा ऐसे उम्मीदवार की तलाश कर रही है, जो चुनाव भी जीत सके और उसके मैदान में उतरने के बाद पार्टी में किसी तरह की खींचतान भी न हो। वर्ष 2023 में हुए निकाय चुनाव में आपसी खींचतान की वजह से ही नगर पालिका परिषद रायबरेली की सीट हाथ से निकल गई थी। कमजोर समझी जाने वाली कांग्रेस उम्मीदवार ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कर ली। आपसी खींचतान की काट के लिए ही भाजपा बाहरी पर दांव लगा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार




### इलाके पॉश...स्काडा सिस्टम फेल, लोड बढ़ते ही फॉल्ट और लाइन हो जा रही ट्रिप, एक लाख लोग परेशान

**कानपुर, एजेंसी।** फूलबाग, बिजलीघर और नवाबगंज खंड स्काडा सिस्टम से जुड़े हैं, लेकिन आरएमयू की सेटिंग सही न होने से लाइन ट्रिप हो जा रही है। केस्को के मुताबिक भीषण गर्मी अभी से पड़ रही, जबकि आरएमयू की सेटिंग अभी उस हिसाब नहीं की गई है। कानपुर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए तैयार किया गया स्काडा (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा इक्वीजीशन) सिस्टम भी शहरियों को राहत नहीं दे पा रहा है। भीषण गर्मी में लोड बढ़ते ही सिस्टम धड़ाम हो जा रहा है। यह दिक्कत स्काडा सिस्टम से जुड़े सर्किल वन में है। इस सर्किल में तिलकनगर, सिविललाइंस, स्वरूपनगर, आर्यनगर, नवाबगंज, कोहना, परेड आदि क्षेत्र आते हैं। यहां के करीब एक लाख लोग परेशान हैं। केस्को के फूलबाग, बिजलीघर, आलूमंडी, नवाबगंज और जरीबचौकी खंड सर्किल वन में आते हैं, जिनमें से फूलबाग, बिजलीघर और नवाबगंज खंड स्काडा सिस्टम से जुड़े हैं।

यहां की सप्लाई से लेकर किसी भी तरह के फॉल्ट का ऑटोमेटिक तरीके से आकलन हो जाता है। किस फीडर, ट्रांसफार्मर और लाइन में कितना लोड है? कितने करंट की आवश्यकता पड़ रही है? यह सब विकासनगर में बने स्काडा सेंटर में पता लग जाता है। अन्य खंडों की तरह स्काडा के फीडरों में भी रिंग मेन यूनिट (आरएमयू) लगाए गए हैं।

**आरएमयू की सेटिंग भी उसी के हिसाब से की गई है:** इन आरएमयू की सेटिंग में गड़बड़ी की वजह से ही लोड बढ़ते ही लाइन ट्रिप हो जा रही है। आरएमयू की सेटिंग मैनुअली होती है, जबकि स्काडा सिस्टम ऑटोमेटिक तरीके से काम करता है। अधिकारियों के मुताबिक भीषण गर्मी अभी से पड़ने लगी है, जबकि ऐसा मौसम मई में आता है। आरएमयू की सेटिंग भी उसी के हिसाब से की गई है। इस वजह से समस्या आ रही है।

### वाराणसी में कुश्ती प्रतियोगिता-क्वा। इंडोर स्टेडियम में महिला पहलवानों ने दिखाया दमखम

**वाराणसी, एजेंसी।** फेडरेशन कप सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता बीएचयू परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में खेली जा रही है। इसमें करीब 132 महिला कुश्ती खिलाड़ी दस भारवर्ग में दाव आजमा रही हैं। प्रतियोगिता का आगाज कार्यक्रम संयोजक राजीव सिंह रानू और द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर प्रसाद और महासिंह राव ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। क्वालिफाईंग राउंड का पहला मुकाबला दिल्ली की कुश्ती खिलाड़ी नेहा ने गुजरात तेजल बेन को हराकर जीता। प्रतियोगिता में देश के अलग- अलग राज्यों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

### गोरखपुर एम्स में अवसाद में भी मुस्कुराता सुन्न- शांत हो चुका युवक अब हकीकत में खिलखिलाएगा

**गोरखपुर।** वह अवसाद में था, मगर चेहरे पर मुस्कान थी। शरीर पूरी तरह सुन्न-शांत हो चुका था और बड़े से बड़ा दर्द उसे महसूस ही नहीं होता था। अलग-अलग किरदार में वह खुद को पेश करके अजीब सी हरकतें करने लगा था। परिवार ने मान लिया था कि अब उनका जवान बेटा शरीर में दर्द लिए अवसाद की हालत में ही किसी दिन पूरी तरह शांत हो जाएगा। वह अवसाद में था, मगर चेहरे पर मुस्कान थी। शरीर पूरी तरह सुन्न-शांत हो चुका था और बड़े से बड़ा दर्द उसे महसूस ही नहीं होता था। अलग-अलग किरदार में वह खुद को पेश करके अजीब सी हरकतें करने लगा था। परिवार ने मान लिया था कि अब उनका जवान बेटा शरीर में दर्द लिए अवसाद की हालत में ही किसी दिन पूरी तरह शांत हो जाएगा।

# स्मृति ईरानी का बड़ा आरोप: मेरी सभा में आया राहुल गांधी का गुंडा, सौगंध लेती हूं, नहीं रह पाएगा इस क्षेत्र में

**लखनऊ, एजेंसी।** स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी जनसभा में राहुल गांधी का गुंडा भेजा गया। ईरानी ने राबर्ट वाड्रा की उम्मीदवारी पर भी व्यंग्य किया। अमेठी में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेरे 10 साल के राजनीतिक इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि महोना में मेरे कार्यक्रम में राहुल गांधी का एक गुंडा आया। मैं सौगंध खाती हूं कि आने वाले पांच साल में एक भी कांग्रेस का गुंडा अमेठी लोकसभा क्षेत्र में रह नहीं पाएगा। महोना में केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम था, जिसमें वह लोगों से संवाद कर रही थीं। इसी दौरान कोविड का टीका लगवाने के मुद्दे पर लोगों से सवाल जवाब भी किया। केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम के बाद पुलिस एक युवक को थाने ले गई। एसओ तनुज पाल कहते हैं कि युवक से पूछताछ की जा रही है। मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।



**जीजा हो या साला, अमेठी में हर कोई मोदी का मतवाला :** राबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने की मांग का पोस्टर अमेठी में लगने के बाद बुधवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी खुलकर बोलीं। कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब जीजा मांग रहे हैं अमेठी से। पहले साले साहब को मांग रहे थे। लेकिन.. मैं कहना चाहती हूं कि जीजा हो या साला, अमेठी में हर कोई है मोदी का मतवाला। जगदीशपुर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जीजाजी की नजर जगदीशपुर पर है। बाग के कागज छिपा लेना, घर के कागज छिपा लेना, जीजाजी की नजर पक्की है। राहुल हों या जीजाजी, किसी को अमेठी के बारे में कुछ नहीं पता। उन्हें तो अमेठी के गांवों तक के नाम नहीं याद होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर नरेंद्र मोदी न होते तो जगदीशपुर में ट्रामा सेंटर नहीं होता।

# विरासत टैक्स पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया, कांग्रेस को उसकी दागदार विरासत से मुक्ति मुश्किल



**लखनऊ, एजेंसी।** मायावती ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत में धन के वितरण की आड़ में अमेरिका की तरह निजी संपत्ति पर विरासत टैक्स की सोच व उसकी पैरवी गरीबों की भलाई का कम व राजनीति से प्रेरित ज्यादा है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती अमेरिका की तरह देश में भी विरासत टैक्स की पैरवी करने पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। बृहस्पतिवार को जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस को उसकी दागदार विरासत से मुक्ति मिलना मुश्किल है।

उन्होंने एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारत में धन के वितरण की आड़ में अमेरिका की तरह निजी संपत्ति पर विरासत टैक्स की सोच व उसकी पैरवी गरीबों की भलाई का कम व राजनीति से प्रेरित ज्यादा है। यह इनकी गरीबी हटाओ की चर्चित विफलता पर से लोगों का ध्यान बांटने का चुनाव प्रयास लगता है। जहां तक भारत में संपत्ति व सरकारी भूमि वितरण आदि से जुड़े मामलों में दलितों व वंचितों के लिए न्याय का सवाल है, तो इनकी सरकारों की सही नीयत के अभाव के कारण यहां गरीबी, पिछड़ापन, पलायन की विवशता आदि दूर नहीं हो पायी है।

# सीएम योगी बोले-दलितों- पिछड़ों का हक छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस, संपत्ति का होगा बंदरबांट

**लखनऊ, एजेंसी।** सीएम योगी ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की मंशा एससी और एसटी का आरक्षण खत्म करके मुसलमानों को देना चाहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इनकी मंशा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और और पिछड़ों के आरक्षण का बंदरबांट करना चाहती है। कांग्रेस एससी, एसटी और पिछड़ों से आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देने की साजिश कर रही है। सच्चर कमेटी और न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र कमिशन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपीए सरकार इनकी सिफारिशों को लागू करके दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को मिल रहे 27 प्रतिशत आरक्षण में से छह प्रतिशत आरक्षण की कटौती करके मुस्लिमों को देने जा रही थी। लेकिन भाजपा के कड़े विरोध के कारण इन सिफारिशों को लागू नहीं किया जा सका। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणात्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। यूपीए सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। जबकि भाजपा चार जातियों की बात करती है, जिसमें गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को रखा गया है। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं की गई है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भी भारत में लागू करना चाहती है। जबकि भाजपा तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त करने की बात करती है। कांग्रेस देश में शरीया कानून लागू करके तालीबानी विध्वंस की समर्थक है। उनके घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था, लेकिन वह नहीं कर पाईं, क्योंकि उनके पास इसे लेकर कोई ठोस कार्यक्रम नहीं थे। उनके 19-20 सूत्रीय कार्यक्रम फाइलों में रह जाते थे। योजनाएं कमीशनखोरी की भेंट चढ़ जाते थे। चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ देने की प्रवृत्ति जो उस समय प्रारंभ हुई थी वो यूपीए के शासनकाल में जारी रही।

# यूपी-जेल जाने के बाद बढ़ी आप नेता संजय सिंह की डिमांड, कांग्रेस और सपा प्रत्याशी चाह रहे हैं जनसभाएं





**लखनऊ, एजेंसी।** शराब घोटाले में हाल ही में जेल से छूटे आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की अपनी पार्टी में ही नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन में भी काफी मांग में है। जेल से निकलने के बाद भी वह भाजपा सरकार पर पहले की तरह हमलावर हैं। यही वजह है कि कांग्रेस व सपा के प्रत्याशी उनकी सभाओं की मांग कर रहे हैं। हाल ही में पश्चिमी यूपी में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली के लिए अमरोहा और सपा प्रत्याशियों अमरपाल शर्मा के लिए बागपत में सभाएं की हैं। आप यूपी में चुनाव नहीं लड़ रही है लेकिन इंडिया गठबंधन में रहकर वह उनके प्रत्याशियों को जिताने के लिए जनसंपर्क व सभाएं कर रही है। पार्टी के नेता व पदाधिकारी इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ मिलकर चुनाव की रणनीति तैयार कर रहे हैं। संजय सिंह के जेल में बंद रहने तक तो आप के नेताओं को इंडिया गठबंधन में ज्यादा नहीं पूछा जा रहा था। पर, जेल से निकलने के बाद न सिर्फ उनकी बल्कि आप नेताओं की भी मांग बढ़ गई है।

पिछले दिनों यूपी आए आप के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने अखिलेश यादव से मुलाकात की और संयुक्त प्रेसवार्ता भी की थी। इसी के साथ संयुक्त सभाओं पर भी चर्चा हुई थी। संजय सिंह जहां अपनी पार्टी के लिए दिल्ली व पंजाब में ताबड़तोड़ सभाएं कर रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन के तहत अन्य प्रदेशों में भी सभा कर रहे हैं।यूपी में हाल ही में हुई सभाओं के बाद तीसरे चरण के लिए सपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों ने उनकी सभाओं के लिए संपर्क किया है। आप के प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल ने बताया कि जिला स्तर पर पार्टी के नेता, हमारे जिला पदाधिकारियों से कार्यक्रम की मांग करते हैं। इसके बाद हम राज्यसभा सांसद से वार्ता कर उनकी सभाओं के लिए कार्यक्रम तय करते हैं।




# बागपत और मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट पर मतदान कल, पोलिंग पार्टियां बूथों पर रवाना

**मेरठ/बागपत।** चुनाव प्रचार भले ही बुधवार को थम गया हो लेकिन चुनावी मैदान में प्रत्याशियों ने ताकत झोंकी हुई है। बागपत और मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान होना है। इसके लिए गुरुवार से पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर रवाना होना शुरू हो गई। बागपत में चुनाव संचालन केंद्र से पोलिंग के लिए पार्टियां रवाना हुईं तो यहां दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर वाहनों से लंबा जाम लग गया।

**सहारनपुर में ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत:** सहारनपुर जनपद के अंबेहटा में टिडौली गांव के पास स्थित ईट के भट्टे के पास बजरी से लदे ट्रक ने सड़क किनारे खड़े टैंकर में टक्कर मार दी। घटना में टैक्टर चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला शामली के गढीपुक्ता थाने के पल्ठेडी गांव निवासी महसूब उर्फ शाहरुख पुत्र मतलूब बुधवार की रात को टैक्टर ट्राली में लकड़ी लादकर नकुड की ओर जा रहा था। रात करीब साढ़े बारह बजे टैक्टर खराब हो गया। महसूब टैक्टर को टिडौली गांव के पास स्थित ईट के भट्टे के पास खड़ा करके ठीक कराने लगा। इसी दौरान सामने से आ रहे बजरी से भरे ट्रक ने टैक्टर में टक्कर मार दी। जिसमें टैक्टर चालक महसूब उर्फ शाहरुख पुत्र मतलूब निवासी पल्ठेडी थाना गढ़ी पुख्ता जिला शामली गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर अंबेहटा चौकी प्रभारी नरेंद्र भड़ाना मौके पर पहुंचे तथा घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने महसूब उर्फ शाहरुख(28) को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी नरेंद्र भड़ाना ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है।

**बागपत में चुनाव प्रचार थमा, कल होगा मतदान:** बागपत लोकसभा सीट पर बुधवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया और अब शुक्रवार को मतदान होगा। इससे पहले सभी पार्टियों के प्रत्याशियों ने दिनभर प्रचार किया और वह ज्यादा से ज्यादा जगहों पर पहुंचे। बागपत लोकसभा क्षेत्र में बगापत की छपरौली, बड़ौत, बागपत विधानसभा सीट शामिल है तो मेरठ जिले की सिवालखास और गाजियाबाद की मोदीनगर सीट भी आती है।

## पहली बस ने दिया धोखा, दूसरी बस ने बेटी प्रियांशी की जान ले ली

**गोरखपुर।** कहते हैं न .. होनी को कोई नहीं टाल सकता। शायद प्रियांशी के साथ भी कुछ ऐसा ही था। आगरा एक्सप्रेस-वे पर बस हादसे में मारी गई प्रियांशी श्रीवास्तव को दूसरी बस से दिल्ली जाना था, लेकिन ऐन वक्त पर वह बस खराब हो गई और उस बस के यात्रियों को उस बस में ट्रांसफर कर दिया गया, जो हादसे का शिकार हो गई। प्रियांशी के पिता हेंमत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिस बस में टिकट बुक कराया था, जब उसके खराब होने का पता चला तो एक पल के लिए मन थोड़ा घबराया। मैं चाहता था कि बेटी न जाए लेकिन मैं उससे कुछ कह नहीं सका। सुबह पता चला कि वह बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और मेरी बेटी की जान चली गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह आठ बजे एसआई का कॉल आया कि कन्नौज के पास एक्सप्रेस वे पर एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। मैं एक फोटो भेज रहा हूं, उसे देखिए आप पहचान रहे हैं। मेरे मोबाइल पर जब फोटो आई तो बेटी की हालत देखकर पूरा परिवार चीख पड़ा।

## हीट वेव से झुलस रही त्वचा, बढ़ रही ओपीडी में मरीजों की संख्या- चिकित्सकों ने दी ये सलाह

**गोरखपुर, एजेंसी।** गर्मी और तेज धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। तीखी धूप लोगों के चेहरे और हाथ-पैर की त्वचा को झुलसाने लगी है। हालात यह हैं कि सनबर्न, रेड स्पॉट, खुजली के मरीजों की संख्या जिला अस्पताल की ओपीडी में बढ़ गई है। इसके साथ ही पहले से झांई, मुंहासे वाले मरीजों की समस्या और भी बढ़ गई है। उनके चेहरे के स्पॉट और भी गहरे हो गए हैं।सनबर्न के मरीज खुजली और जलन की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। सूरज की रोशनी के सीधे संपर्क में आनेवाले शरीर के हिस्सों जैसे चेहरे, गर्दन, हाथ और पैर पर छोटे-छोटे दाने, गहरे लाल धब्बे हो जाने की समस्या पैदा हो रही है। इसके साथ ही चेहरे को सुरक्षित रखने के लिए बिना परामर्श सन्स क्रीम लगाने से भी चेहरे पर जलन की समस्या लेकर कुछ मरीज आ रहे हैं। गलत क्रीम से उनके चेहरे पर उपस्थित दाग और भी गहरे हो गए है जिससे उनकी दिक्कत बढ़ गई है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 50 से 60 लोग सनबर्न और त्वचा संबंधी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं।



# लोकसभा चुनाव: प्रचार के लिए यूपी से आई कंगना रनौत की डिमांड, इन इलाकों में कर सकती हैं रोड शो



**लखनऊ, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री और अभी मंडी सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत की चुनाव प्रचार की डिमांड यूपी से आई है। वह यहां रोड शो भी कर सकती हैं। चढ़ते पारे के साथ अब चुनावी तपिश भी बढ़ने लगी है। नामांकन के बाद स्टार प्रचारकों का दौरे शुरू होने जा रहा है। बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत चुनाव प्रचार में ग्लैमर का तड़का लगाती नजर आएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही कई स्टार प्रचारक तूफानी दौरा करेंगे। जिले से सभी की मांग भेजी गई है। हालांकि, अभी कार्यक्रम की तारीख तय नहीं हो सकी है। सीतापुर संसदीय सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। नामांकन प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। इसके साथ ही सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशियों ने अपने पक्ष में चुनावी माहौल बनाने का प्रयास तेज कर दिया है। दरअसल, लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों की भूमिका बेहद अहम होती है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि लोकसभा चुनाव में सूरमाओं की नैया स्टार प्रचारकों (बड़े नेताओं) के भरोसे रहती है। मंच से सियासत के चर्चित चेहरे जब अपने अंदाज में भाषण के जरिए मतदाताओं को रिझाते हैं तो इसका व्यापक असर भी देखने को मिलता है। लिहाजा, चुनावी रण में उतरे प्रमुख दलों के प्रत्याशियों ने पार्टी से स्टार प्रचारकों की मांग शुरू कर दी है। सत्तासीन पार्टी के प्रत्याशी व मौजूदा सांसद राजेश वर्मा तीसरी बार जनता की अदालत में हाजिरी लगा रहे हैं। करीब एक माह से वे लगातार नुक्कड़ सभाएं एवं जनसंपर्क कर रहे हैं। बूथ अध्यक्षों की बैठकें भी कराई हैं। इसके बाद भी चुनावी माहौल अपने पक्ष में करने के लिए उन्होंने पार्टी के स्टार प्रचारकों की मांग की है। भाजपा जिलाध्यक्ष बताते हैं कि जिले में प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कंगना रनौत की डिमांड भेजी गई है। फिलहाल, अभी तक स्टार प्रचारकों के कार्यक्रमों की स्वीकृति नहीं मिल सकी है। दूसरे चरण का चुनाव समाप्त होने के बाद कार्यक्रम मिलने की उम्मीद है।

# मछुआरों, महिलाओं और स्थानीय संस्कृति का सहारा

## संपादकीय

### केरल, कर्नाटक में कांटे की टक्कर

पहले चरण में तमिलनाडु में मतदान संपन्न होने के साथ ही अब ध्यान पड़ोसी राज्य केरल और कर्नाटक पर केंद्रित हो गया है। इन दोनों राज्यों में 26 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे, जबकि कर्नाटक की आधी यानी 14 सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा, बाकी 14 सीटों पर तीसरे चरण में वोट पड़ेंगे। इन दोनों राज्यों के चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए दो वजहों से खास हैं - एक वाम-शासित केरल में सेंध लगाने के अपने लंबे समय से पोषित सपने को साकार करना और दूसरा कर्नाटक को फिर से हासिल करना, जहां उसने 2019 में 28 लोकसभा सीटों में से 25 हासिल की थीं। भाजपा के अपने दम पर 370 और गठबंधन के सहयोगियों के साथ 400 से ज्यादा सीटें जीतने के दावे को साकार करने के लिए विशेष रूप से कर्नाटक में उसका जीतना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का चुनाव अभियान मतदाताओं से इस वादे के साथ एक सीधी अपील है कि वह दोनों राज्यों को भ्रष्ट राजनेताओं से छुटकारा दिलाएंगे और राज्य को चमकदार 'न्यू इंडिया' में ले जाएंगे। दूसरी ओर, विपक्ष लोकतंत्र, संविधान और उसके संघीय ढांचे की रक्षा के अधिक बुनियादी मुद्दों पर भरोसा कर रहा है। उसकी यह भी शिकायत है कि केंद्रीय धन के हस्तांतरण में उनके साथ अनुचित व्यवहार किया जाता है। चूंकि दोनों राज्य अत्यधिक साक्षर हैं, इसलिए प्रधानमंत्री यहां के अपने सार्वजनिक संबोधनों में अधिक उदार हैं, मगर जब पिनाराई विजयन या सिद्धारमैया जैसे मुख्यमंत्रियों पर सियासी हमले की बात आती है, तब प्रधानमंत्री पीछे नहीं रहते हैं। साल 2019 की तुलना में 2024 में केरल की कहानी थोड़ी अलग है, क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ और सीपीएम के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा ज्यादातर सीटों पर आमने-सामने हैं। एनडीए का नेतृत्व करने वाली भाजपा कम से कम कुछ चुनिंदा निर्वाचन क्षेत्रों में मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की इच्छुक है। यूडीएफ और एलडीएफ 2019 में पार्टी कार्यकर्ताओं के स्तर पर एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी थे, लेकिन 2024 में वाम मोर्चे के शीर्ष नेता पिनाराई विजयन और राहुल गांधी एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में कूद पड़े हैं। यह बदलाव मुख्य रूप से वायनाड में राहुल गांधी के खिलाफ सीपीआई की प्रमुख नेता एनी राजा को मैदान में उतारने के वाम मोर्चे के फैसले के कारण है। केरल के वामपंथी राहुल गांधी पर आरोप लगाते रहे हैं कि वह भाजपा से डरे हुए हैं और इसीलिए अपेक्षाकृत सुरक्षित केरल में छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वाम नेताओं का प्रचार अभियान तब और अधिक तल्ख हो गया, जब पिनाराई ने राहुल गांधी को परोक्ष रूप से 'अमूल बेबी' कहना शुरू कर दिया। राहुल अभी तक पिनाराई के खिलाफ सीधे हमले से बचते रहे हैं, पर इस बार उन्होंने आरोप लगा दिया कि भ्रष्टाचार की शिकायत के बावजूद नरेंद्र मोदी ने पिनाराई के खिलाफ ईडी को केरल नहीं भेजा है, जैसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ भेजा है। पिनाराई ने भी इस पर पलटवार करते हुए कहा कि राजनीतिक कैद उनके लिए नई बात नहीं है, यहां तक कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उन्हें जेल में डाल दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने भी जले पर नमक छिड़कते हुए कहा है कि कांग्रेस के उत्तराधिकारी जल्द ही वायनाड से भी भाग खड़े होंगे, जैसे उन्होंने अमेठी से किया था। उन्होंने आश्चर्य जताया कि कोई भी 'इंडिया ब्लॉक' के उन घटकों को चुनने के बारे में कैसे सोच सकता है, जो जनता के बीच ही इतने खुले तौर पर लड़ रहे हैं। बहरहाल, कांग्रेस और वामपंथियों के बीच खींचतान को समझा जा सकता है। वाम मोर्चा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अपने विजय अभियान को जारी रखना चाहता है, जबकि कांग्रेस साल साल 2019 के प्रदर्शन को दोहराना चाहती है। कांग्रेस ने 2019 में केरल की 20 में से 19 लोकसभा सीटें जीती थीं। हालांकि, कांग्रेस और वाम मोर्चा में से कोई नहीं चाहता कि केरल में भाजपा के पांव जमें। देखना है कि उनकी यह रणनीति सफल होती या नहीं। केरल में भाजपा की रणनीति तिरुवनंतपुरम और त्रिशूर जैसी कुछ सीटों पर केंद्रित है, जहां उसे उम्मीद है। इसने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को कांग्रेस प्रत्याशी शशि थरूर के खिलाफ और अभिनेता सुरेश गोपी को कांग्रेस के सुरेंद्रन के खिलाफ मैदान में उतारा है। जहां तक कर्नाटक की बात है, तो भाजपा वहां 2019 के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहती है, लेकिन बीते विधानसभा चुनाव में उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। वैसे, येदियुरप्पा का पुनर्वास कर दिया गया है और उनके बेटे को राज्य भाजपा का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

(उमेश चतुर्वेदी)

तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। अपने दम पर बहुमत के साथ लगातार दो बार से केंद्रीय सत्ता को संभाल रही भारतीय जनता पार्टी के लिए तमिलनाडु और केरल अब तक प्रश्न प्रदेश रहे हैं। इस लिस्ट में 25 सीटों वाले आंध्र प्रदेश को भी शामिल किया जा सकता है। 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे में दक्षिण का अभेद्य बना किला फतह करने की कोशिश भी शामिल है। पार्टी को पता है कि जब तक वह अभेद्य समझे जाने वाले दक्षिण के दुर्ग में जोरदार सेंध नहीं लगाएगी, उसका यह नारा जमीनी हकीकत के नजदीक नहीं पहुंच पाएगा। यही वजह है कि पार्टी का शिखर नेतृत्व लगातार तमिलनाडु पर अपना ध्यान फोकस किए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दक्षिण भारत की लगातार जारी चुनावी और सामान्य यात्राएं इन्हीं कोशिशों का उदाहरण है। तमिलनाडु में चुनाव बीत चुके हैं। राज्य के चुनाव नतीजों को लेकर अटकलबाजी और दावे-प्रतिदावों का दौर जारी है। तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। लोकसभा सीटों के लिहाज से दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 2019 के आम चुनावों में भी अमित शाह ने पूरा जोर लगाया था। फिर भी पार्टी को 2014 के साढ़े पांच प्रतिशत के मुकाबले महज 3.6 फीसद वोट से ही संतोष करना पड़ा था। राज्य में इस बार चुनाव हो चुका है। जिस तरह मोदी और शाह की जोड़ी ने इस बार राज्य में जोर लगाया, इसकी वजह से इस बार पार्टी की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। इसकी वजह है पार्टी की अरसा पहले से जारी तैयारी और तमिलनाडु में तेज-तर्रार और युवा अन्नामलाई के हाथ में पार्टी की कमान। अन्ना मलाई की सभाओं में उमड़ती रही भीड़ पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ाने में मददगार बनती रही। अन्ना मलाई ने सात महीने तक 'एन मन, एन मक्कल' नाम से राज्यव्यापी यात्रा की, जिसमें खूब भीड़ जुटी। इस यात्रा की बीजेपी हलके में महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका समापन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अन्ना मलाई का नाम अपनी सभाओं में खूब लेते हैं। अन्ना मलाई को उस कोयंबटूर सीट से मैदान में उतारा गया है, जिस पर 1998 और 1999 में पार्टी का कब्जा रहा। उस वक्त इस सीट की नुमाइंदगी करने वाले सीपी राधाकृष्णन इन दिनों झारखंड के राज्यपाल हैं। उनके जिम्मे तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का चार्ज भी है। जब सीपी राधाकृष्णन कोयंबटूर से सांसद चुने गए थे, तब वे 41 साल के युवा थे। यह संयोग है कि कुछ और कि अन्ना मलाई इन दिनों चालीस की उम्र पूरी करने वाले हैं। यानी अगर कोयंबटूर से वे जीतते हैं तो वे भी सीपी राधाकृष्णन की तरह युवा ही होंगे। भारतीय जनता पार्टी की शिखर यात्रा की ओर जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि उसने जिस राज्य में भी पैर जमाया, वहां वह पहले छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में वह अपना प्रभाव बढ़ाते हुए बड़े भाई की भूमिका में आ जाती है और मौका मिलते ही शिखर पर पहुंच जाती है। दो चुनाव पहले तक बीजेपी हरियाणा और पश्चिम बंगाल में इंडियन नेशनल लोकदल और तृणमूल कांग्रेस के छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में उसने प्रभाव बढ़ाया। अब हालत यह है कि हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है तो तृणमूल कांग्रेस उसकी चुनौती से पार पाने का उपाय खोज रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति महाराष्ट्र में रही। पहले वह शिवसेना की बी टीम की तरह काम करती रही और पिछले कुछ चुनावों से वह पहले नंबर पर आ गई है। पंजाब में इसी तरह वह 1997 से लगातार शिरोमणि अकाली दल की बी टीम रही और इस बार उसने खुद को अकेले मैदार में उतार दिया है। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी 1998 में डीएमके के साथ रही तो 1999 में एडीआईएमके की जूनियर पार्टनर बनी। 2014 तक वह अन्ना द्रमुक के साथ रही, लेकिन अब वह तकरीबन अकेले दम पर आगे आ रही है। हाल के दिनों में पार्टी तार्किक रणनीति के साथ मैदान में उतरती रही है। उसके वायदों और शासन के तरीके पर सवाल जरूर उठ सकते हैं, लेकिन रणनीतिक कदम के लिए उसकी प्रशंसा करनी होगी। प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु को हल करने के लिए पार्टी ने अरसा पहले काम शुरू कर दिया था। केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम शुरू कराया, एक भारत, श्रेष्ठ भारत। इसके जरिए राज्यों को उनके पारंपरिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्तों के साथ जोड़ना शुरू किया। इसके तहत तमिलनाडु का काशी से संगम शुरू हुआ। काशी भगवान भोलेनाथ की नगरी है और तमिलनाडु में शैव परंपरा को मानने वालों की अच्छी-खासी संख्या है। महाशिवरात्रि के वक्त काशी में तमिलनाडु, आंध्र और कर्नाटक के यात्रियों की बाढ़ रहती है। काशी और तमिलनाडु के करीबी रिश्तों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल दिलों में उतरने की कोशिश साल 2022 में तेज की। काशी-तमिल संगमन इसकी अगली कड़ी के रूप में सामने आया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में विकास योजनाओं की तेजी लाने की कोशिश की। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा शुरू की गई स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना को पूरा करने का आश्वासन के साथ ही मछुआरों के कल्याण पर काम तेज हुए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में रोड शो किए। तमिलनाडु ऐसा राज्य है, जहां की 87 फीसद आबादी हिंदू है। इसके बावजूद राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि मारन ने सनातन धर्म पर हमला बोला। भारतीय जनता पार्टी को इस बयान ने मौका दे दिया। जिसके खिलाफ ना सिर्फ प्रधानमंत्री मुखर हुए, बल्कि अमित शाह ने भी हमला बोला। तमिलनाडु के लोग एक बात पर खूब जोर देते हैं कि उनके यहां धार्मिक कार्ड नहीं चलता। इसीलिए बीजेपी का हिंदुत्व का मुद्दा भी नहीं चलेगा।

*भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा हिंदुत्ववादी राजनीति को दो दशक पहले तक उत्तर भारत में इतना तवज्जो नहीं मिलता था कि वह केंद्रीय सत्ता की अपने दम पर दावेदारी कर सके। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी जोर लगाती रही। पार्टी तमिल सांस्कृतिक परंपराओं मसलन जलीकट्टू की बहाली का जहां समर्थन कर रही है।*

## पृथ्वी के नाम पर बस एक खास दिन

(हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार)

पृथ्वी दिवस के इतिहास को खंगालते हुए हम अगर पीछे की ओर जाएं, तो हमारी मुलाकात रचेल कार्सन से होती है। कार्सन वहां खड़ी हैं, जहां से आधुनिक दौर की पर्यावरण चेतना शुरू होती है। यहां कार्सन को याद करने का एक और कारण यह भी है कि आज से ठीक 60 साल पहले अप्रैल के महीने में ही उनका निधन हुआ था। यह सन् 1962 की बात है, जब कार्सन ने एक किताब लिखी थी- साइलेंट प्रिंग यानी मौन बसंत। कई बरस से सिंथेटिक कीटनाशकों के खतरों पर काम कर रहीं कार्सन ने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की थी, जब बसंत का मौसम तो आएगा, पर न पक्षी चहचहाएंगे और न भौंरे गुंजार करेंगे। दरअसल, वे होंगे ही नहीं, क्योंकि फसलों को बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए जिस तरह से डीडीटी जैसे कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ रहा है, उसके बाद तो इन सबके बचने की उम्मीद भी नहीं दिख रही है। कार्सन की इस किताब को लोगों ने हाथों-हाथ लिया, लेकिन उद्योगों ने इसका भारी विरोध भी किया। खुद कार्सन पर निजी हमले भी हुए। मामला अदालत में पहुंच गया और सरकारों को सफाई देनी पड़ी। इसी के साथ ऐसे वैकल्पिक कीटनाशकों को विकसित करने का दबाव भी बना, जो ज्यादा खतरनाक न हों। हालांकि, पुस्तक प्रकाशन के डेढ़ साल बाद ही कार्सन का निधन हो गया, पर पर्यावरण की चेतना का जो सिलसिला उनसे शुरू हुआ, वह फिर रुका नहीं। अब एक नजर उस दौर पर भी डाल लेते हैं, जिसने इस चेतना को जड़ें जमाने की जमीन दी। कार्सन जिस समय यह किताब लिख रही थीं, उस समय अमेरिका और पश्चिम के कई देशों में हिप्पी आंदोलन तेजी पकड़ रहा था। दूसरे विश्व-युद्ध के बाद के निर्दयी औद्योगीकरण से उकताए नौजवान ही बगावत पर उतारू थे। वे स्थापित मान्यताओं की बहुत सी जंजीरों को तोड़ देने पर आमादा थे। फिर बेवजह से लग रहे वियतनाम युद्ध से आई कहानियां पूरे अमेरिका को झझकोर रही थीं। पश्चिम से निकलकर यह आंदोलन पूरी दुनिया में फैलने की कोशिश कर रहा था। कार्सन की किताब ने नौजवानों को अपनी बगावत को सही ठहराने का एक और तर्क दे दिया था। हर तरफ चिंताएं बढ़ रही थीं कि इन नौजवानों को कैसे पटरी पर लाया जाए। ठीक इसी समय अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेलसन को एक रास्ता समझ में आया। उन्हें लगा कि इन नौजवानों की ऊर्जा को पर्यावरण से जोड़कर अच्छे भविष्य की एक मुहिम चलाई जा सकती है। उन्होंने कोशिश की, तो दुनिया की कई सरकारें और संगठन उनके साथ आ गए। यहीं से पृथ्वी दिवस की अवधारणा निकली। 22 अप्रैल, 1970 को जब पहला पृथ्वी दिवस मनाया गया, तो अकेले अमेरिका में इसके कार्यक्रम में दो करोड़ लोग शामिल हुए। कहा जाता है कि पूरी दुनिया में एक अरब लोगों ने इसमें शिरकत की। इसका श्रेय पूरी तरह से पृथ्वी दिवस को तो नहीं दिया जा सकता, पर इसी के बाद से हिप्पी आंदोलन का उबाल बैठने लग गया। हालांकि, नेलसन चाहते थे कि पर्यावरण को लेकर नौजवान एक जन-आंदोलन करें, जो सरकारों और स्थापित सत्ताओं पर दबाव बनाए। अमेरिका के नौजवानों ने तो रास्ता बदलना शुरू कर दिया, मगर बाकी दुनिया के नौजवानों में जो उथल-पुथल दिखाई दी, उसे युवा असंतोष का दौर कहा जाता है। यह वही समय था, जब 1974 में गुजरात के एक छात्रावास में छोटा-सा आंदोलन शुरू हुआ था और जल्द ही वह बिहार समेत पूरे देश में फैल गया था। कुछ समय बाद नौजवानों ने इसका नेतृत्व जय प्रकाश नारायण को सौंपा और इसको संपूर्ण क्रांति आंदोलन का नाम दिया गया। आज देश में जितने भी वरिष्ठ राजनीतिज्ञ हैं, वे किसी न किसी तरह से उस दौर की राजनीति से ही निकले हुए हैं। इसी दौरान ऑस्ट्रेलिया में कुछ लोगों ने सोचा कि पर्यावरण की इस चेतना को एक राजनीतिक आकार दिया जाए। एक समय तक तो यूरोप के कई देशों में इसका खासा असर भी दिखाई दिया। इस पार्टी ने स्थानीय स्तर पर कुछ एक चुनाव भी जीते। राजनीतिज्ञों ने इसे गंभीरता से लेना शुरू कर दिया।

## आज का राशिफल

### मेष
अपना काम निकलवाने के लिये आप स्वार्थी भी हो सकते हैं। दोस्तों के साथ आपकी समस्याओं को साझा करेंगे। लोन वगैरह के कारण कोई काम अटक सकता है। आज नये कार्यों की शुरुआत न करें। कोई नजदीकी व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। असन्तुलित खानपान के कारण आपको पाचन की समस्या होगी।

### वृष
घर की आन्तरिक साज-सज्जा में सुधार करने की योजना बनायेंगे। साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े कनफ्यूज हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

### मिथुन
आपको सामाजिक कार्यों से यश मिल सकता है। सरकारी कारणों से रुके हुये कार्यों में गति आयेगी। बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जायेंगे। सन्तान के कार्यों से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। अधिकारी आपके प्रदर्शन से काफी प्रसन्न रहेगा।

### तुला
आपको उत्तम कार्यों के लिये पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियन्त्रण पाने का प्रयास करेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। आज लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में उच्च पद मिल सकता है।

### वृश्चिक
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित व अनुशासित रखें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है। अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। अधिकारियों से ज्यादा बहसबाजी न करें। महँगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है।

### धनु
कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका मन प्रसन्न रहेगा। नये व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। सन्तान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।

### कर्क
व्यापारिक अनुबन्धों से आपको लाभ प्राप्त होगा। आज आप परोपकार को काफी महत्व देंगे। पुराना अनुभव आज आपके काफी काम आयेगा। रिश्तेदारों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। यात्राओं के लिये दिन अच्छा है।

### सिंह
सम्पत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम सम्बन्धों का भरपूर आनन्द उठायेंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे।

### कन्या
आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिये। कानूनी पचड़ों में फँस सकते हैं। कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

### मकर
कार्यक्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय देंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा सामन्जस्य रहेगा। दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझायें। घर का माहौल काफी सुखद रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिये जा सकते हैं।

### कुंभ
आज आपके मन में तनाव रहेगा। मौसमी बीमारियाँ घेर सकती है। साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा महसूस हो सकती है। रूढ़िवादी विचारों से स्वयं को दूर रखें। क्रोध करने से आपको बचना चाहिये।

### मीन
कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपसे काफी खुश रहेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिये दिन जबरदस्त रहेगा। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम सम्बन्धों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5351


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5350

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5351



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 4 जून 1959 को रिलायंस समूह के अध्यक्ष और इस प्रसिद्ध व्यवसायी का जन्म हुआ था (6)
6. मुस्लिम रीति से निकाह करवाने वाला, मुसिफ, न्यायकर्ता (2)
7. पंजाबी में बात को यह कहते है (2)
8. संसार, दुनिया, जगत (4)
9. औषधि का बना लड्डू (2)
10. उपस्थित करना, ले आना (2)
11. वह तारा जो सूर्य की परिक्रमा करता हो, सौरमंडल के पिंड (2)
13. हलफ, कसम, सौगंध (3)
14. गले में पहनने का हार (4)
17. नलाकार, अस्थि, कंबु (3)
18. इस वृक्ष के छोटे-छोटे फलों से मदिरा निर्माण भी होता है (3)
20. मद्यकुंभ, इनामल (2)
22. फोटो, चित्र, फोटोग्राफ (3)
23. अभिप्राय, प्रयोजन (4)

**ऊपर से नीचे**

1. दुर्भिक्षग्रस्त, जिस क्षेत्र में अकाल पड़ा हो (5)
2. मेरा या मेरी, वैयक्तिक, आत्मीय (2)
3. रामायण के अनुसार बालि का पुत्र जो राम की सेना में था (3)
4. छोटा बच्चा, मास्टर सूरज, जयमाला जरूश्रीटी, जगदीप आदि अभिनीत और आदर्श द्वारा निर्देशित फिल्म (1969) (3)
5. प्रसिद्ध भारतीय शतरंज खिलाड़ी जिसमें 5 बार विश्व शतरंज प्रतियोगिता जीती है (8)
8. आर्तनाद, रूदन, करूण क्रंदन (3)
12. गुणनकर्म, गड़ाई, वध (3)
15. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
16. दस्तावेज, लिखित, कलमबंदी, तहरीरी, लिपिबद्ध (3)
19. देवमूर्ति, मंदिर मूर्ति (2)
21. ख्याति, प्रसिद्धि, शोहरत (2)

### वर्ग पहेली 5350 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | दौ | र | | सु | क | रा | त |
| का | ल | म | | ख | र | ह | रा |
| र | त | | | दा | दा | | श |
| | | स | हा | य | ता | | ना |
| | अ | द | र | क | | सो | |
| बि | स | र | ना | | त | मा | म |
| | बा | | | मा | त | लि | |
| | ब | ह | री | न | | या | दें |

**घर और ऑफिस के कामों की दोहरी जिम्मेदारी का प्रेशर कहीं न कहीं पड़ता अपना रंग दिखाता ही है। वैसे, हाल ही में हुई एक रिसर्च के नतीजे बताते हैं कि वर्कप्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस लेने वाली फीमेल्स में हार्ट संबंधी बीमारियां होने के चांस ज्यादा होते हैं। महिलाओं से जुड़े मुद्दों की जानकार डॉ. रंजना कुमारी का मानना है, आजकल महिलाएं पुरुषों के मुकाबले अपनी काबलियत साबित करने की कोशिश में लगी रहती हैं।**



# दिल की करें फिक्र

वर्किंग वुमेन को कई फ्रंट्स के चैलेंज फेस करने पड़ते हैं। निजी जिंदगी की जिम्मेदारियां और कुछ कर दिखाने की चाहत से स्ट्रेस में आ जाना बड़ी बात नहीं है। हाल ही में हुई एक रिसर्च बताती है कि वर्कप्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस लेने वाली फीमेल्स में हार्ट संबंधी डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि वर्किंग वुमेन को स्ट्रेस झेलना पड़ता है। घर और ऑफिस के कामों की दोहरी जिम्मेदारी का प्रेशर कहीं न कहीं पड़ता अपना रंग दिखाता ही है। वैसे, हाल ही में हुई एक रिसर्च के नतीजे बताते हैं कि वर्कप्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस लेने वाली फीमेल्स में हार्ट संबंधी बीमारियां होने के चांस ज्यादा होते हैं। महिलाओं से जुड़े मुद्दों की जानकार डॉ. रंजना कुमारी का मानना है, आजकल महिलाएं पुरुषों के मुकाबले अपनी काबलियत साबित करने की कोशिश में लगी रहती हैं। इसके चलते उनका तनाव में आना और अपनी हेल्थ पर पूरा ध्यान न दे पाना स्वाभाविक है।

## क्या कहती है रिसर्च

हाल ही में अमेरिका की हार्ट असोसिएशन ने खासतौर से फीमेल्स पर यह रिसर्च की। लगभग 17,000 मिड ऐज फीमेल्स पर की गई इस रिसर्च में पता चला है कि जो फीमेल्स अपने वर्क प्लेस पर ज्यादा स्ट्रेस फेस कर रही हैं, उनमें से से 40 पर्सेंट महिलाओं में हार्ट संबंधी बीमारियां और 88 पर्सेंट में हार्ट अटैक के चांस बढ़ गए। इस स्टडी से जुड़ी सीनियर रिसर्चर डॉ. मिशेल ए. एल्बर्ट के मुताबिक, च्अभी तक स्ट्रेस और हार्ट डिजीज के संबंध में मेल्स को लेकर ही ज्यादा बातें हुईं। ऐसे में फीमेल्स के बारे में कोई ठोस नतीजे नहीं थे, लेकिन इस रिसर्च के बाद काफी नई बातें सामने आईं। इसमें पता चला कि जिन फीमेल्स को अपनी जॉब जाने का डर सताता है, उनमें हार्ट संबंधी प्रॉब्लम्स का रिस्क कम रहता है। वहीं, जो फीमेल्स जॉब को लेकर ज्यादा सिक्योर फील करती हैं, वह ओवरवेट या हाई ब्लड प्रेशर की शिकार हो सकती हैं।

## बदलता लाइफस्टाइल

वैसे, लेडीज की इस हालत के पीछे लाइफस्टाइल और ईटिंग हैबिट्स जैसी कई वजहें हैं। बकौल कार्डियॉलजिस्ट डॉ. के. के. अग्रवाल, च्आजकल पुराने तौर-तरीकों को उतनी तव्वजो नहीं दी जाती, बल्कि लाइफस्टाइल बहुत चेंज हो गया है। हर चीज रेडीमेड और क्विक है। जहां कई बार बासी तैयार सामान से जल्दी खाना बना लिया जाता है, वहीं स्मोकिंग-ड्रिंकिंग जैसी आदतें भी चलन में हैं। इतना ही नहीं, कई बार डाइटिंग के चक्कर में कुछ गलत रूल्स को फॉलो कर लिया जाता है ज एक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए अच्छा खाना-पीना व एक्सरसाइज के साथ स्ट्रेस को कंट्रोल करना भी आना चाहिए।

## ऐसे मैनेज करें स्ट्रेस

देखा जाए , तो घर और ऑफिस के कामों का बंटवारा करके इस स्ट्रेस को कम किया जा सकता है। काउंसिलर अशोक सिंह का मानना है , च अगर घरेलू काम का बंटवारा परिवार के हर सदस्य के बीच में करके चलें , तो काफी हद तक इस फ्रंट का स्ट्रेस मैनेज हो जाता है। ऑफिस के हर काम में खुद को ज्यादा इंवॉल्व करना या अपनी क्षमता से ज्यादा काम लेना ठीक नहीं है। अपने लिए ऐसे टारगेट भी फिक्स ना करें , जिन्हें तय समय में पूरा न कर पाएं। इससे बेवजह प्रेशर पड़ने के अलावा परफॉर्मेंस पर भी बुरा असर पड़ेगा। च कलीग्स के साथ बेहतर तालमेल बैठाकर आप स्ट्रेस से बच सकती हैं। आपकी इस पॉजिटिव अप्रोच को काफी सराहा भी जाएगा।

## एक नजर इधर भी ...

**कहीं आपको ऐसा , तो नहीं लग रहा कि वर्किंग वुमन होना एक प्रॉब्लम है। ऐसा नहीं है। वर्किंग होने के नाते आप खुद का लिविंग स्टैंडर्ड ऊंचा उठाने के साथ ही बच्चों को भी बेहतर लाइफ दे सकती हैं। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में हुई एक हालिया स्टडी भी कुछ ऐसा ही बताती है :**

- बच्चों को अच्छी हेल्थ मिलने के साथ ही उनकी प्रगति के रास्ते खुलते हैं।
- बच्चों को स्कूल में बिहेवियर संबंधी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता।
- उनके ऐकडेमिक रिपोर्ट में भी बेहतर प्रदर्शन की संभावना दर्ज की जाती रही है।
- कई बार ऐसी मांएं अपने बच्चों के लिए रोल मॉडल के तौर पर सामने आती हैं।

# कैसे पुरुषों को पसंद करती हैं महिलाएं ?

लड़के अगर कुछ फैक्टर्स के बल पर लड़कियों को पसंद करते हैं, तो इस मामले में लड़कियां भी कोई कम नहीं हैं। लड़कों को पसंद करने के उनके अपने कायदे हैं और वे खुद से बेटर पोजिशन वाले को जल्दी पसंद कर लेती हैं। इसके लिए वे कुछ ऐसी बातों तक को इग्नोर कर देती हैं, जिनसे समझौता आमतौर पर मुश्किल होता है।

मशहूर दार्शनिक फ्रायड ने कहा था कि उन्हें इस बात का जवाब कभी नहीं मिला कि एक औरत अपनी जिंदगी से क्या चाहती हैं। कुछ ऐसी ही उधेड़बुन से आपको आज की ज्यादातर महिलाएं भी जूझती दिख जाएंगी। बेशक इस कन्फ्यूज़न के केंद्र में शादी और उससे जुड़े सवाल ही अहम रहते हैं। ऐसे में यह सोचना कि महिलाएं फ़ाइनैंशल तौर पर पुरुषों पर निर्भर नहीं होना चाहतीं, पूरी तरह से सच नहीं है। आज की महिलाएं भी बेहतर करियर से ज्यादा खुशहाल परिवार का सपना देखती हैं। हालांकि, इस बात को खुले तौर पर मानने में उन्हें थोड़ी हिचक होती है। जी हां, तमाम स्टडी से यह बात साबित हुई है। अक्सर देखा भी गया है कि लड़कियां बॉयफ्रेंड को शादी के लिए मना कर देती हैं। उनका कहना होता है कि वे अपने करियर में आगे बढ़ना चाहती हैं और अभी सेटल होने के बारे में नहीं सोच रही हैं। लेकिन, हायर डिग्री वाले या फिर हाई इनकम वाले वेल-सेटल्ड लड़के के साथ उनका रवैया ऐसा नहीं रहता। ऐसे पुरुष के साथ शादी के प्रपोजल को वे झट मान जाती हैं।

## पुरानी सोच का डर

इसी तरह की एक रिसर्च से जुड़ीं लंदन स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स की रिसर्चर कैथरिन हाकिम बताती हैं, दुनिया भर में विमिन इम्पॉवरमेंट की बातें लगभग 40 साल से चल रही हैं। ऐसे में बस हाउसवाइफ बनने की बात को महिलाएं स्वीकार नहीं पातीं। अगर यह बात उनके मन में होगी, तो भी वे दकियानूसी कहलाए जाने के डर से यह बात नहीं कहेंगी। हालांकि, हमारे आसपास ऐसी तमाम महिलाएं हैं, जो फाइनैंशल मैटर्स के लिए अपने पार्टनर पर डिपेंड रहना चाहती हैं।

गौर करने वाली बात यह है कि उम्र ज्यादा होने पर भी महिलाएं ऐसे साथी के सपने संजोए रहती हैं , जो हर लिहाज से उनसे आगे हो। रिसर्च के दौरान देखा गया कि कई यूरोपियन देशों की उम्रदराज महिलाएं भी शादी के लिए तभी तैयार हुईं , जब उन्हें अपने से ज्यादा धनवान और पढ़े - लिखे पुरुष मिले। ब्रिटेन में लगभग 50 साल पहले हुई एक रिसर्च में 20 फीसदी महिलाएं अपने से ज्यादा पढ़े-लिखे पुरुष से शादी करना चाहती थीं , वहीं पिछले दशक में ये आंकड़े 38 फीसदी तक पहुंच चुके हैं। यही पैटर्न पूरे यूरोप , यूएस और ऑस्ट्रेलिया में भी नोट किया गया। जाहिर है , तेजी से वेस्टर्न कल्चर में ढल रहीं इंडियन मेट्रोज की महिलाएं भी इस राह पर हैं।

## नजरिया अलग - अलग

हालांकि इस रिसर्च को लेकर महिलाओं की राय अलग - अलग है। जहां, कुछ इससे सहमत नजर आती हैं , वहीं कुछ को इसमें दम नजर नहीं आता। एक एचआर फर्म में बतौर हेड काम कर चुकीं श्रुति सिंह इस बात से पूरी तरह सहमत नहीं दिखतीं। श्रुति का कहना है , मैंने लव मैरिज की और हाल में अपनी जॉब से रिजाइन दिया है। दरअसल , मेरे हज्बंड को पांच साल के लिए लंदन की एक आईटी कंपनी में जॉब मिली है और मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। मेरा फैसला इमोशंस और जिम्मेदारी से लिया गया है। इसमें उनके पैकेज की बात कहीं नहीं है। फिर वहां जाने पर भी मैं पढ़ाई या जॉब कर सकती हूं।

वैसे , बैंक प्रफेशनल निहारिका जोशी ऐसे मैच को बेस्ट ऑप्शन मानती हैं। उनका कहना है , % जिंदगी में घर और ऑफिस की दुधारी तलवार पर लटकने से क्या मिलेगा ? आपको घर की जिम्मेदारी तो निभानी ही होगी , तो अच्छा है कि ज्यादा पैकेज वाले पुरुष से शादी की जाए। इस तरह न तो बॉस की धौंस सहनी पड़ेगी और एक स्टैंडर्ड के घर का आराम भी मिलेगा।

इस बात का एक और पहलू मीडिया प्रफेशनल गौरी कपूर सामने रखती हैं। वह कहती हैं , हर सफल पुरुष ऐसी बीवी चाहता है , जो अपने लेवल पर सफल हो। इसलिए महिलाओं से जुड़ी इस रिसर्च में मुझे खास दम नहीं लग रहा है।

## जानते हैं पुरुष भी

गुड़गांव की एक फूड बेवरेज फर्म में काम करने वाले गौरव कपूर की बात से यंग जेनरेशन की अप्रोच एकदम क्लीयर हो जाती है। वह मानते हैं कि सही पोस्ट और पैसे से लड़की ही नहीं , बल्कि उसकी फैमिली को इंप्रेस करना भी आसान रहता है और रिश्तों में अनबन की गुंजाइश भी कम होती है। बकौल गौरव , % मैंने अपनी गर्लफ्रेंड से साफ कह दिया है कि जब तक मैं सीनियर मैनेजर की पोस्ट पर नहीं आ जाता , सेटल होने का सवाल ही नहीं उठता है। इससे उसे भी कोई ऐतराज नहीं है , क्योंकि उसकी फैमिली को भी तो ऊंची पोस्ट का दामाद पसंद आएगा !

कुछ पुरुष इस मामले को थोड़ा और दूर ले जाते हैं। उनका कहना है कि हाई सोसाइटी की तमाम महिलाएं अपने पार्टनर के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर तक को इसी वजह से इग्नोर कर देती हैं। सुंदर और सुरक्षित भविष्य की चाहत में सब कुछ जानते हुए भी वे ज्यादा हायतौबा नहीं मचातीं। इस तरह सोसाइटी में उनकी बेइज्जती भी नहीं होती और ऐशोआराम की जिंदगी भी बनी रहती है।



# वास्तुशास्त्र को अपनाकर जीवन में भरें रंग

**कई बार घर की समस्याओं को दूर करने के लिए भी वास्तु का प्रयोग किया जाता है वास्तुविज्ञान के नैशनल चैयरमेन तजेंद्र पाल त्यागी ने बताया कि जिस प्रकार अनुलोम-विलोम करने से जिस प्रकार शरीर को आंतरिक सफाई होती है उसी प्रकार 6 माह में एक बार घर को नमक डालकर धोने के बाद ठंडे पानी से धोना चाहिए। जिससे गर्म और ताप गर्म परिवर्तन की वजह से फ्लोर पर जमी हुए नेगेटिव एनर्जी खत्म हो जाती है। यह प्रॉसेस ऑफ स्ट्रेस रिमूवल कहलाता है।**



वास्तुशास्त्र का इस्तेमाल आज हर क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। लोग अपने घरों में सुख, शांति, अच्छी नौकरी, करियर बिजनेस, धन, संपत्ति और स्वस्थ रहने के लिए वास्तु का प्रयोग कर रहे हैं। कई बार घर की समस्याओं को दूर करने के लिए भी वास्तु का प्रयोग किया जाता है वास्तुविज्ञान के नैशनल चैयरमेन तजेंद्र पाल त्यागी ने बताया कि जिस प्रकार अनुलोम-विलोम करने से जिस प्रकार शरीर को आंतरिक सफाई होती है उसी प्रकार 6 माह में एक बार घर को नमक डालकर धोने के बाद ठंडे पानी से धोना चाहिए। जिससे गर्म और ताप गर्म परिवर्तन की वजह से फ्लोर पर जमी हुए नेगेटिव एनर्जी खत्म हो जाती है। यह प्रॉसेस ऑफ स्ट्रेस रिमूवल कहलाता है। यह बिल्कुल उसी तरह है जिस प्रकार व्यक्ति स्ट्रीम बाथ के बाद नॉर्मल बाथ लेकर स्वयं को तरोताजा महसूस करता हैं।

रंग किसी भी इंसान के जीवन में बेहद महत्वपूर्ण होते है जो कि इंसान के जीवन को प्यार से भर देते है। इसी तरह वास्तु में लव कलर्स का चयन करके जीवनर में खुशियां भर देते हैं। उत्तर दिशा में हरे रंग, पश्चिम दिशा में नीले रंग, साउथ में लाल और ईस्ट में पीले रंग का प्रयोग किया जाना अति उत्तम होता है। इन दिशाओं के अंदर यह कलर शामिल किए जाने से वाइबेशन मिलती है। इनसे निकलने वाली फ्रिक्केंसी व्यक्ति की बॉडी से मैच किए जाने से पॉजीटिव एनर्जी मिलती हैं। इसके अलावा वास्तु के अनुसार लाल रंग से खोया हुआ प्यार वापस मिलता है। ऑरेंज कलर शुद्धता का प्रतीक, नीला कलर प्यार बढा़ने का कार्य, पिंक कलर हमेशा दिमांग को ठंडा रखता हैं। चटख रंगों से रिश्तों में रोमानियत ला सकते हैं।

## वास्तु के अनुसार रुम

कपल्स और शादीशुदा जोड़े के बीच आपसी प्यार बढ़ाने के लिए साउथ-ईस्ट में होना चाहिए जबकि हेड ऑफ फैमिली का साउथ वेस्ट में होना चाहिए। छोटे बच्चें का बैडरुम ईस्ट और पैसा कमाने वाले का नॉर्थ में होना चाहिए। एनसीआर रिजन में किचन की दिशा साउथ-ईस्ट में होनी चाहिए। ऐसा किए जाने से पश्चिमी हवा किचन में खाना बनने से इस्तेमाल होनी वाली एनर्जी की दुर्गंध को ईस्ट की खिड़की से बाहर निकाल देती हैं। बताया गया है कि इन डायरेक्शन से इंफ्रारेड रेज आती है। जिससे व्यक्ति की ग्रोथ भी होती है और एनर्जेटिक भी होता हैं। अपने कमरे की दीवारों पर हल्का हरा, हल्का गुलाबी या नीले रंग का पेंट करवाएं। हल्कें रंगों से आपको सुकून का एहसास होगा। कपल्स और शादीशुदा जोड़े कमरे में समुद्र , झरनों या इठलाती नदियों की पेटिंग्स लगा सकते हैं। ऐसी पेटिंग्स कपल्स के बीच रूमानियत पैदा करती हैं। बेडरुम में हमेशा हल्के कलर की बेडशीट और जिसमें फूलों के डिजाइन बने हुए हो। पिंक और रेड कलर की बेडशीट उन लोगों के लिए खासतौर से अच्छी रहती हैं, जो शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। घर में शांति और प्यार बढ़ाने के लिए बेडरूम हमेशा स्कवेयर और त्रिकोणीय होना चाहिए। साथ ही बेडरूम में रखी हुई चीजें हमेशा साफ-सुथरी होनी चाहिए। उन पर कभी भी धूल नहीं होनी चाहिए।



## बेकार सामान को बाहर का रास्ता दिखाएं

वास्तु के अनुसार घर का इंटीरियर जितना खूबसूरत और करीने से लगाया जाएगा, रिश्तों में उतनी ही ताजगी रहेगी। मजबूत और अच्छे रिलेशनशिप के लिए घर पर कभी भी बेकार की चीजों का ढेर नहीं लगाना चाहिए। घर में किताबे, कपड़े और एंटिक चीजों को छोड़कर एक वर्ष से इस्तेमाल नहीं हुई खूबसूरत, जिंदा चीजों को बाहर कर दें या किसी को दान कर दें। ऐसा करने से सोशल एंगल से फायदेमंद होगा बल्कि डिग्री ऑफ फ्रीडम और मूवमेंट को बढ़ावा मिलेगा। डस्ट भी इकट्ठा नहीं होने से आपके दिमाग का भारीपन भी कम होगा।

सोते समय मुंह दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए क्योंकि मनुष्य के अंदर हीमोग्लोबीन में आयरन होता है। आयरन स्वयं ही चुंबकीय गुण रखता है। यह चुंबकीय गुण पृथ्वी के मैग्नेटिक फील्ड के साथ मैच करने से ब्लड प्रेशर और ब्लड सर्कुलेशन की बीमारियों से छुटकारा मिलता हैं। स्टडी करने वाले बच्चे का स्टडी रुम पश्चिम दिशा में होना चाहिए। ऐसा करने से सूर्य की लाल किरणें मिलने के कारण बच्चें की पढ़ाई की टेंडेंसी बढ़ती है और चीजों को जल्दी से कवर करता हैं।

## पूजा के मंदिर और तुलसी पर भी ध्यान दें

पूजा के मंदिर को उत्तर या पूर्व या उत्तर पूर्व के बीच की दिशा में रखें। ड्राइंग और किचन रुम में भी इसे रखा जा सकता है। पवित्र माने जाने के कारण इसे बैडरु म में रखें जाने से परहेज करें। तुलसी में एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। इसलिए इससे जहरीली कीड़े-मकोड़ो साप और बिच्छू से तो बचाव होता है और शीतलता प्रदान करती हैं। इसलिए इसे उत्तर-पूर्व के बीच की दिशा ईशान कोण के आसपास रखना चाहिए। सूर्य की इंफ्रारेड रेज मिलने से तुलसी की ग्रोथ और बढ़ती हैं।

कोशिश करे कि फर्नीचर डिवाइन ज्यूमैट्रिकल रेशों में बने होने के कारण शुभ माना जाता हैं। भारी फर्नीचर ड्राइग टेबिल, अल्मीरा आदि को साउथ और वेस्ट के बीच की दीवार, हल्के फर्नीचर मूड़ा, चेयर और सिंगल सोफा को उत्तर और पूर्व की दीवार से सटाकर रखें। अगर तीन सीट का सोफा है तो साउथ-वेस्ट ओर सिंगल को नॉर्थ और ईस्ट की दीवार पर रखें। क्योंकि इस प्रकार के फनीर्चर रखें जाने से अल्ट्रावॉयलेट रेजों से बचाव होता है। यह रेंज मनुष्य के सेहत से काफी खतरनाक मानी जाती हैं।



# बेटी की लव लाइफ पर चंकी पांडे ने की बात

बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे ने अपनी बेटी अनन्या पांडे की पर्सनल लाइफ पर बात की है। एक इंटरव्यू में चंकी ने कहा है कि वो अपनी 25 साल की बेटी को कंट्रोल नहीं करते और उन्हें अपने फैसले लेने देते हैं। चंकी ने अपने दम पर बॉलीवुड में जगह बनाने के लिए अनन्या की तारीफ की है। एक इंटरव्यू में चंकी से अनन्या के आदित्य रॉय कपूर के साथ रिलेशनशिप को लेकर सवाल किए गए थे। उन्होंने इस बारे में कहा, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। अनन्या 25 साल की हैं और मुझसे ज्यादा पैसे कमा रही हैं। वे जो चाहें कर सकती हैं। मैं कैसे अपनी 25 साल की बेटी को कुछ कहने की हिम्मत कर सकता हूं।

## बेटी के इंटिमेट सींस से नहीं परेशानी

चंकी को फिल्मों में अनन्या के इंटिमेट सींस करने से भी कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा, मैं इसमें ओके हूं। मैंने हॉलीवुड फिल्मों में भी ऐसे सींस देखे हैं। इसमें कोई नुकसान नहीं है और हमें ये एक्सेप्ट करना पड़ेगा। चंकी से जब पूछा गया कि क्या उनकी बेटियां उनसे सलाह मांगती हैं तो उन्होंने कहा, मेरी दोनों बेटियां अपनी मां भावना के करीब हैं। जब उन्हें किसी चीज की जरूरत होती है तो वो मुझे कॉल कर लेती हैं। उन्हें जब भी मेरी सलाह की जरूरत पड़े, मैं मौजूद रहता हूं। चंकी ने बेटी अनन्या की तारीफ करते हुए कहा, सबसे बड़ा प्राउड मोमेंट वो था जब उसे अपनी पहली फिल्म मिली। मुझे लगता है कि मेकर्स को लगा था कि वो बहुत छोटी है लेकिन जब उसने ऑडिशन दिया तो उसे फिल्म मिल गई। फैमिली प्रेशर की वजह से मैंने उसका एडमिशन न्यूयॉर्क और लॉस एंजिलिस के कॉलेज में कराया था।

## डेटिंग को लेकर सुर्खियों में हैं अनन्या

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या ने 2016 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड डेब्यू किया था, पिछले साल उन्हें 'ड्रीमगर्ल-2' और खो गए हम कहां जैसी फिल्मों में देखा गया था। इन दिनों वे 'कंट्रोल' और 'शंकरा' जैसी फिल्मों की शूटिंग कर रही हैं। लव लाइफ की बात करें तो इन दिनों अनन्या आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं। दोनों ने भले ही अभी तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल नहीं किया है पर ये कई मौकों पर साथ नजर आते हैं। यहां तक कि अनन्या ने पिछले साल अपना बर्थडे भी आदित्य रॉय कपूर के साथ मालदीव में मनाया था।



# सामंथा ने फहाद फाजिल की आवेशम पर दी प्रतिक्रिया

**फहाद फाजिल इस वक्त अपनी हालिया रिलीज फिल्म आवेशम की वजह से चर्चा में हैं। ये फिल्म उन मलयालम फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है, जिन्होंने अपने अनोखेपन के कारण पूरे देश भर में चर्चाएं बटोरी हैं। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में फहाद के अभिनय की काफी सराहना की जा रही है।**


फिल्म को पसंद करने वालों की लंबी लिस्ट में मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु भी जुड़ गई हैं। उन्होंने फिल्म देखने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। 23 अप्रैल को सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, फिल्म आवेशम में हर तरह का पागलपन था, इसमें जिस तरह का पागलपन है वो मुझे काफी पसंद है। यह फिल्म रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बनी है। हर दूसरे सीन के साथ फिल्म का जॉनर बदलता रहता है। मैं डरी हुई थी, मैं हंस रही थी।

## लोगों को फिल्म देखने की दी सलाह

सामंथा ने आगे कहा, कुछ फिल्में सिनेमाघरों के अनुभवों के लिए ही बनी होती हैं। यह भी एक ऐसी फिल्म है। सामंथा ने लिखा, फहाद फाजिल की फिल्म किसी को भी मिस नहीं करनी चाहिए । इस अविश्वसनीय टीम को बधाई। आप लोग सच में एक अदभुत प्रेरणा हो।


## तीन दोस्त और एक माफिया की कहानी है आवेशम

आवेशम तीन नौजवानों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने बेंगलुरू आते हैं। वहां इन तीनों की कुछ सीनियर्स के साथ झड़प हो जाती है। इसका बदला लेने के लिए तीनों एक स्थानीय माफिया की मदद लेते हैं। इसके बाद पूरी कहानी रंगा के साथ इनकी बातचीत के आसपास घूमती रहती है। इस फिल्म का निर्देशन जीतू माधवन ने किया है, जो रोमांचम का निर्देशन भी कर चुके हैं। फिल्म 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# शैतानी रस्में में मेरा किरदार वंडर वुमन के साथ काली मां की उग्रता का मिश्रण

शैतानी रस्में में निक्की की भूमिका निभाने वाली नकियाह हाजी अपने नए किरदार माया के लिए नया लुक जारी करेंगी। इस लुक को एक्ट्रेस ने गैल गैडोट की वंडर वुमन के साथ काली मां की उग्रता का मिश्रण करार दिया। एक्ट्रेस ने कहा, शो में मेरे नए किरदार माया के लिए खास लुक है। उनका लुक मॉडर्न और ट्रेडिशनल का मिक्सअप है, जिसमें गैल गैडोट की वंडर वुमन के स्वभाव के साथ काली मां की उग्रता का संयोजन है। नकियाह ने कहा, यह ताकत, रोष और भावना से भरा हुआ है। इस ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरने में मुझे लगभग तीन घंटे लगे, जिसमें बॉडी पेंट लगाना और भारी सामान शामिल था। यह कोई आसान प्रक्रिया नहीं थी, लेकिन मेरे पास एक अद्भुत टीम थी, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए बेहद प्रयास किए कि सब कुछ सही दिखे। अपकमिंग एपिसोड की ओर इशारा करते हुए, नकियाह ने खुलासा किया कि उनके किरदार निक्की में एक बड़ा बदलाव आया है और वह एक नए रूप में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, वह अब एक ऐसी भूमिका निभा रही है जहां वह अपने परिवार की रक्षा करने के लिए कुछ भी कर सकती है, ठीक उसी तरह जैसे एक शेरनी अपने शावक की रक्षा करती है।



# किंग में सुहाना खान के साथ नजर आएंगे शाहरुख, ग्रे शेड लिए होगा किरदार

सुहाना खान ने हाल ही में द आर्चीज' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। दर्शकों ने फिल्म को पूरी तरह से नकार दिया। इस असफलता की उम्मीद किसी को नहीं थी। विशेष रूप से सुहाना खान के पिता शाहरुख खान को। प्राप्त समाचारों के अनुसार अब शाहरुख खान ने स्वयं अपनी बेटी का करियर संवारने की जिम्मेदारी ले ली है। वो सुहाना खान के साथ किंग नामक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म को निर्देशक सुजॉय घोष निर्देशित करेंगे। सुजॉय घोष सिद्धार्थ आनंद की प्रोडक्शन कंपनी मार्फिलक्स पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों के लिए किंग मूवी लेकर आ रहे हैं। खबर के मुताबिक, पहले इस फिल्म में शाहरुख खान कैमियो करने वाले थे, लेकिन अब खबर है कि शाहरुख इस फिल्म में बेटी सुहाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, पिछले कई महीनों में शाहरुख खान की इस फिल्म को कई बार लिखा गया, कई बार पॉलिश किया और अब इस फिल्म की स्क्रिप्ट को बदल कर इस तरह लिखा गया है कि शाहरुख अपनी बेटी सुहाना के साथ लीड रोल में नजर आएंगे। बता दें, फिल्म से जुड़े सूत्रों के हवाले से ये जानकारी भी सामने आई है कि इस फिल्म में शाहरुख खान सुहाना के पिता का रोल नहीं निभाएंगे। इस फिल्म में शाहरुख सुहाना के मेंटर के रूप में नजर आएंगे। मई के महीने में इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। वहीं, शूटिंग अगस्त या सितंबर में शुरू हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म किंग में शाहरुख को डॉन के किरदार में देखा जायेगा। उका ये किरदार अनोखा और नया होगा जिसका फैंस इंतजार कर रहे थे। खास बात ये है कि शाहरुख लंबे समय बाद एक बार फिर ग्रे शेड्स में नज़र आने वाले हैं। फिल्म किंग में शाहरुख़ खान एक गुरु के रूप में दिखेंगे और सुहाना उनकी शिष्या। दोनों के बीच कुछ एक्शन के इंटेंस सीन भी दिखाए जायेंगे। इस फिल्म के लिए शाहरुख़ खान ने अपना लुक भी पूरी तरह से बदल लिया है। एक्टर किंग में लंबे बालों वाले हेयरस्टाइल और छोटी दाढ़ी के साथ दिखेंगे। उनका ये ग्रे शेड्स वाला रोल इस लुक पर शानदार लगने वाला है। इसके साथ ही फिल्म में उनका स्वैग सारी कमियों को पूरा करने के लिए काफी होगा।

# कपिल शर्मा के शो में हुआ खुलासा, आखिर अवॉर्ड शो में क्यों नहीं जाते आमिर

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आएंगे। शो के मेकर्स ने बुधवार को नया प्रोमो जारी किया, जिसमें एक्टर को शो के कलाकारों के साथ मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। आमिर को पिछली बार लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आमिर ने कई किस्से भी सुनाए। यह पहली बार है जब आमिर इस शो में नजर आ रहे हैं। वह सीमित जगहों पर ही जाने के लिए जाने जाते हैं। एपिसोड के दौरान, आमिर ने यह खुलासा भी किया कि वह अवॉर्ड शो में क्यों नहीं जाते। उन्होंने कहा कि समय बहुत कीमती है और इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने पीके फिल्म के आइकोनिक रेडियो सीन के बारे में बात की, जहां वह रेलवे ट्रैक पर बिना कपड़ों के दौड़ते हैं। आमिर ने बताया कि वह शो में शॉर्ट्स पहनकर आना चाहते थे लेकिन उनकी टीम ने उन्हें जींस पहनने के लिए कहा। द ग्रेट इंडियन कपिल शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम है।



# तापसी और रकुल की शादी मेरे लिए काफी भावुक पल था

एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने खुलासा किया है कि उनकी खास दोस्त तापसी पन्नू और रकुल प्रीत सिंह की शादियों के दौरान उनकी भूमिका सबसे अच्छी थी। तापसी ने 23 मार्च को उदयपुर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ शादी की, जबकि रकुल ने 21 फरवरी को गोवा में एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए। लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने अपनी दोस्त तापसी और रकुल की शादी में दुल्हन की सहेली की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, मेरे पास दुल्हन की सहेली की बड़ी जिम्मेदारी थी। रकुल को सेट पर रहना ज्यादा पसंद था। रकुल चाहती थी कि हर कोई समय पर आए, समय पर वहां पहुंचे और समय से तैयार रहे। मुझे लगता है कि वह इसको लेकर काफी गंभीर थी। इसके बाद 46 वर्षीय एक्ट्रेस ने तापसी की शादी के बारे में बात करते हुए इसे कूल बताया। तापसी बिल्कुल ऐसी है, शांत। जब तुम्हें वहां आना हो तो आ जाओ। इसलिए उन दोनों के साथ यह बिल्कुल अलग था। एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी शादियों को देखना उनके लिए इमोशनल मोमेंट था। लक्ष्मी ने कहा, उन दोनों की शादी मेरे लिए बहुत इमोशनल मोमेंट था, क्योंकि हमारी दोस्ती 10 सालों से भी ज्यादा समय की है। उन्हें न केवल अपने करियर के साथ, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के साथ भी पूरी तरह से जुड़ते हुए देखना, मेरा लिए बेहद खास था। मैं बस इतना ही कह सकती हूं।





# डिप्रेशन में खुदकुशी के ख्याल आए, मगर हार नहीं मानी

**अध्ययन सुमन ने अपने करियर में राज 2, जश्न, हार्टलेस जैसी कई फिल्मों में काम किया मगर पहली फिल्म की कामयाबी के बाद उनका करियर ही नहीं उनकी निजी जिंदगी भी कई उतार-चढ़ावों से गुजरी। आश्रम जैसी वेब सीरीज से उनकी शानदार वापसी हुई और इन दिनों वे चर्चा में हैं संजय लीला भंसाली की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी से। इस मुलाकत में वे अपने करियर के मुश्किल दौर, माता-पिता, शादी, दिल टूटने, हीरामंडी, संजय लीला भंसाली, रिचा चड्ढा जैसे कई मुद्दों पर बातें करते हैं।**

**आपके लिए वो दौर कितना मुश्किल था, जब आप कंगना रनौत के प्रकरण से गुजरे, आप पर ड्रग्ज के आरोप लगे, आपको अनुशासनहीन करार दे दिया गया?**

कठिन था वो दौर। मेरे बारे में ये बातें 15 साल पहले कही गई थीं और उसके बाद मैंने अपनी जिंदगी में बहुत कुछ देखा। बस एक बात मेरे मन में पैठ गई कि अगर मुझे अपने बारे में लोगों की धारणा बदलनी है, तो मुझे मेहनत करनी होगी और सक्सेज पाना होगा और आज जब हीरामंडी चर्चा में है, तो लोग मेरे काम के कारण उन पुरानी बातों को भूल चुके हैं। हालांकि बहुत मुश्किल था, जब पहचान होते हुए भी मेरी कोई पहचान नहीं थी। राज 2 के साथ मेरी धमाकेदार शुरुआत हुई, फिर मैंने जश्न की, इनके गाने सुपर हिट हो गए, मगर फिर मुझे काम मिलना बंद हो गया। दस साल तक मैं घर पर बैठा रहा, मुझे लगा, मैं दुनिया में हूं ही क्यों? मुझे खुदकुशी खयाल आने लगे। मैं डिप्रेशन में चला गया। मगर मैं हर दिन आईने में देखकर खुद से यही कहता कि तुझे हार नहीं माननी है। हार न मानने की जिद न मेरे मां-बाप कर पाए, न दोस्त। ये मैंने खुद के लिए किया। मैं रोज जिम जाता था। मैंने डायरेक्शन को आजमाया, गाने बनाने शुरू किए। मेरा गाना प्रकाश झा साहब ने देखा। फिर मुझे आश्रम मिली, दो छोटी फिल्मों में मौका मिला और आज मैं हीरामंडी का हिस्सा हूं। मैं मिस इंडिया दिविता राय के साथ लव स्टोरीज ऑफ नाइंटीज जैसी फिल्म कर रहा हूं। विजय राज के साथ मैंने एक थ्रिलर फिल्म पूरी कई है वहम। एक और फिल्म है इन ट्रैप और इसके अलावा मैं एक बड़ा शो प्रड्यूस भी कर रहा हूं। मैं आज जो कुछ हूं, मेरे अतीत के अनुभवों से हूं।

**क्या ये सच है कि हीरामंडी की भूमिका के लिए पहले आप रिजेक्ट हो गए थे?**

हां, ये सच है। देखिए, मेरे अभिनय की 15 साल की एक जर्नी रही है और हर एक एक्टर का सपना होता है कि संजय लीला भंसाली के साथ उसे काम करने का मौका मिले। हालांकि मैंने सोचा नहीं था कि ऐसा कुछ होगा। आश्रम में मेरे किरदार की सफलता के बाद भी मैंने देखा कि इंडस्ट्री मुझे वैसे एक्सेप्ट नहीं कर रही है, जिसे मैं चाहता हूं। कहीं न कहीं अपने काम को लेकर मैं फिर से निराश होना शुरू हो गया था, मगर फिर मुझे ऑडिशन का मौका मिला और मैंने जिन हालात में ऑडिशन किया, उसमें मुझे ये रोल नहीं मिला। दो महीने बाद मुझे दोबारा फोन आया और मैं अचंभित हो गया, जब ये रोल मुझे मिला।

**रोल के लिए कोई खास तैयारी की?**

मैं इसमें बिगड़ैल नवाब जोरावर अली खान की भूमिका में हूं। ये बहुत ही एरोगेंट और अय्याश टाइप का नवाब है। ये बेहद ग्रे किरदार है, जो अपने अलावा और किसी से प्यार ही नहीं करता। दूसरे किरदारों के साथ उसके डायनेमिक्स काफी अच्छे हैं। लज्जो बनी रिचा चड्ढा को जोरावर से मोहब्बत होती है। यह एक बेहद दमदार किरदार है। इस रोल को करते हुए नुक्ते लगाना, उर्दू बोलना बहुत जरूरी था। आप बॉडी बनाओ या खुद को ट्रांसफॉर्म करो या फिर कितनी भी तैयारी क्यों न करो, आप जैसे ही सेट पर जाओगे सर (संजय लीला भंसाली) सब कुछ बदल देंगे। सेट पर वे एक सीन को चार अलग-अलग तरह से शूट करते हैं। सर आपको एक से दस के बीच ले जाते हैं, मगर दस से बारह तक आपको जाना होता है। वे दस के बाद आपको खुला मैदान दे देते हैं कि एक अभिनेता उसे अपने अंदाज में जी सके।

**ऋचा चड्ढा का साथ कैसा रहा?**

वे बेहद कमाल की अदाकारा हैं। बेहद सिक्योर और जमीन से जुड़ी अभिनेत्री हैं। पहले दिन की शूटिंग के बाद रात को दो बजे मुझे उनका वॉइस नोट आया। उन्होंने बहुत सारी बातें कीं और बोलीं कि तुम बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता हो, जबकि दुनिया ने तुम्हारे बारे में कुछ अलग ही बातें फैला रखी हैं और मुझे खुद पर गुस्सा आ रहा है कि कुछ हद तक मैंने भी उन बातों। पर विश्वास किया था, मगर तुमने उन सारी बातों को गलत साबित किया। बस इसी तरह मेहनत करते रहो। तुम एक प्योर आर्टिस्ट हो। उनका ये वॉइस नोट मेरे लिए बहुत बड़ी बात रही।

**आप अपना सोशल मीडिया कैसे हैंडल करते हैं?**

अब एक टीम रखी है, जो मेरा सोशल मीडिया हैंडल करती है। मगर मैं समझता हूं कि सोशल मीडिया सही रीजन के लिए होना चाहिए। सोशल मीडिया ये तय नहीं करता कि आप अच्छे एक्टर हैं। ये कनेक्टिविटी के लिए होता है। ट्रोल्स की मैं ज्यादा चिंता नहीं करता। मुझे लगता है, जो लोग बेरोजगार हैं, वही यहां इस तरह की बातें करते हैं। मैंने सुना है कि एलन मस्क नए ट्वीट करने वालों से ट्वीट करने के पैसे लेने वाले हैं। मैं सोचता हूं कि तब इन बेरोजगारों का क्या होगा?

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय आईटी क्षेत्र में लगातार दूसरे साल राजस्व वृद्धि में कमी : क्रिसिल




**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र में लगातार दूसरे साल राजस्व वृद्धि में नरमी देखी जा रही है। एक घरेलू रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को कहा कि यूरोप और अमेरिका में प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई है, जिसके कारण घरेलू आईटी सेवा कंपनियों का राजस्व में वृद्धि में नरमी है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में यह क्षेत्र 5-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस उद्योग का कुल आकार 250 अरब अमेरिकी डॉलर आंका गया है और यह 50 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है। क्रिसिल के निदेशक आदित्य झावर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भी प्रौद्योगिकी खर्च में नरमी जारी रहेगी, जिससे आईटी सेवा प्रदाताओं की राजस्व वृद्धि पर असर पड़ेगा। हालांकि, उद्योग का परिचालन लाभ मार्जिन 22-23 प्रतिशत पर स्थिर रहेगा। इसका श्रेय कर्मचारी लागत के विवेकपूर्ण प्रबंधन को दिया जा सकता है। एजेंसी ने कहा कि उच्च ब्याज दरों और ग्राहक बाजारों में आर्थिक नरमी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई), खुदरा, प्रौद्योगिकी और संचार क्षेत्रों में कंपनियों के प्रौद्योगिकी मद में खर्च में मामूली वृद्धि हुई। झावर ने कहा कि बीएफएसआई और खुदरा क्षेत्रों से राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 4-5 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ेगा।

### एफपीओ के बाद बाजार में हुई शेयरों की लिस्टिंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफपीओ के बाद टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के इक्विटी शेयरों की गुरुवार शेयर बाजार में लिस्टिंग हो गई। कंपनी के एफपीओ को को निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, और इन्हें करीब गुना अधिक सब्सक्राइब किया गया था। हालांकि बाजार में शेयरों की लिस्टिंग 10त्न के डिस्काउंट के साथ हुई है। एफपीओ के पहले कंपनी के 5012 करोड़ शेयर लिस्टेड थे। गुरुवार को एफपीओ के बाद कंपनी के 1636 करोड़ नए शेयर लिस्ट हुए हैं। एफपीओ के बाद अब कंपनी के कुल 6648 करोड़ शेयर बाजार लिस्टेड हैं। एनएसई पर एफपीओ के बाद वोडाफोन आइडिया के इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग के बाद आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, वोडाफोन-आइडिया की इस मुकाम तक की यात्रा में सरकार का पथप्रदर्शक सुधार पैकेज महत्वपूर्ण साबित हुआ है। इसने पूरे सेक्टर को बदल दिया है। बिड़ला ने कहा, मैं पीएम मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को उनके नेतृत्व और तुलनात्मक रूप से तीन-खिलाड़ियों वाले बाजार को संरक्षित करने के लिए उनकी स्पष्ट प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देता हूं।

# सिंगापुर-हांगकांग को भेजे जाने वाले मसालों का होगा परीक्षण, मसाला बोर्ड ने वापस बुलाई खेप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमडीएच, एवरेस्ट उत्पादों पर प्रतिबंध के मामले में मसाला बोर्ड सिंगापुर, हांगकांग को भेजे जाने वाले माल के अनिवार्य परीक्षण पर विचार कर रहा है




एमडीएच और एवरेस्ट जैसे भारतीय ब्रांड के मसालों को गुणवत्ता संबंधी परेशानियों के कारण सिंगापुर और हांगकांग में प्रतिबंध का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में मसाला बोर्ड ने बुधवार को कहा कि वह इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली ऐसी खेपों का परीक्षण शुरू करेगा। बोर्ड ने यह भी कहा कि वह मूल कारण का पता लगाने और सुधार के उपाय सुझाने के लिए उन निर्यातकों के साथ काम कर रहा है, जिनकी खेप वापस बुला ली गई है। इसके साथ ही नियामक मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्यातक सुविधाओं पर गहन निरीक्षण चल रहा है। मसाला बोर्ड द्वारा सिंगापुर और हांगकांग के लिए जाने वाली मसाला खेपों का अनिवार्य परीक्षण शुरू करने के लिए सिस्टम तैयार किया है। बताया गया है कि बोर्ड उन निर्यातकों के साथ काम कर रहा है जिनकी खेप वापस बुला ली गई है। इस तरह समस्या के मूल कारणों का पता लगाया जा सकेगा। बोर्ड द्वारा इन मसालों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाया जा रहा है। बताया गया है कि खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखते हुए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दुनिया के सबसे बड़े मसालों के उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत द्वारा पहले ही सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से विवरण मांगा गया है। बता दें कि सिंगापुर और हांगकांग द्वारा गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने सिंगापुर और हांगकांग स्थित भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है।

## टेसला भारत में जल्द लगा सकती है कारखाना, मैक्सिको में भी बराबर कीमत वाली इलेक्ट्रिक कार बनाने की योजना




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली प्रमुख अमेरिकी कंपनी टेस्ला जल्द ही भारत में अपना कारखाना स्थापित कर सकती है। कंपनी ने भारत और मैक्सिको में 25,000 डॉलर कीमत वाली अपनी किफायती इलेक्ट्रिक कार बनाने की योजना बनाई है जो 2025 में अथवा उसके बाद कभी भी साकार हो सकती है। टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने घोषणा की है कि कंपनी नए कारखानों में निवेश करने से पहले नए एवं किफायती मॉडलों का उत्पादन अपने मौजूदा कारखानों में करेगी ताकि उनकी पूरी क्षमता का उपयोग किया जा सके। कंपनी अमेरिका के टैक्सस एवं फ्रेमोंट, जर्मनी के बर्लिन और चीन के शांघाई में अपने कारखानों का संचालन करती है। टेस्ला कैलेंडर वर्ष 2023 के अंत तक सालाना 18 लाख वाहनों का उत्पादन कर रही थी। मगर उसकी वैश्विक उत्पादन क्षमता सालाना 30 लाख वाहनों की है। मस्क ने मंगलवार को निवेशकों से बातचीत में कहा कि कंपनी को उत्पादन में 2023 के मुकाबले 50 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है। इसका मतलब साफ है कि 2024 के अंत तक वह अपनी अधिकांश क्षमता का उपयोग करेगी।

यह समय-सीमा सरकार की नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति के बिल्कुल अनुरूप है। इसके तहत भारत में तीन साल के भीतर विनिर्माण कारखाना स्थापित करना अनिवार्य है जिसे 2027 तक बढ़ाया जा सकता है। यह टेस्ला की उस रणनीति के भी अनुरूप है जिसके तहत उसने 2025 के मध्य से नए मॉडलों को बाजार में उतारने की घोषणा की है। मस्क ने निवेशकों से बातचीत में कहा कि नए वाहनों में अधिक किफायती मॉडल भी शामिल हैं।

## सोने के वायदा भाव गिरकर 71 हजार रुपए से नीचे, चांदी भी फिसली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार की तेजी के बाद सोने चांदी के वायदा भाव में आज नरमी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 70,650 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,700 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।

### सोने के वायदा भाव सुस्त

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 272 रुपए की गिरावट के साथ 70,778 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 386 रुपए की गिरावट के साथ 70,664 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 70,778 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 70,650 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 73,958 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

MCX पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 174 रुपए की गिरावट के साथ 82,060 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 527 रुपए की गिरावट के साथ 81,707 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 82,060 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 81,501 रुपए के भाव निचला स्तर छू लिया। इस महीने चांदी के वायदा ने 86,126 रुपए किलो के भाव पर उच्चतम स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज सुस्ती के साथ हुई। Come& पर सोना 2,327.39 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,338.40 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 7.30 डॉलर की गिरावट के साथ 2,331.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। Come& पर चांदी के वायदा भाव 27.18 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 27.34 डॉलर था।

## सेजल ग्लास लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24 की कुल आय में 253 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** सेजल ग्लास लिमिटेड एक अग्रणी आर्किटेक्चरल ग्लास निर्माता, ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के ऑडिटेड परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए सेजल ग्लास लिमिटेड के प्रमोटर, श्री अमृत गड़ा ने कहा , हम टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यूहात्मक निवेश द्वारा चालित वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के अपवादात्मक परिणामों की घोषणा कर रोमांचित है. हमारे मजबूत ग्राहक आधार के अलावा हमारी ग्रोथ और इनोवेशन के प्रति दृढ प्रतिबद्धता बाजार की विभिन्न जरूरत को पूरा करते हुए एवरीथिंग इन ग्लास प्रदान करने के लिए हमें गो-टू प्रोवाइड के रूप में स्थापित करती है. वर्ष के दौरान मेसर्स सेजल ग्लास एंड ग्लास मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स एलएलसी, यूएई में 99.01 प्रतिशत हिस्से का अधिग्रहण ना सिर्फ हमारी ग्लोबल उपस्थित बढ़ता है

## डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीपी कानूनगो की सेवानिवृत्ति के बाद मई 2021 में शंकर को डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। उससे पहले वे आरबीआई के कार्यकारी निदेशकों में से एक थे। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। इस बाबत अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, केंद्र सरकार ने 03 मई, 2024 से एक वर्ष के लिए टी रबी शंकर को भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में फिर से नियुक्त किया है। बीपी कानूनगो की सेवानिवृत्ति के बाद मई 2021 में शंकर को डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। उससे पहले वे आरबीआई के कार्यकारी निदेशकों में से एक थे। विनिमय दर प्रबंधन, आरक्षित पोर्टफोलियो प्रबंधन, सार्वजनिक ऋण प्रबंधन, मौद्रिक संचालन और विकास, वित्तीय बाजारों का विनियमन और निगरानी, भुगतान प्रणाली और आईटी बुनियादी ढांचे में उनकी विशेषज्ञता है। टी रबी शंकर ने 2005-11 तक सरकारी बांड बाजार और ऋण प्रबंधन के विकास पर आईएमएफ सलाहकार के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने विभिन्न विशेषज्ञ समितियों और कार्य समूहों के अलावा बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आरबीआई का प्रतिनिधित्व किया है।

## भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़ा : यूएनसीटीएडी रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यूएनसीटीएडी की एक रिपोर्ट के अनुसार,भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य शामिल हैं। यूएनसीटीएडी त्रैमासिक बुलेटिन में कहा गया, मौजूदा डॉलर मूल्य के संदर्भ में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ वैश्विक सेवा निर्यात 2023 में 7900 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया। इसमें कहा गया कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में प्रमुख निर्यातकों में भारत, चीन, सिंगापुर, तुर्किये, थाईलैंड, मैक्सिको और सऊदी अरब शामिल हैं। हालांकि, भारत का सेवा आयात पिछले साल 0.4 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। भारत के सेवा निर्यात पर टिप्पणी करते हुए एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि आईटी तथा आईटी-सक्षम सेवाओं और यात्रा का निर्यात मजबूत हो रहा है।

## एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में पूरे भारत में 2 लाख से अधिक नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं में बारे में जागरूक किया

### बैंक ने पूरे भारत में 16,600 से अधिक साइबर धोखाधड़ी जागरूकता वर्कशॉप्स आयोजित कीं


**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक, ने अपने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान में पूरे भारत में सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की एक पूरी सीरीज़ का आयोजन किया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर 16,600 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की और इनमें 2,00,224 से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया।



इन कार्यशालाओं का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज के छात्रों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। इन इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रक्रियाओं पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई जिससे वे भविष्य में अपने आप को साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचाने में सक्षम होंगे। कार्यशालाओं में वास्तविक और रोजमर्रा के जीवन के उदाहरण, कहानियां और वीडियो शामिल थे, जिससे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरीकों को समझने में मदद मिली और इस तरह की धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के टिप्स भी मिले। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है। इस पूरे अभियान के बारे में बात करते हुए श्री मनीष अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट-क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल - एचडीएफसी बैंक ने कहा कि साइबर अपराध व्यक्तियों और संगठनों के लिए समान रूप से एक गंभीर खतरा है। जागरूकता की कमी के कारण लोग ऐसे साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। इसलिए, सभी आम लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना आवश्यक है ताकि वे गोपनीय बैंकिंग डेटा किसी के साथ साझा न करें या नॉन-वेरिफाई लिंक पर क्लिक न करें। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तौर-तरीकों और सुरक्षित बैंकिंग प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करना है जिनका उन्हें पालन करने की आवश्यकता है ताकि वे इस तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार न बनें।

## बाइडेन ने कैपिटल गेन टैक्स में 45 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का रखा प्रस्ताव, 1922 के बाद से सबसे अधिक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शताब्दी के सबसे अधिक कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। इसके अनुसार बाइडेन ने कैपिटल गेन टैक्स लगभग 44.6 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जो 1922 के बाद से सबसे अधिक है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, आय संतुलन बनाने के लिए पूंजीगत लाभ कर वाले इस प्रस्ताव को 2025 वित्तीय वर्ष के लिए बाइडेन के बजट प्रस्ताव में जोड़ा गया है। प्रशासन के वित्तीय वर्ष 2025 के राजस्व प्रस्तावों के फुटनोट में इसे खास तौर पर इंगित किया गया है।



बाइडेन के इस फैसले को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जैसे नेताओं द्वारा टैक्स में बढ़ोतरी की वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा का माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य बढ़ते राष्ट्रीय कर्ज से निपटना है। हालांकि आलोचकों ने चेतावनी दी है कि इसका उल्टा असर हो सकता है। अमेरिका के राजस्व प्रस्तावों में शामिल एक अलग प्रस्ताव में सबसे पहले सामान्य दर को बढ़ाकर 39.6 प्रतिशत करने का फैसला शामिल है ।

इसी तरह एक अन्य प्रस्ताव में नेट इनकम टैक्स को 1.2 प्रतिशत बढ़ाकर 400,000 करने की भी योजना है। ये प्रस्ताव लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन और योग्य लाभांश पर शीर्ष सीमांत दर को 44.6 प्रतिशत तक बढ़ा देंगे। एक अन्य प्रस्ताव में करदाताओं के लिए लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन और योग्य लाभांश दरों को 37त्न तक बढ़ाने की योजना शामिल है।

# भारतपे ने भारतपे वन लॉन्च किया

### भारत का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट डिवाइस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिनटेक उद्योग में भारत के अग्रणी भारतपे ने आज भारतपे वन के लॉन्च की घोषणा की, जो भारत का पहला ऑल-इन-वन पेमेंट उत्पाद है जो पीओएस, क्यूआर और स्पीकर को एक डिवाइस में इंटीग्रेट करता है। यह नया उत्पाद व्यापारियों के लिए लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो डेबिट और क्रेडिट कार्ड की एक विस्तृत श्रृंखला में गतिशील और स्थिर क्यूआर कोड, टैप-एंड-पे और पारंपरिक कार्ड भुगतान विकल्पों सहित बहुमुखी पेमेंट स्वीकृति विकल्प प्रदान करता है। कंपनी की योजना पहले चरण में 100+ शहरों में उत्पाद लॉन्च करने की है। अगले 6 महीनों के दौरान इसे 450+ शहरों तक बढ़ाया जाएगा।

रियल टाइम लेनदेन अपडेट और तुरंत वॉयस भुगतान पुष्टि के साथ, भारतपे वन खुदरा दुकानों पर भुगतान अनुभव को अगले स्तर पर ले जाएगा। यह व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए एक आसान और परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करता है। हाई-डेफिनिशन टचस्क्रीन डिस्प्ले, 4जी और वाई-फाई कनेक्टिविटी से लैस और नवीनतम एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा संचालित, भारतपे वन बेहतर प्रदर्शन और सुरक्षा प्रदान करता है। यूजर्स के अनुकूल इंटरफेस, पोर्टेबल डिज़ाइन और व्यापक लेनदेन डैशबोर्ड के साथ, भारतपे वन ऑफ़लाइन व्यापारियों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करता है।




भारतपे के सीईओ नलिन नेगी ने कहा, ''भारतपे वन के साथ, हम एक और डिसरप्टिव उत्पाद लेकर आए हैं जो डिजिटल भुगतान के नजरिये को बदल देगा। देश भर के लाखों ऑफ़लाइन व्यापारियों के लिए दक्षता और सुविधा बढ़ाएगा। कई फंक्शनालिटी को एक लागत प्रभावी उपकरण में जोड़कर, हम विभिन्न क्षेत्रों में छोटे और मध्यम व्यवसायों की विभिन्न जरूरतों के अनुरूप एक व्यापक समाधान प्रदान कर रहे हैं। भारतपे एक मर्चेंट-प्रथम कंपनी है और यह अत्याधुनिक डिवाइस ऑफ़लाइन व्यापारियों के लिए एक पसंदीदा भागीदार बनने, मूल्य प्रदान करने और उनके व्यापार विकास को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।'' भारतपे के मुख्य बिजनेस अधिकारी-पीओएस सॉल्यूशंस, रिजीश राघवन ने कहा, भारतपे वन को हमारे व्यापारी भागीदारों को एकीकृत और निर्बाध भुगतान अनुभव प्रदान करने के लिए 'वन-स्टॉप डिवाइस' के रूप में डिजाइन किया गया है। मुझे विश्वास है कि भारत का यह पहला ऑल-इन-वन पेमेंट डिवाइस व्यापारियों को एक बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने में मदद करेगा, जिससे ग्राहकों की खुशी सुनिश्चित होगी। पायलट चरण में हमें अपने व्यापारियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और हमारा मानना ??है कि यह डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम के लिए एक और गेम चेंजर साबित होगा, जो फिनटेक उद्योग में अग्रणी के रूप में हमारी स्थिति को और मजबूत करेगा।

# वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने अख्तर खत्री को नियुक्त किया डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी

**वड़ोदरा एजेंसी।** भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले प्रमुख निर्माताओं में से एक वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने श्री अख्तर खत्री को डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) नियुक्त करने की घोषणा की है। 25 सालों के गौरवशाली करियर के साथ श्री खत्री के पास बैंकिंग, फाइनैंस, सेल्स एवं मार्केटिंग में गहन अनुभव है, जो निश्चित रूप से इस नई भूमिका के लिए बेहद कारगर होगा। डायरेक्टर सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) के रूप में श्री खत्री दोपहिया/तिपहिया/चार पहिया कारोबार के लिए सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी को संभालेंगे, साथ ही इंटरनेशनल मार्केट का भी नेतृत्व करेंगे। वे कारोबार के लक्ष्यों के अनुरूप सेल्स बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाएंगे। वे इंस्टीट्यूशनल सेल्स और कॉर्पोरेट कारोबार का भी नेतृत्व करेंगे। वे कंपनी के प्राथमिक दृष्टिकोण के मद्देनज़र वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स की सेल्स को नई उंचाईयों तक पहुंचाने में योगदान देंगे। उनका सक्रिय दृष्टिकोण और व्यापक कौशल बाज़ार के अवसरों का लाभ उठाने में कारगर साति होगा और स्थायी परिवहन समाधानों में लीडर के रूप में वार्डविज़र्ड की स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगा।



इस नियुक्ति पर बात करते हुए श्री यतिन गुप्ते, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, ''वार्डविज़र्ड इनोवेशन के परिवार में श्री अख्तर खत्री का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका ट्रैक रिकॉर्ड और कौशल हमारी लीडरशिप टीम में एक महत्वपूर्ण एडीशन है। हमें विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में हम इनोवेट करना, मार्केट में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाना और उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान जारी रखेंगे।''

इस नई भूमिका पर उत्साह व्यक्त करते हुए श्री अख्तर खत्री, डायरेक्टर-सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स), वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, ''वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड में डायरेक्टर- सेल्स एण्ड स्ट्रैटेजी (डोमेस्टिक एण्ड इंटरनेशनल सेल्स) के रूप में नियुक्त किया जाना मेरे लिए बेहद खुशी और सम्मान की बात है। इलेक्ट्रिक परिवहन समाधानों के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता मेरे व्यक्तिगत एवं पेशेवर मूल्यों के अनुरूप है। मुझे विश्वास है कि वार्डविज़र्ड की प्रतिभाशाली टीम के साथ मिलकर हम स्थायी विकास को बढ़ावा देंगे और समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर सकेंगे।'' श्री खत्री मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनैंस लिमिटेड से वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स में शामिल हुए हैं, जहां वे चीफ़ फाइनैंस ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे। मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनैंस लिमिटेड से पहले उन्होंने कई मुख्य भूमिकाओं में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं जैसे एक्सिस बैंक लिमिटेड में एनआरआई बिज़नेस हैड, बजाज आलियान्ज़ लाईफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड में सीनियर डिविज़नल मैनेजर।

# World cup: पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें फाइनल में, बोम्मदेवरा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में किया सुधार





**शंघाई, एजेंसी।**
भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया।

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।


### पुरुष टीम का फाइनल में नीदरलैंड से सामना

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी, लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

### महिला टीम की भिड़ंत इटली से होगी

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए।

# उसैन बोल्ट आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेसडर बने



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ओलिंपिक लिजेंड उसैन बोल्ट को आगामी आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। टी-20 वर्ल्ड जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। 11 बार के वर्ल्ड चैंपियन बोल्ट वेस्टइंडिज के जमैका से हैं। उन्होंने 2017 में लंदन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने आखिरी टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था।

बोल्ट ने कहा, मैं आगामी टी-20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर बनकर रोमांचित हूं। इस खेल ने हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखा है, और मैं वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और वर्ल्ड लेवल पर क्रिकेट के डेवलपमेंट में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि मैं निश्चित रूप से वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस गेम को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट मार्केट है और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए हम जो करेंगे, वह 2028 में रु ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका है।

बोल्ट ने 100 मीटर रेस 9.58 सेकंड और 200 मीटर रेस 19.19 सेकंड में पूरी की थी। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। बोल्ट ने 3 ओलिंपिक में 8 गोल्ड जीते थे। इनमें से 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 2, जबकि 2012 लंदन ओलिंपिक और 2016 रियो ओलिंपिक में 3-3 गोल्ड जीते थे।

जमैका में जन्मे बोल्ट बोल्ट ने अपना बचपन भाई के साथ गली में क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर बिताया। 12 साल की उम्र तक उन्होंने यह तो सोच लिया था कि खेल में ही करियर बनाना है, लेकिन किस खेल में बनाना है, यह तय नहीं कर पा रहे थे।

## आईपीएल 2024

# डीसी के खिलाड़ी पर बीसीसीआई का एक्शन



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दार पर बुधवार 24 अप्रैल, बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान अत्यधिक जश्न मनाने के लिए जुर्माना लगाया गया है। डीसी ने आखिरी ओवर के रोमांचक मुकाबले में 4 रन से जीत दर्ज की और अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखा। डीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 224 रन बनाए थे, इस स्कोर के सामने जीटी निर्धारित 20 ओवर में 220 ही रन बना सकती थी।

रसिख ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। इसमें ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करना शामिल है जो अपमान करते हैं या जो किसी अन्य खिलाड़ी की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकते हैं।

आईपीएल की प्रेस रिलीज के अनुसार दार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। रसिख सलाम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार गेंदबाज की थी, 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 44 रन खर्च कर साई सुदर्शन, शाहरुख खान और साई किशोर के रूप में तीन बड़ी विकेट चटकाई थी। बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने कप्तान ऋषभ पंत की 88 रनों की नाबाद पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 224 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवर में 220 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब रही। जीटी की ओर से साई सुदर्शन ने 65 तो डेविड मिलर ने 55 रनों की पारी जरूर खेली, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करा पाए। दिल्ली के लिए रसिख दार सलाम ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए।

# पंत को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए: संजय मांजरेकर





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि ऋषभ पंत वो काम कर सकते हैं जो ज्यादातर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं कर सकते और इसलिए उन्हें टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 44 रन की पारी खेलने के बाद पंत ने बुधवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 204.6 के स्ट्राइक रेट से आठ छक्के और पांच चौके लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी 43 गेंदों में 88 रन की पारी ने डीसी को गुजरात के खिलाफ 4 विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया।

जब पंत ने अक्षर पटेल के साथ हाथ मिलाया तो डीसी 3 विकेट पर 44 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेंदों में 113 रन जोड़े। संजय मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, ÷हम जिस कारण से इस पर बहस कर रहे हैं उसका एकमात्र कारण हमारे पास मौजूद विकल्प है। एक विकल्प के रूप में संजू सैमसन और केएल राहुल हैं, दोनों बहुत ही रोमांचक हैं लेकिन बात ऋषभ पंत की है और यही कारण है कि मैं 15 में, प्लेइंग 11 में भी हर समय उनका समर्थन करूंगा, बड़े मंच पर आएं, सेमी- टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल, यह वह व्यक्ति है जो 60 गेंदों में शतक लगाएगा और मैच जीतेगा।

उन्होंने कहा, अब यह कुछ ऐसा नहीं है जिसे भारतीय टीम में बहुत से लोग करेंगे। हमने देखा है कि भारतीय टीम फाइनल राउंड में पहुंची और बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, ऋषभ पंत स्वभाव से एक अलग तरह के स्थान पर हैं जहां आप जानते हैं कि इस तरह का मंच, उन्हें और अधिक फलने-फूलने की अनुमति देता है। वह उस तरह की स्थिति में आराम करते हैं।

यह पंत का 2024 आईपीएल सीज़न का सर्वोच्च स्कोर था क्योंकि उन्होंने पहले ही नौ मैचों में 48.86 की औसत के साथ तीन अर्धशतक सहित 342 रन बनाए हैं। उनकी 88 रनों की तूफानी नाबाद पारी ने टी20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान की लड़ाई में स्टार बल्लेबाज का पक्ष लिया है। भारत के एक अन्य पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने पंत के प्लेइंग इलेवन में शामिल होने को लेकर आश्वस्त थे और कहा, ÷वह मेरे प्लेइंग 11 में हैं। आज से पहले, मुझे लगता है कि हमने खेल से पहले भी यह बातचीत की थी और मैंने बिना किसी संदेह के कहा था कि ऋषभ पंत मेरी प्लेइंग 11 में आता है। दीप दासगुप्ता ने कहा, डेढ़ साल पहले जो कुछ हुआ उसके बाद आईपीएल शुरू होने से पहले एकमात्र संदेह उनकी फिटनेस का स्तर था। वह किस प्रकार की शारीरिक स्थिति में है और यदि वह फिट है जैसा कि वह है, तो वह फिट से भी बेहतर है। दरअसल, आप जानते हैं कि मैं उनसे क्या बातें कर रहा था. पिछले चार या पांच महीनों में उसका वजन छह किलो कम हो गया है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। तो हाँ, आइए बात करते हैं ऋषभ पंत के बारे में। मेरा मतलब है कि वह अधिक फिट है, वह तेज है, वह बेहतर बल्लेबाजी कर रहा है। बिना किसी संदेह के, जहां तक मेरा सवाल है, मुझे लगता है कि यह कोई बहस ही नहीं है। 15, हाँ, वह वहाँ है। 1 मई को आईसीसी की सबमिशन की समय सीमा भाग लेने वाली टीमों को 25 मई तक अपने प्रारंभिक चयन में बदलाव करने की अनुमति देती है।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025

# पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम? अब हो गया पक्का! चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले फंसा पेच

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 2025 में होना है, लेकिन भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए वहां जाएगी या नहीं इस पर कोई अधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है. इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया वहां खेलने नहीं जाएगी. भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाती है तो क्या होगा.



इस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान दिया है. एक सूत्र ने कहा, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आधिकारिक तौर पर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करता है तो विकल्पों पर विचार करेगा. दरअसल, हाल में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें ऐसा कहा गया था कि भारत अगले साल पड़ोसी देश में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा. सूत्र ने बताया, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के साथ तटस्थ स्थान पर द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है, अगर भारत अगले साल पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए सहमत हो . इस सूत्र ने कहा, रोहित शर्मा के बयान और बीसीसीआई के सूत्र पर आधारित रिपोर्ट पर स्पष्ट विरोधाभास है.

इससे साफ पता चलता है कि अगर बात क्रिकेट की हो तो खिलाड़ी इच्छुक हैं और उन्हें घरेलू मैदानों पर एक-दूसरे के साथ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन भारत का राजनीतिक नेतृत्व है, जो ऐसा नहीं करना चाहता है.

## आईपीएल:2024

# मोहित ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2024 के 40वें मैच में गुजरात टाइटंस को 4 रन से हराया। अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 224 रन बनाए। जवाब में गुजरात 20 ओवर में 8 विकेट पर 220 रन ही बना सकी। जीटी के खिलाफ पहली बार किसी टीम ने इतना बड़ा स्कोर बनाया। डीसी के कप्तान ऋषभ पंत ने 43 बॉल पर 88 रन बनाए। इसमें से उन्होंने 28 रन आखिरी ओवर में मोहित शर्मा के खिलाफ 4 बॉल में स्कोर किए। शर्मा ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका।

### मोहित शर्मा ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका

मोहित शर्मा ने आईपीएल का सबसे महंगा स्पेल फेंका। उन्होंने 4 ओवर में कुल 73 रन दिए, इसमें से 31 रन उनके आखिरी ओवर से आए। मोहित ने एसआरएच के लिए खेल चुके बसिल थंपी का रिकॉर्ड तोड़ा। साल 2018 में एसआरएच प्लेयर थंपी के खिलाफ आरसीबी के बैटर्स ने 70 रन बनाए थे।



**IPL में सबसे महंगे बॉलर्स**

| बॉलर | विकेट रन (ओवर) | टीम | कब |
|---|---|---|---|
| मोहित शर्मा | 0/73 | GT vs DC | 2024 |
| बसिल थंपी | 0/70 (4) | SRH vsRCB | 2018 |
| यश दयाल | 0/69 (4) | GT vs KKR | 2023 |
| रीस टॉपली | 1/68 | RCB vs SRH | 2024 |
| इशांत शर्मा | 0/66 (4) | SRH vs CSK | 2013 |
| मुजीब उर रहमान | 0/66 (4) | PBKS vs SRH | 2019 |

## Candidates Chess:

# गुकेश का स्वदेश लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

**चेन्नई, एजेंसी।**
भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीतकर गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। गुकेश टोरंटो में हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश गुरुवार देर रात चेन्नई पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर भारी संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया।



### गुकेश की एक झलक पाने को बेताब दिखे फैंस

वेलामल विद्यालय जहां गुकेश पढ़ते हैं वहां के सैकड़ों छात्र एयरपोर्ट पर करीब एक घंटे तक उनका इंतजार करते रहे। इसके अलावा जैसे-जैसे गुकेश की फ्लाइट लैंड होने का समय नजदीक आता गया वैसे-वैसे एयरपोर्ट पर फैंस की भीड़ बढ़ती चली गई। यह युवा शतरंज खिलाड़ी करीब तीन बजे एयरपोर्ट से बाहर आया और उन्हें तुरंत वहां मौजूद फैंस ने घेर लिया। फैंस ने गुकेश को माला पहनाई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ी। गुकेश की मां पदमा जो एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं वह भी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गुकेश का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थीं।

# एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत को चार मेडल: दीपांशु ने जीता गोल्ड

**दुबई, एजेंसी।**
दुबई में बुधवार से शुरू हुए अंडर-20 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों ने पहले दिन एक गोल्ड सहित कुल चार मेडल जीते। जेवलिन में गोल्ड और सिल्वर भारतीय एथलीटों ने झटके, वहीं 1500 मीटर और डिस्कस थ्रो में भी भारत को सिल्वर मेडल मिले। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 24 से 27 अप्रैल तक है। भारत से 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। यह चैंपियनशिप पेरू के लीमा में 27-31 अगस्त को होने वाली वर्ल्ड अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का क्वालिफाइंग भी है।

बुधवार को पहले दिन दीपांशु ने 70.29 मीटर जेवलिन थ्रो कर भारत को पहला गोल्ड दिलाया। वहीं इस इवेंट 70.23 के साथ यूपी के रोहन यादव दूसरे स्थान पर रहे। यूपी के ही प्रियांशु ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में 3÷50.85 सेकेंड के साथ सिल्वर जीता। जबकि कतर के एतौलगाजी ने गोल्ड जीता।

वहीं डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने पहला थ्रो 49.97 मीटर फेंका। दूसरे प्रयास में उन्हें कोई अंक नहीं मिला। वहीं उन्होंने तीसरे चांस में 52.23 मीटर फेंक कर मेडल की दावेदारी प्रस्तुत किया। चौथे प्रयास में फिर से उन्हें कोई अंक नहीं मिला, जबकि पांचवां चांस में 50.35 मीटर था और उनका अंतिम और छठा प्रयास 53.01 मीटर था।

कतर के जिब्राइन एडौम अहमत को गोल्ड मिला। उन्होंने 54.80 मीटर का थ्रो फेंका था। सऊदी अरब के हसन मुबारक अलहसाई ने 50.41 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने 52.23 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता। डिस्कस थ्रोअर रितिक राठी ने 52.23 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता।



### लक्षिता, तन्वी और विनोद सैंडलिया 800 मीटर फाइनल में भिड़ेंगे

वहीं बुधवार को 800 मीटर के हीट इवेंट में महिला एथलीट लक्षिता और तन्वी के साथ के साथ पुरुष एथजलीट विरोद सैंडिलया फाइनल में पहुंच गए हैं।

बुधवार को 800 मीटर हीट में लक्षिता 2÷09.39 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि तन्वी मलिक 2÷12.82 के समय के साथ अपनी हीट में चौथे स्थान पर रहीं।

### अनुष्का और संगीता, अमन चौधरी 400 मीटर में मेडल की होड़ में शामिल

400 मीटर दौड़ में अनुष्का दत्तात्रेय कुंभार और एसएआई संगीता डोडला फाइनल में पहुंच कर मेडल की उम्मीद को बरकरार रखा है। अनुष्का दत्तात्रेय कुंभार 400 मीटर हीट में पहले स्थान पर रहीं। उन्होंने 55.75 सेकेंड का समय निकाला।

संगीता डोडला ने 56.21 सेकेंड का समय लेकर अपनी हीट में दूसरा स्थान हासिल किया और पोडियम की दौड़ में बनी हुई हैं। पुरुषों की 400 मीटर हीट में अमन चौधरी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए मेडल राउंड में प्रवेश किया। उन्होंने अपनी हीट में शीर्ष पर पहुंचने के लिए 48 सेकंड का समय लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 11 साल से जेल में बंद बेटी से मिलने भारत से पहुंचीं मां, हत्या के मामले में मिली है मौत की सजा

**यमन, एजेंसी।** यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार 24 अप्रैल का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं।

### कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल सीक्रेट सर्विस एजेंट की सहयोगियों से मुठभेड़

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल एक सीक्रेट सर्विस एजेंट को मुठभेड़ में शामिल होने के बाद तुरंत हटा दिया गया है। एजेंसी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। एजेंट को कमला हैरिस के विवरण से हटा दिया गया है। वॉशिंगटन डीसी के बाहरी इलाके में ज्वाइंट बेस एंड्रयूज के पास सुबह के नौ बजे के आसपास सीक्रेट सर्विस एजेंट का अन्य एजेंट के साथ मुठभेड़ हो गया। यह मुठभेड़ कमला हैरिस के वहां पहुंचने से पहले हुई। मुठभेड़ में शामिल एजेंट की पहचान फिलहाल अज्ञात है। उन्हें तुरंत उनके कार्यभार से हटा दिया गया है। यूएस सीक्रेट सर्विस के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिएल्मी ने कहा, ÷उप-राष्ट्रपति के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज से प्रस्थान का समर्थन करने वाले अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंट का ऐसा प्रदर्शन उनके सहयोगियों को अच्छा नहीं लगा।
उन्होंने आगे कहा, अमेरिकी सक्रेट सर्विस हमारी कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को बहुत गंभीरता से लेती है। इस दौरान मेडिकल कर्मियों को मौके पर बुलाया गया। इसके कारण कमला हैरिस की यात्रा में किसी प्रकार की देरी नहीं हुई। गुग्लिएल्मी ने बताया कि यह एक चिकित्सा से जुड़ा मामला है, इसलिए विभाग ने इस पर ज्यादा खुलासा नहीं किया है। हालांकि, कमला हैरिस न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो गई, जहां उन्हें एक साक्षात्कार में शामिल होना था।

### भारतीय दूत हरीश जैन ने यूक्रेन के उप विदेश मंत्री एंड्री साइबिहा से मुलाकात की

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन में भारतीय राजदूत हरीश जैन ने मंगलवार को यूक्रेन के नव नियुक्त उप विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा के साथ बैठक की। जैन ने विदेश कार्यालय में उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। इस दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-यूक्रेन के द्विपक्षीय संबंधों पर बात की। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए मुलाकात और बैठक की जानकारी दी।

### वैसाखी मेला देखने पाकिस्तान गए भारतीय सिख तीर्थयात्री की मृत्यु

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान आये एक सिख तीर्थयात्री की सोमवार को दिल का दौरा पड़ने के कारण यहां मृत्यु हो गई। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने यह जानकारी दी। इवैकुई ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि पटियाला निवासी सरदार जांगीर सिंह (67) की सोमवार को दिल का दौर पड़ने के बाद मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को वाघा सीमा पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को सौंप दिया गया। बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए 13 अप्रैल को वाघा सीमा के जरिये यहां पहुंचे लगभग 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री सोमवार को स्वदेश रवाना हो गए।

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**काबुल, एजेंसी ।** अफगानिस्तान के काबुल-जलालाबाद राजमार्ग पर सुरुबी जिले में एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार रात को हुई। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया

# अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पर रूस का वीटो, अमेरिका बोला- इनकी नीयत में खोट



**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
सुलिवन ने कहा कि अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है। प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी। रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बाहरी अंतरिक्ष संधि के प्रस्ताव को वीटो लगाकर रोक दिया। इससे अमेरिका नाराज हो गया है। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूस सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियार को विकसित कर रहा है और इसी वजह से उन्होंने इस प्रस्ताव को वीटो किया। बाहरी अंतरिक्ष संधि के तहत अंतरिक्ष में खतरनाक हथियारों जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, उनकी तैनाती पर रोक लगाने की तैयारी थी। हालांकि रूस के वीटो के कारण अमेरिका की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने एक बयान में कहा किजैसा कि हमने पहले भी नोटिस किया है, रूस, सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियारों को विकसित कर रहा है। हमने सुना है कि राष्ट्रपति पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा है तो रूस ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो क्यों किया। सुलिवन ने कहा कि अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है। प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों की तैनाती से संचार, वैज्ञानिक, मौसमी, कृषि, व्यवसायिक और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवाओं के बाधित होने का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने भी रूस के कदम की आलोचना की और कहा कि रूस ने जिम्मेदारी से मुंह मोड़ा है। उन्होंने कहा कि बेशक, यह पहली बार नहीं है, जब रूस ने वैश्विक हथियार अप्रसार की कोशिशों को विफल किया है। बीते कुछ वर्षों से रूस खतरनाक हथियारों के मुद्दे पर गैर जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा है। यह हथियार नियंत्रण के मुद्दे पर चर्चा से भाग रहा है।

### हिजबुल्ला का इजरायल पर आक्रामक हमला, एक साथ दागे 35 रॉकेट; हवाई हमले के बजने लगे सायरन

**यरुशलम, एजेंसी।**
ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए उत्तरी इजरायल में 35 राकेट दागे हैं। राकेटों हमले से उत्तरी इजरायल के सफेड शहर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बज गए। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। इसके जवाब में इजरायल ने भी दक्षिण लेबनान में हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हवाई हमले किए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी में युद्ध की शुरुआत के एक दिन बाद आठ अक्टूबर, 2023 से इजरायल और हिजबुल्ला के बीच चल रही सीमा पार लड़ाई में यह हिंसा नवीनतम थी। इजरायली सेना ने सोमवार को कहा कि इजरायली रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान में राकेट लांचरों से हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हमला किया। इससे पहले सोमवार को इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के अरजौन और ओडाइसेह गांवों में दो बुनियादी संरचनाओं पर हमला किया था, जहां हिजबुल्ला लड़ाके मौजूद थे। उधर, खान यूनिस के खाली पड़े सबसे बड़े अस्पताल परिसर में 283 लोगों की सामूहिक कब्रें मिलने के दावे को इजरायली सेना ने खारिज कर दिया है। गाजा प्रशासन ने आरोप लगाया गया था कि इन लोगों को इजरायली सैनिकों ने मारकर जमीन के नीचे दबा दिया था।

### अमेरिका में फैल रहा जॉम्बी डियर डिजीज का संक्रमण, वर्जीनिया के पार्क में सफेद पूंछ के दो हिरण पॉजिटिव



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, सीडब्ल्यूडी एक पुरानी और भयानक बीमारी है। यह वायरस जानवरों के दिमाग को खा जाता है, जिस वजह से उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने आगे बताया कि इस बीमारी का न तो कोई इलाज है और न ही कोई टीका। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मामलों के बीच अमेरिका में जॉम्बी डियर डिजीज का केस सामने आया है। पश्चिमी वर्जीनिया के हार्पर्स फेरी नेशनल हिस्टोरिकल पार्क के अंदर दो सफेद पूंछ वाले हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि जिन दो हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है, उनकी मौत हो चुकी है। बता दें कि इस बीमारी को क्रॉनिक वेस्टिंग डिजीज (सीडब्ल्यूडी) के नाम से भी जाना जाता है।

बताया जा रहा है कि एंटिएटम और मोनोकेसी बैटलफील्ड पार्क में रहने वाले हिरणों को सीडब्ल्यूडी से संक्रमित पाया गया है। हार्पर्स फेरी और आसपास के नेशनल पार्क में देशी पौधों और ऐतिहासिक परिदृश्यों को संरक्षित रखने के लिए हिरणों की जनसंख्या को कम किया जा रहा है। पार्क सेवाएं हिरणों की आबादी नियंत्रित करने के लिए समय समय पर कुछ पार्कों में शिकार आयोजित करती है। विज्ञप्ति में बताया गया कि इस साल तक इन पार्कों में परिणाम निगेटिव हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, यह एक पुरानी और भयानक बीमारी है। यह वायरस जानवरों के दिमाग को खा जाता है, जिस वजह से उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने आगे बताया कि इस बीमारी का न तो कोई इलाज है और न ही कोई टीका। यह वायरस जानवरों के साथ बल्कि मनुष्य को भी प्रभावित करता है। इस बीमारी का पता पिछले साल येलोस्टोन नेशनल पार्क में नवंबर में चला था।

# विश्वविद्यालयों में बढ़ते फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों से घबराई सरकार, सैंकड़ों हिरासत में, कई कॉलेज हुए बंद



**वॉशिंगटन , एजेंसी।**
न्यूयॉर्क पुलिस ने तो सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के चलते 21 यूनिवर्सिटीज में कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। अमेरिका के कई विश्वविद्यालय इन दिनों विरोध प्रदर्शनों का केंद्र बने हुए हैं। दरअसल अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन इतने बढ़ गए हैं कि अमेरिकी सरकार भी घबरा गई है। यही वजह है कि सरकार ने कई यूनिवर्सिटीज को बंद करने और ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का आदेश दिया है। विरोध प्रदर्शनों के चलते सैंकड़ों छात्रों को हिरासत में लिया गया है और 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कैलिफोर्निया से लेकर न्यूयॉर्क तक अमेरिका की 21 यूनिवर्सिटीज में बीते कुछ दिनों से फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज परिसर में ही तंबू लगाकर रह रहे हैं। न्यूयॉर्क पुलिस ने तो सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के चलते 21 यूनिवर्सिटीज में कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। वहीं कुछ कॉलेज बंद ही कर दिए गए हैं। अमेरिकी पुलिस ने सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। जिन यूनिवर्सिटीज से छात्रों को हिरासत में लिया गया है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास और यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया आदि शामिल हैं।

### इजरायल का समर्थन करने पर अमेरिका में विरोध-प्रदर्शन तेज, सैकड़ों छात्र गिरफ्तार



**न्यूयॉर्क , एजेंसी।**
मिडिल ईस्ट में गाजा युद्ध को लेकर इजरायल का समर्थन करने के अमेरिका के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों के कैंपस से सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूयॉर्क शहर में आइवी लीग कोलंबिया यूनिवर्सिटी कैंपस में बुधवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जहां 100 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया गया और उनके तम्बू को हटा दिया गया। कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। छात्रों की मांग हैं कि अमेरिका इजरायल के लिए अपना समर्थन बंद कर दे, जो गाजा में हमास के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। गाजा में 30,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, इनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। उनकी यह भी मांग है कि विश्वविद्यालय इजरायल के साथ सारे संबंध तोड़ ले। छात्रों को टेक्सस-ऑस्टिन विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, येल, ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी और दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से गिरफ्तार किया गया है।

कोलंबिया की तरह हार्वर्ड, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-बर्कले सहित दर्जनों विश्वविद्यालयों में विरोध तम्बू शिविर लगाए गए हैं।

अमेरिकी संसद अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कोलंबिया विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने यहूदी छात्रों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट मिनोचे शफीक के इस्तीफे की मांग की, साथ ही यहूदी विरोधी भीड़ पर अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर कब्जा करने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्हें छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। जॉनसन ने धमकी दी कि विरोध को दबाने के लिए नेशनल गार्ड को तैनात किया जा सकता है, और राष्ट्रपति जो बाइडेन से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया।

जब वह पत्रकारों से बात कर रहे थे तो छात्रों ने नारा लगाया, ÷नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन आजाद होगा। विश्वविद्यालय प्रशासक बीच में फंस गए हैं। उन पर दक्षिणपंथियों ने छात्रों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया और वामपंथियों ने उन पर बहुत कठोर होने का आरोप लगाया है। शेफाक, जो लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के प्रमुख थे और मिस्र मूल के हैं, विरोध प्रदर्शन की मौजूदा लहर में पुलिस को बुलाने वाले पहले विश्वविद्यालय प्रमुख हैं, लेकिन जब जॉनसन ने उनके इस्तीफे की मांग की, तो यूनिवर्सिटी फैकल्टी और छात्रों ने उनका विरोध किया। ालांकि, विरोध प्रदर्शन में शामिल कुछ लोग यहूदियों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बना रहे हैं, जिसकी राजनीतिक प्रतिक्रिया हो रही है।

जॉनसन ने कोलंबिया में यहूदी छात्रों से मुलाकात की, उन्होंने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने उनके धर्म के चलते उन्हें धमकी दी थी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल दोनों के झंडे जला दिए और हमास की ओर से तेल अवीव पर हमला करने की धमकी दी। जॉनसन ने कहा, हम अपने कैंपस में इस तरह की नफरत और यहूदी-विरोधी भावना को पनपने नहीं दे सकते।

# पत्नी पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद पीएम ने दिए राजनीति छोड़ने के संकेत, बोले- रुककर सोचने की जरूरत

**मैड्रिड , एजेंसी।**
समाजवादी नेता सांचेज ने बुधवार को कहा कि उनकी पत्नी के खिलाफ लगे आरोप झूठे हैं। हालांकि उन्होंने सोमवार तक अपने सभी सार्वजनिक दायित्वों को निभाने पर रोक लगा दी है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज की पत्नी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इसके बाद पीएम सांचेज ने अपने सभी सरकारी काम रोक दिए हैं और कहा है कि उन्हें रुककर सोचने की जरूरत है। पीएम सांचेज ने संकेत दिए हैं कि वे राजनीति छोड़ भी सकते हैं। पीएम सांचेज की पत्नी बेगोना गोमेज के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू हो गई है।



#### स्पेन के पीएम ने दिए राजनीति छोड़ने के संकेत

समाजवादी नेता सांचेज ने बुधवार को कहा कि उनकी पत्नी के खिलाफ लगे आरोप झूठे हैं। हालांकि उन्होंने सोमवार तक अपने सभी सार्वजनिक दायित्वों को निभाने पर रोक लगा दी है। सोमवार को वह मीडिया के सामने आएंगे और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर कोई बड़ा एलान कर सकते हैं। सांचेज ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %मुझे थोड़ा रुककर सोचने की जरूरत है। मुझे तुरंत इस सवाल का जवाब ढूंढने की जरूरत है कि क्या मुझे सरकार का नेतृत्व जारी रखना चाहिए या फिर इस सम्मान को त्याग देना चाहिए।%

#### यूनियन ने लगाए पीएम की पत्नी पर आरोप

पीएम पेड्रो सांचेज सार्वजनिक जिम्मेदारियां नहीं निभा रहे हैं और जनता की नजरों से भी दूर हैं। पेड्रो सांचेज ने पत्नी गोमेज के खिलाफ मानोस लिमपियास नामक एक यूनियन ने आरोप लगाए हैं। यह यूनियन कानूनी मामलों के प्लेटफॉर्म की तरह भी काम करती है और बिजनेस डील्स को प्रभावित करने में भी इस यूनियन की भूमिका है। इस यूनियन के नेता मिगेल बर्नाड रेमोन हैं, जो कि एक दक्षिणपंथी नेता हैं। स्पेन में कानून है कि भ्रष्टाचार के मामलों में कोई भी मामला दर्ज कर सकता है, भले ही वह भ्रष्टाचार के मामले में सीधे शामिल न हो। आरोपों के बाद गोमेज के खिलाफ लगे आरोपों की जांच शुरू हो गई है। हालांकि इसे लेकर जानकारी नहीं दी गई है। स्पेन के न्याय मंत्री फेलिक्स बोलानोस ने भी गोमेज के खिलाफ लगे आरोपों को गलत बताया है।

# ईरान को तबाह करने के लिए पाकिस्तान दे रहा सेना के हथियार ! इस आतंकी संगठन की कर रहा मदद

**ईरान,, एजेंसी।**
ईरान की खुफिया एजेंसी से आई ऐसी रिपोर्ट कि इस्लामाबाद अब मुश्किल में। पाकिस्तान ने जैश-अल-अदल को दिए सेना में इस्तेमाल होने वाले हथियार। उसी से किए गए ईरान पर हमले। यह आई है बड़ी रिपोर्ट। इस रिपोर्ट के बाद पाकिस्तान और ईरान के रिश्तों में घुल रही मिठास में आने वाली है कड़वाहट।

पाकिस्तान में ईरान के राष्ट्रपति की यात्रा तो हो गई, लेकिन जिस दस अरब डॉलर के व्यापारिक संबंधों की उम्मीद इस्लामाबाद ने तेहरान से लगाई थी उस पर पानी फिर गया। दरअसल ईरान की खुफिया एजेंसियों के दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि जब इस्राइल ने दमिश्क के भीतर उनके दूतावास पर हमला किया, तो पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन-जैश-अल- अदल ने ईरान के कुछ इलाकों में हमले कर उनके सैन्य कर्मियों की हत्या कर दी। चौंकाने वाली रिपोर्ट यह है कि इस हमले में जिन हथियारों का इस्तेमाल हुआ था, वह पाकिस्तान की सेना इस्तेमाल करती है। यही नहीं रिपोर्ट में इस बात का भी



खुलासा हुआ है कि ईरान के खिलाफ पाकिस्तान की सेना के हथियार आतंकी संगठनों को लगातार मुहैया कराए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ईरानी खुफिया एजेंसियों के ऐसे खुलासे से पाकिस्तान और ईरान के बीच 10 अरब डालर तक के व्यापारिक संधि की उम्मीद पर पानी फिर गया है।

ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी तीन दिवसीय पाकिस्तान के दौरे पर थे, जो बुधवार को खत्म हो गया। इस दौरे में पाकिस्तान ने ईरान के साथ अपने व्यापारिक समझौता को बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार और ओपन बॉर्डर की वकालत करते हुए ईरान को रिझाने का नाटक किया। केंद्रीय खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के इस नाटक की पोल तब खुली, जब ईरान की खुफिया एजेंसियों की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट इस यात्रा के दौरान इस्लामाबाद से साझा की गई। दरअसल खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट इस बात की तस्दीक करती है कि पाकिस्तान जिस खुले बॉर्डर से व्यापार की बात कर रहा है, वहां से व्यापार की बजाय आतंकवाद ईरान में भेजा जा रहा है। खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ईरान की खुफिया एजेंसियों और प्रमुख सुरक्षा अधिकारियों ने इस्लामाबाद से जैश-अल-अदल को हथियारों की सप्लाई करने और आतंकवाद समेत हमले करने में मदद करने की पुख्ता रिपोर्ट दी है। सूत्रों के मुताबिक ईरान में हमला करने वाले आतंकी संगठन जैश अल अदल को पाकिस्तान की सेना के अत्याधुनिक हथियार मुहैया कराए जाते हैं। पाकिस्तान को यह कड़ा संदेश तेहरान ने उनकी ही जमीन पर आकर दिया है।

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दरअसल ईरान ने पाकिस्तान को इसकी हकीकत तब बताई, जब उसके ऊपर इस्राइल ने बड़ा हमला किया। इस्राइल ने दमिश्क में जब ईरान के दूतावास पर हमला किया, तो पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों ने ईरान के सिस्तान प्रांत में हमला कर दिया। ईरान की खुफिया एजेंसियों को मिले पुख्ता सुबूतों के मुताबिक यह हमला जैश-अल-अदल की ओर से किया गया था और इस हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार पाकिस्तान की ओर से मुहैया कराए गए थे। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक जिन हथियारों से पाकिस्तान समर्थित जैश-अल-अदल ने सिस्तान में हमला किया, वह पाकिस्तान में ही बनाए जाते हैं। ईरान की खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तानी हथियारों से लैस उन आतंकवादियों की तस्वीरें भी हासिल की हैं, जिसमें हेकलर एंड कोच जी 3 जो पाकिस्तान में बनाए जाते हैं और पाकिस्तान सेना इन हथियारों का इस्तेमाल करती है। पाकिस्तान सेना के ये हथियार आतंकियों से बरामद किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच -65 पर खड़े ट्रक से टकराई कार, नवजात समेत परिवार के 6 लोगों की मौत, ओवर स्पीड ने ले ली जान



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-65) पर गुरुवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक कार के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक नवजात भी था। ओवर स्पीडिंग के कारण यह हादसा हुआ है। चार अन्य घायल भी हुए हैं। घटना सुबह करीब 4.45 बजे कोडाद ब्लॉक के दुगापुरम गांव में हुई। मृतकों की पहचान जेला श्रीकांत, मनिक्यम्मा, चंदर राव, कृष्णा राव, स्वर्णा और लास्या के रूप में की गई, जो खम्मम जिले के बोनाकल मंडल के गोविंदपुरम के मूल निवासी थे। उनकी उम्र का अभी पता नहीं चल पाया है। कोडाद के पुलिस उपाधीक्षक एम श्रीधर रेड्डी ने कहा, घायलों को इलाज के लिए कोडाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वे खतरे से बाहर हैं। रेड्डी के अनुसार, 10 व्यक्तियों का परिवार एक चर्च कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हैदराबाद से विजयवाड़ा तक अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन में यात्रा कर रहा था। डीएसपी ने बताया, जैसे ही वे दुर्गापुरम पहुंचे, उनकी कार 100-110 किमी प्रति घंटे की गति से यात्रा करते हुए सड़क के किनारे खड़ी एक लॉरी से टकरा गई। एक शिशु सहित छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस को संदेह है कि एसयूवी की ओवरस्पीड के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा, ड्राइवर ने स्पष्ट रूप से ट्रक पर ध्यान नहीं दिया, जो खराब होकर सड़क के किनारे खड़ा था। रेड्डी ने कहा, हमने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रहे हैं।

### आदि कैलास यात्रा शुरू होने की आ गई डेट, पीएम मोदी के दर्शन के बाद बढ़ा क्रेज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आदि कैलास यात्रा सड़क मार्ग से इसी माह अंतिम सप्ताह से शुरू हो जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर इसकी तैयारी कर ली गई है। आदि कैलास मार्ग में जमा बर्फ को हटाने में सीमा सड़क संगठन तेजी से जुटा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले साल आदि कैलास दर्शनों के बाद से ही यहां विश्व प्रसिद्ध आदि कैलास यात्रा जाने के लिए भारी संख्या में यात्री आ रहे हैं। प्रशासन की तरफ से सड़क खुलने के तत्काल बाद श्रद्धालुओं को शिवधाम जाने की अनुमति दे दी जाएगी। बतादें कि 10 मई को आदि कैलास मंदिर के कपाट खुलेंगे और वहां पूजा अर्चना शुरू होगी। इससे पहले पर्यटक आदि कैलास पर्वत और ओम पर्वत के दर्शन कर सकेंगे। यात्रा को सुगम बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। पिथौरागढ़। सीमांत के उच्च हिमालयी क्षेत्रों की चोटियां गर्मी में भी बर्फ से लकदक हैं। धारचूला से लेकर मुनस्यारी तक उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ है। मुनस्यारी में अप्रैल के इन 24 दिनों में सात बार बर्फ गिर चुकी है। कई जगह बर्फ एक से दो फीट तक जमा हो चुकी है। नियमित अंतराल में हो रही बर्फबारी के बाद मुनस्यारी में ठंड अभी भी बनी हुई है। मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्र पंचाचूली, राजरम्भा, हसलिंग, छिपलाकेदार, मिलम, लास्पा आदि में ताजा हिमपात हुआ। पिथौरागढ़। आदि कैलास एवं ओम पर्वत के दर्शन करा रही ट्रिप टू टैंपल कंपनी को एक और हेलीकॉप्टर की स्वीकृति मिल गई है। कंपनी के ऑपरेशनल मैनेजर अभिनव ने बताया की 26 अप्रैल से 9 मई तक कंपनी के दो हेलीकॉप्टर पिथौरागढ़ से गुंजी के लिए उड़ेंगे। अब तक 110 यात्रियों ने हेली सेवा से रजिस्ट्रेशन कर लिया है। यहां हेली से यात्रा 15 अप्रैल से प्रारंभ हुई थी। अब तक 34 यात्रियों ने हेली से आदि कैलास व ओम पर्वत के दर्शन किए हैं।

### राहुल गांधी के साथ पूरी भारत जोड़ो यात्रा करने वाले नेता बीजेपी में शामिल, कहा- समाज को बांट रही है कांग्रेस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस को झटके लगाना जारी हैं। खबर है कि अब कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर सुश्रुत गौड़ा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। खास बात है कि गौड़ा ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में भाग लिया था। उन्होंने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बुधवार को गौड़ा ने भाजपा का दामन थामा। खास बात है कि उन्हें हाल ही में कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव बनाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसे लेकर कर्नाटक कांग्रेस के प्रवक्ता एचए वेंकटेश का कहना है कि गौड़ा के जाने से मैसूर में कांग्रेस को खास असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि वह पार्टी में सक्रिय नहीं थे। रिपोर्ट के मुताबिक, गौड़ा ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के विजन से प्रेरित थे। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य लोगों की सेवा करना है और मुझे लगता है कि मेरा सपना पूरा करने के लिए भाजपा सबसे अच्छी पार्टी है। गौड़ा की एंट्री से भाजपा को एक और वोक्कलिगा नेता मिल गया है। उन्होंने कहा, भाजपा में सही लोग हैं, वो सही जगह है और उन लोगों को मौका देने के लिए जानी जाती है जो समाज के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस गंदी तरकीबों से जाति के आधार पर समाज को बांट रही है। भाजपा के चुनाव प्रभारी राधा मोहन दास ने गौड़ा को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम सीएन अश्वथ नारायण भी मौजूद रहे।

# हम चुपचाप हाथ धरे बैठे नहीं रहेंगे, पिद्दी से मुस्लिम देश अजरबैजान ने भारत को क्यों दी गीदड़भभकी?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में ईरान से सटे मुस्लिम देश अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा है कि अगर भारत और फ्रांस ने उसके पड़ोसी और दुश्मन देश आर्मेनिया को हथियारों की सप्लाई की तो वह चुपचाप हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठा रहेगा। अलीयेव ने कहा कि अगर उन्हें लगा कि खतरा बड़ा है तो वो उचित जवाब देंगे। अजरबैजान की तरफ से यह बयान तब आया है, जब भारत और फ्रांस ने आर्मेनिया को हथियार देने पर सहमति जताई है।

**अजरबैजान के राष्ट्रपति ने क्या कहा :** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा, जब फ्रांस, भारत और ग्रीस हमारे खिलाफ आर्मेनिया को हथियार देंगे तो हम चुपचाप नहीं बैठ सकते। हम हाथ पर हाथ धरे बैठे नहीं रह सकते। दरअसल, काकेशस पर्वत माला की तलहटी में बसे इस पिद्दी से देश का पड़ोसी आर्मेनिया से रिश्ते अच्छे नहीं हैं। दोनों देशों के बीच लंबे समय से संघर्ष होता रहा है।

**भारत से क्यों रक्षा डील :** ऐसे में आर्मेनिया ने करीब 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियारों की डील रूस से की थी लेकिन यूक्रेन से जंग लड़ रहा रूस उस ऑर्डर को पूरा करने में विफल रहा। इसके बाद आर्मेनिया ने हथियारों की आपूर्ति के लिए नए साथी की तलाश शुरू की। उसकी खोज भारत पर आकर खत्म हुई। इस बीच, फ्रांस, भारत और ग्रीस ने जहां मिलकर आर्मेनिया की मदद करने का फैसला किया, वहीं दो कट्टर इस्लामिक देश तुर्की और पाकिस्तान ने मजहबी साथ देते हुए अज़रबैजान का पक्ष लिया।

बता दें कि आर्मेनिया ने हाल के वर्षों में अपना रक्षा बजट दोगुना कर दिया है। 2022 में जहां उसका रक्षा पर खर्च 700 से 800 मिलियन डॉलर हुआ करता था, वह अब बढ़कर 2024 में 1.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। यूरिशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, आर्मेनिया की रक्षा और सुरक्षा मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष एंड्रानिक कोचरियन ने हाल ही में भारत का नाम लिए बिना कहा था कि आर्मेनिया द्वारा खरीदे गए नए हथियार ÷बहुत संतोषजनक÷ साबित हुए हैं। आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच विवाद की जड़ दो काकेशियन पड़ोसियों के बीच विवाद की मुख्य जड़, नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र है, जहां लंबे समय से दोनों देशों के बीच संघर्ष होते रहे हैं। यह काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच अंतरमहाद्वीपीय क्षेत्र है। हाल ही में अजरबैजान ने इस विवादित क्षेत्र में एक सैन्य अभियान शुरू किया था, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। इस इलाके को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अज़रबैजान के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है लेकिन इसके निवासी मुख्यतः जातीय रूप से अर्मेनियाई हैं। यानी यहां के लोग आर्मेनिया सरकार का समर्थन करते हैं।

**मेड इन इंडिया हथियारों का मुरीद आर्मेनिया :** अजरबैजान के हमले के बाद अक्टूबर 2023 में, फ्रांस ने आर्मेनिया को सैन्य सहायता का वादा किया था। तब से फ्रांस राजनीतिक स्तर पर ही आर्मेनिया को मदद करता आ रहा था। यूक्रेन युद्ध के बाद कई यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ यूक्रेन का साथ दिया और सैन्य मदद की। ऐसे में आर्मेनिया ने भारत की तरफ सैन्य आयात के लिए हाथ बढ़ाए। इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि आर्मेनिया भारत से ब्रह्मोस मिसाइल और इजरायली तकनीक से भारत में विकसित मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल की खरीद में भी रुचि ले रहा है। बता दें कि अजरबैजान और आर्मेनिया दोनों के साथ भारत के राजनयिक संबंध हैं, जो मध्य एशिया और ईरान के माध्यम से रूस और यूरोप के साथ नई दिल्ली की कनेक्टिविटी के लिए भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। आर्मेनिया कश्मीर पर भारत की स्थिति का समर्थन करता रहा है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के लिए स्थायी सीट का भी समर्थक रहा है। इस बीच, पाकिस्तान के साथ अजरबैजान की निकटता ने आर्मेनिया का पलड़ा नई दिल्ली के पक्ष में और झुका दिया है।अजरबैजान एशिया महाद्वीप का एक देश है जिसकी सीमा रूस, जॉर्जिया, आर्मेनिया और ईरान से लगती है। इस देश के पूर्व की सीमा कैस्पियन सागर से लगती है। उत्तर और पश्चिम का अधिकांश भाग काकेशस पर्वत से ढका हुआ है। इसका कुल क्षेत्रफल 86600 वर्ग किलोमीटर है, जो बिहार और बंगाल से भी कम है, जबकि आबादी एक करोड़ के करीब है।

## पुरुषोत्तम रुपाला की गलती बीजेपी को पड़ेगी भारी? राजपूत समाज इन 10 सीटों पर दम दिखाने को तैयार

**राजकोट, एजेंसी।** क्षत्रिय समाज ने राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला को लेकर भाजपा के खिलाफ आर-पार की



लड़ाई छेड़ दी है। क्षत्रिय समाज 7 मई से पहले गुजरात में चार महासम्मेलन या बड़ी जनसभाएं करेगा, ताकि भाजपा द्वारा राजकोट से रुपाला का टिकट न काटने के फैसले का विरोध किया जा सके। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए आगामी 7 मई को मतदान होगा। क्षत्रिय समुदाय, जिसे राजपूत भी कहा जाता है, हाल में ही एक चुनावी रैली में केंद्रीय मंत्री रुपाला द्वारा दिए गए विवादित बयान कि कई राजपूत शासकों ने ब्रिटिश और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों की मदद की और उनसे रोटी और बेटी के संबंध रखे, को लेकर नाराज है। बता दें कि, रुपाला अपने बयान के लिए माफी भी मांग चुके हैं, लेकिन इससे क्षत्रिय समाज का रोष कम नहीं नहीं हुआ।

**इन सीटों पर राजपूतों का जोर :** राजपूत समन्वय समिति के प्रवक्ता करणसिंह चावड़ा ने बुधवार को राजकोट एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि उनका लक्ष्य कम से कम दस सीटों पर भाजपा को हराना है, जहां राजपूत काफी अधिक संख्या में हैं। राजकोट, सुरेंद्रनगर, जामनगर, भावनगर, कच्छ, बनासकांठा, पाटन, साबरकांठा, मेहसाणा और भरूच में राजपूतों की संख्या काफी अधिक है।

चावड़ा ने कहा, मतदान के दिन से पहले, हम भाजपा उम्मीदवारों की हार सुनिश्चित करने के लिए लोगों तक पहुंचने के लिए अगले महीने चार बड़ी सभाएं आयोजित करेंगे। हम 27 अप्रैल को विसनगर में क्षत्रिय समाज की एक सभा के साथ इसकी शुरुआत करेंगे, उसके बाद 28 अप्रैल को बारडोली में एक सभा करेंगे। 1 मई को आनंद शहर में और 2 मई को जामनगर में सभा करेंगे।

**अन्य समुदायों को भी जोड़ने की कोशिश :** उन्होंने कहा कि जामनगर की सभा के बाद क्षत्रिय समाज राजकोट पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगा और अन्य समुदायों को साथ लेकर रुपाला को हराने की कोशिश करेगा। यह लड़ाई केवल राजपूत महिलाओं के नहीं, बल्कि सभी महिलाओं के आत्मसम्मान के बारे में है। चावड़ा ने कहा कि राजकोट जिले में हमारे सदस्यों ने पहले से ही वार्ड, तालुका और गांव स्तर पर कार्यालय बना लिए हैं और अन्य समुदायों के मतदाताओं को हमारा समर्थन करने के लिए मनाने के लिए छोटी सभाएं आयोजित करना शुरू कर दिया है।

## बसपा प्रत्याशी से इंस्पेक्टर बन ठगी की कोशिश, बच्चों को छोड़ने के बदले मांगी इतनी रकम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एटा में बसपा प्रत्याशी के पास साइबर अपराधी ने इंस्पेक्टर बनकर कॉल की और उनके बच्चे छोड़ने के एवज में रुपये मांगे। कॉल के बाद पहले वह घबरा गए। जानकारी होने के बाद पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद उन्होंने कहा कि वह प्रत्याशी हैं, कुछ लोग छवि को खराब भी करना चाहते हैं। मोहल्ला न्यू रैवाड़ी निवासी मोहम्मद इरफान एटा लोकसभा से बसपा के प्रत्याशी है। बुधवार सुबह दस बजे उनके पास एक कॉल आई। कॉल उठाने पर कॉलर ने अपने-आप को दरोगा उदयभान बताया और उन्हें धमकाने लगा। पीड़ित से अनर्गल बातें करते हुए बच्चों को अपनी कस्टडी में बताया और कहा कि बच्चों को छोड़ दूंगा और भी लोग फंसे हुए है। दूसरे नंबर से कॉल करने की बात कहते हुए कॉल काट दी। दूसरे नंबर से उनके पास व्हाट्सएप कॉल आती है। बताया कि हम चार पुलिस इंस्पेक्टर हैं जो तुम्हारी मदद कर सकते हैं। 15 हजार रुपये के हिसाब से चारों का पैसा एप के माध्यम से तुरंत भेज दीजिए। साइबर अपराधी ने पीड़ित को नंबर दे दिया। पहले तो कुछ देर के लिए घबरा गए। बाद में जानकारी हो गई। बताया कि पीड़ित को साइबर अपराधी ठगना चाहता है। ब्लैकमेल करके अनावश्यक रूप से मेरी छवि खराब करना चाहते हैं।

# हाथरस लोकसभा सीट समीकरण, तीन दशक से भाजपा का दबदबा, सपा-बसपा ने लगाया जोर

**हाथरस, एजेंसी।** हाथरस लोकसभा सीट पर राम मंदिर आंदोलन के बाद से हमेशा भाजपा का ही दबदबा रहा है। 1991 से ही भाजपा का इस सीट पर कब्जा है। केवल 2009 में रालोद के पास यह सीट गई थी। हालांकि उस समय भी रालोद भाजपा के साथ थी। गठबंधन के तहत उसे सीट मिली थी। मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशन लाल दिलेर यहां से लगातार चार बार सांसद रहे हैं। हालांकि इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर को टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह अनूप वाल्मीकि को उतारा गया है। सपा की तरफ से रामपुर मनिहार के प्रभारी जसवीर वाल्मीकि को मौका दिया गया है। बसपा ने हेमबाबू धनगर पर दांव लगाया है। राम मंदिर आंदोलन वाले वर्ष 1991 में भाजपा से डा. लाल बहादुर रावल चुनाव जीते। वर्ष 1996, 1998, 1999 और 2004 में लगातार किशलाल दिलेर चुनाव जीते। वर्ष 2014 में



राजेश दिवाकर और फिर 2019 में राजवीर दिलेर यहां से जीतकर लोकसभा पहुंचे। हाथरस जिले का गठन 3 मई 1997 को अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिले के हिस्सों को मिलाकर किया गया था। मायावती सरकार में जिले का नाम गौतम बुद्ध की माता के नाम पर महामाया रखा गया था। साल 2012 में दोबारा इसे हाथरस कर दिया गया। हाथरस सुरक्षित सीट पर हमेशा ही भाजपा का दबदबा रहा है। अब तक हुए कुल 15 चुनावों में सात बार भाजपा जीती है। 2009 में भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी लोकसभा पहुंची थीं। कांग्रेस के चार बार सांसद हाथरस लोकसभा सीट से बने हैं। दो बार जनता पार्टी और एक बार जनता दल के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। यह सीट मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य क्षेत्र है। कोरी समाज के लोगों का भी इस लोकसभा सीट पर अच्छा खासा प्रभाव है। पिछले चुनावी आंकड़ों के अनुसार यहां पर करीब 17 लाख से अधिक मतदाता हैं। इनमें से करीब 9.6 लाख पुरुष वोटर और 7.8 लाख महिला मतदाता हैं। हाथरस लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें छर्रा, इगलास, हाथरस, सादाबाद और सिकंदरा राऊ आती हैं। चार सीटों पर भाजपा और सादाबाद सीट पर रालोद का कब्जा है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के राजवीर दिलेर ने 6,84,299 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। सपा के राम जी लाल सुमन को 4,24,091 वोट मिले थे। कांग्रेस के त्रिलोकी राम केवल 23,926 वोट हासिल कर सके थे। इससे पहले 2014 में बीजेपी के राजेश कुमार दिवाकर 5,44,277 वोट हासिल कर जीते थे।

# मेरे अंतिम संस्कार में तो आ जाना, दामाद के लिए प्रचार करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे भावुक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने गृहक्षेत्र कलबुर्गी में जनता से भावुक अपील की है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि भले ही वे आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में वोट न करना चाहते हों, लेकिन अगर उन्हें लगता है कि मैंने उनके लिए काम किया है तो कम से कम मेरे अंतिम संस्कार में शामिल हो जाना। जिले के अफजलपुर में एक चुनावी रैली में 81-वर्षीय नेता ने यह भी कहा कि अगर उन्होंने (लोगों ने) कांग्रेस उम्मीदवार को वोट नहीं दिया तो उन्हें लगेगा कि कलबुर्गी में अब उनके लिए कोई जगह नहीं है।

कांग्रेस ने खरगे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि को भाजपा के मौजूदा सांसद उमेश जाधव के खिलाफ कलबुर्गी से मैदान में उतारा है। खरगे ने कहा, अगर आप इस बार (कांग्रेस उम्मीदवार को) अपना वोट देने से चूक गए, तो मैं सोचूंगा कि मेरे लिए यहां कोई जगह नहीं है और मैं आपका दिल



नहीं जीत सका। कांग्रेस नेता ने इस सीट से 2009 और 2014 में चुनाव जीता था लेकिन 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आप हमें (कांग्रेस को) वोट दें या नहीं, लेकिन अगर आपको लगता है कि मैंने कलबुर्गी के लिए काम किया है तो कम से कम मेरे अंतिम संस्कार में जरूर आएं। उन्होंने यह भी कहा कि वह भाजपा और आरएसएस की विचारधारा को हराने के लिए अपनी आखिरी सांस तक राजनीति में बने रहेंगे। खरगे ने जोर देकर कहा, मेरा जन्म राजनीति के लिए हुआ है। मैं चुनाव लड़ूं या नहीं लड़ूं, लेकिन इस देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए अपनी आखिरी सांस तक प्रयास करूंगा। मैं राजनीति से संन्यास नहीं लूंगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति पद से होती है लेकिन किसी को अपने सिद्धांतों से सेवानिवृत्त नहीं होना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं भाजपा और आरएसएस की विचारधारा को हराने के लिए पैदा हुआ हूं, न कि उनके सामने आत्मसमर्पण करने के लिए।

उन्होंने उनके साथ मंच साझा करने वाले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को भी उनके सिद्धांतों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मैं सिद्धरमैया से बार-बार कहता हूं कि आप मुख्यमंत्री या विधायक के रूप में सेवानिवृत्त हो सकते हैं, लेकिन आप तब तक राजनीति से संन्यास नहीं ले सकते जब तक आप भाजपा और आरएसएस की विचारधारा को नहीं हरा देते।

## चंद्रयान-3 क्यों जरूरी था ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन, इसरो चीफ सोमनाथ ने बताई वजह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चंद्रयान-3 मिशन का महत्व सिर्फ अंतरिक्ष अध्ययन तक सीमित नहीं है। बल्कि, यह वैज्ञानिक समुदाय को बढ़ावा देने, इंजीनियरिंग और विज्ञान जैसे व्यापक क्षेत्रों में भागीदारी पर जोर देने तक फैला हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बुधवार को यह बात कही। बीते साल अगस्त में चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर सफल लैंडिंग की थी। सोमनाथ ने यहां मीडिया से बातचीत करते हुए एक वैज्ञानिक पूल विकसित करने के महत्व पर जोर दिया जो न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण को बढ़ावा देता हो बल्कि विविध औद्योगिक अवसरों की भी तलाश करता हो। उन्होंने जोर दिया कि चंद्रयान-3 का महत्व न सिर्फ अंतरिक्ष अनुसंधान बल्कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में दिलचस्पी बढ़ाने, इन क्षेत्रों में चुनौतियों और प्रगति को पेश कर युवा पीढ़ी को आकर्षित करने में है।

उन्होंने कहा कि चंद्रमा मिशन की सफलता ने इंजीनियरिंग, गणित और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के लिए भी रास्ते खोले हैं। उन्होंने कहा, हमें युवा पीढ़ी को आकर्षित करना होगा और उन्हें विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में चुनौतियों और कामकाजी माहौल में सुधार के बारे में अवगत कराना होगा। चंद्रमा मिशन की सफलता से वह उत्साह पैदा हुआ है।

सोमनाथ ने कहा, हम आईटी क्षेत्र में बहुत अच्छी स्थिति में हैं और अग्रणी नियोक्ताओं में से एक बने हुए हैं, और अब हमने इलेक्ट्रॉनिक्स शुरू की है। यदि आप



इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों को देखते हैं, तो हम शीर्ष की ओर नहीं देख रहे हैं। हम प्रणालियों के आपूर्तिकर्ता हैं। लेकिन हार्डवेयर सिस्टम के निर्माता नहीं हैं, धीरे-धीरे यह हो रहा है। उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण से लेकर वैश्विक बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए एक मजबूत विनिर्माण आधार स्थापित करने तक इसरो की बढ़ती भूमिका का जिक्र किया। अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ सहयोग के संबंध में सोमनाथ ने कहा कि इसरो एक संयुक्त उपग्रह निसार बना रहा है। उन्होंने कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन विभिन्न देशों की भागीदारी में तैयार हो रहा है और इसरो इसके लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, जापान, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के साथ गठजोड़ कर रहा है।

# तिहाड़ में भिड़े दो गुट बोली- वहां कई हत्याएं हुई, केजरीवाल के साथ ऐसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं ये लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ ये लोग (भाजपा) खिलवाड़ कर रहे हैं। जब तिहाड़ जेल में एक नहीं कई हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं तो अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं। दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच झड़प हो गई। कैदियों ने एक दूसरे पर सुए से हमला किया, जिसमें चार कैदी घायल हो गए। इस घटना के बाद एक बार फिर आम आदमी पार्टी ने तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा बताया है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ ये लोग (भाजपा) खिलवाड़ कर रहे हैं। जब तिहाड़ जेल में एक नहीं कई हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं तो अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं। 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी रखी जाती है। उनके खिलाफ गहरा षडयंत्र चल रहा है। आप (भाजपा) 23 दिन तक उनके (अरविंद केजरीवाल) जीवन के साथ खिलवाड़ करते रहे। आपने उन्हें इंसुलिन नहीं दिया।



संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के जेल प्रशासन की साजिश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने की है। उनके साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी मुलाकातें किसी खूंखार अपराधियों की तरह शीशे की दीवार खड़ी करके कराई जा रही है। तिहाड़ जेल में पिछले 1-2 वर्षों में कई हत्याएं हो चुकी हैं। ऐसे में अगर वहां सीएम केजरीवाल को कुछ हो जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? अरविंद केजरीवाल जी के साथ जेल में कुछ भी होता है तो ये लोग तो मुंह बनाकर कैमरे पर आ जाएंगे।

आप सांसद ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकार और पार्टियां तोड़कर अपनी सरकार बना ली। इन लोगों ने राज्यों में चुनाव से नहीं बल्कि खरीद-फरोख्त करके सरकार बनाई। इनके उम्मीदवार और नेता कह रहे हैं, 400 सीट दे दो, संविधान बदलना है। इनका मकसद ही देश के संविधान और आरक्षण को खत्म करना है। 2024 का चुनाव अंतिम चुनाव है। इस चुनाव में अगर नरेंद्र मोदी और भाजपा जीतती है तो आगे से देश में चुनाव होंगे ही नहीं। इसकी शुरुआत गुजरात के सूरत से हो चुकी है। अगर ये लोग जीत जाते हैं तो देश में संविधान, आरक्षण और जनता के अधिकार खत्म हो जायेंगे। बाबा साहब के संविधान को खत्म करके आरएसएस के संविधान से देश चलाया जाएगा।

**आपसी झगड़े में चार कैदी हुए घायल :** दिल्ली के तिहाड़ जेल की जेल संख्या 3 कैदियों के दो गुट आपस में भिड़ गए। कैदियों ने झगड़े में सुए का इस्तेमाल किया। झगड़ में चार कैदी घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम की घटना है, जेल नंबर तीन में बाथरूम जाने को लेकर विवाद हुआ था। चार कैदियों ने एक दूसरे पर सुए से हमला किया। घायलों की पहचान भूपेश, दीपक, दिनेश और दीपक के रूप में हुई है। हरीनगर थाना पुलिस ने मामला किया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

सात्विक प्रो० प्रा० लि० कोलकता, पं० बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।